


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791





वर्ष : 3, अंक : 161 रांची, सोमवार, 25 मई, 2026 (ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष 09, संवत 2083) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## शिशु स्वास्थ्य में झारखंड ने भरी उड़ान, मृत्यु दर 29 से घटकर 27 हुई


**ग्रामीण-शहरी अंतर चिंताजनक, शिशु स्वास्थ्य में लैंगिक असमानता भी है मौजूद**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** रजिस्ट्रार जनरल आफ इंडिया द्वारा जारी सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) -2024 की रिपोर्ट में शिशु स्वास्थ्य को लेकर अच्छा परिणाम आया है। राज्य में पिछले वर्ष की तुलना में शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) में कमी आई है जो बताता है कि शिशुओं के पोषण और स्वास्थ्य पर अच्छा काम हुआ है। हालांकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में इसमें असमानता बरकरार है। इसी 20 मई को जारी रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया कि झारखंड में शिशु मृत्यु दर पिछले सर्वे की तुलना में दो पायदान का सुधार हुआ है। राज्य में यह दर 29 से घटकर 27 हो गई है।

शिशु मृत्यु दर प्रति एक हजार जीवित जन्म पर एक वर्ष के भीतर होनेवाली मौत को दशार्ती है। इस रिपोर्ट के नतीजे का एक पहलू यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिशु मृत्यु दर 31 से घटकर 29 ही हुई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह दर 21 से घटकर 18 हुई। इस तरह, ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक शहरी क्षेत्रों में सुधार हुआ है। यह बताता है कि अभी भी केंद्र और राज्य सरकार द्वारा शिशु स्वास्थ्य व पोषण को लेकर संचालित योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने पर अधिक जोर लगाना होगा।




ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की दर में बड़ा अंतर भी है, जो चिंताजनक है। शिशु स्वास्थ्य में लैंगिक असमानता भी है। जैसे, मेल में यह दर 26 ही है जबकि फीमेल में 27 है। राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह दर मेल से अधिक फीमेल में है। शहरी क्षेत्रों में फीमेल शिशुओं की स्थिति काफी अच्छी है। झारखंड में शिशु मृत्यु दर में सुधार की बात करें तो एक दशक में इसमें 27.8 प्रतिशत का सुधार हुआ है। वर्ष 2012-24 में राज्य में शिशु मृत्यु दर का अनुमान 37.4 प्रतिशत लगाया गया था। यह दर अब घटकर 27 हो गई है। हालांकि पूरे देश में एक दशक में इस दर की गिरावट का प्रतिशत 37.4 प्रतिशत रहा। पूरे देश में इस अवधि में यह दर 40.6 से घटकर 25.4 हो गई है।

## संक्षिप्त

### बारामूला में आतंकवादियों के ठिकाने से भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

**बारामूला।** उत्तरी कश्मीर में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। बारामूला जिले के नीलसर कंडी इलाके में संयुक्त अभियान के दौरान आतंकवादियों के संदिग्ध ठिकाने से भारी मात्रा में विस्फोटक गोला-बारूद बरामद किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर बारामूला पुलिस, 52 राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ ने इलाके में संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान दौरान सुरक्षाबलों ने 14 राउंड ओजी-7वी रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) और 9 राउंड पीजी-7पी रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) बरामद किए। इस बरामदगी से एक संभावित खतरे को टाला गया है और यह उत्तरी कश्मीर में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वरिष्ठ अधिकारियों ने संयुक्त बलों के समन्वित प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के अभियान क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने में पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच मजबूत तालमेल को दर्शाते हैं।

### गिरिडीह से 50 लाख रुपये की चांदी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**गिरिडीह।** नगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 50 लाख रुपये की चांदी के साथ दो संदिग्ध लोगों को दबोचा है। रविवार तड़के सुबह इस छापेमारी के दौरान 50 लाख रुपये मूल्य के 19 किलो चांदी बरामद किया गया है। इस दौरान दोनों संदिग्धों को एक बोलेरो गाड़ी के साथ दबोचा गया। हिरासत में लिए गये दोनों आरोपितो से नगर थाना पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। इसमें एक संदिग्ध खुद को महाराष्ट्र और दूसरा हजारीबाग का बताया जा रहा है। दोनों 19 किलो चांदी के चार सिल्ली को गिरिडीह में ही किसी जेवर कारोबारी को उनके डिमांड के अनुसार आपूर्ति करने आए थे। हालांकि दोनों संदिग्धों ने दावा किया है कि उनके पास पूरे कागजात है। लेकिन पुलिस की माने तो दोनों को लेकर कई तरह की बाते सामने आ रही है।

### छत्तीसगढ़ के कांकेर में नक्सली डंप से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के सीमावर्ती जंगलों में सुरक्षाबलों ने सर्चिंग अभियान के दौरान नक्सलियों के छिपाए गए हथिथारों, उपकरणों और विस्फोटक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई आत्मसमर्पित नक्सलियों से मिली खुफिया सूचना के आधार पर की गई। इस दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार, बीजीएल लांचर, विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर, गन पाउडर, नक्सली वर्दियां और नक्सली उपयोग की वस्तुएं बरामद कीं। यह संयुक्त अभियान जिला पुलिस, डीआरजी, बीएसएफ और बीडीएस टीम ने चलाया। कांकेर एसपी निखिल कुमार राखेचा ने बताया कि आज रविवार को थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र में पहला डंप सीमावर्ती क्षेत्र के पल्लाहूर और जपमरका के जंगलों में मिला। इसमें एक कंट्रीमेड बीजीएल लांचर, 25 बीजीएल सेल, चार इम्प्रोवाइज्ड फायर कार्टिज और एक एके-47 व एक एसएलआर के खाली कार्टिज शामिल थे।

## भारत का अमेरिकी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान : रुबियो

### जयशंकर ने अमेरिकी वीजा मुद्दा उठाया तो रुबियो, बोले- भारत नहीं है निशाने पर

**भारत-अमेरिका वार्ता के दौरान रक्षा, सुरक्षा और वैश्विक मुद्दों पर हुई व्यापक चर्चा**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी को नई मजबूती देने के उद्देश्य से रविवार को नई दिल्ली में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच महत्वपूर्ण द्विपक्षीय वार्ता हुई। अमेरिकी विदेश मंत्री के रूप में अपनी पहली भारत यात्रा पर आए रुबियो ने हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। वार्ता में दोनों देशों के बीच रक्षा, सुरक्षा, ऊर्जा, व्यापार और वैश्विक रणनीतिक सहयोग को और मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके साथ ही पश्चिम एशिया, यूक्रेन संघर्ष, भारतीय उपमहाद्वीप, पूर्वी एशिया और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया गया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारतीय नागरिकों को अमेरिकी वीजा मिलने में आ रही कठिनाइयों का मुद्दा उठाया। इसके जवाब में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने स्पष्ट किया कि अमेरिका की नई आव्रजन और वीजा प्रणाली केवल भारत को लक्ष्य बनाकर लागू नहीं की जा रही है, बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए समान रूप से लागू हो रही है।



### लोकतांत्रिक मूल्यों की सराहना

रुबियो ने भारत को अमेरिका का सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक और रणनीतिक साझेदार बताते हुए दोनों देशों के साझा लोकतांत्रिक मूल्यों की सराहना की। वहीं, जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका ने हाल ही में 10-वर्षीय प्रमुख रक्षा भागीदारी ढांचा समझौते को नवीनीकृत किया है और अंडरवाटर डोमेन अवेयरनेस रोडमैप पर भी हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने मेक इन इंडिया पहल के तहत रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने और आधुनिक वैश्विक चुनौतियों के अनुरूप साझेदारी को और मजबूत बनाने पर जोर दिया।

रुबियो ने कहा कि अमेरिका वर्तमान में अपने इमिग्रेशन सिस्टम के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया से गुजर रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में 20 मिलियन से अधिक लोग अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश कर चुके हैं, जिसके चलते व्यवस्था में व्यापक सुधार जरूरी हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का अमेरिकी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है और भारतीय कंपनियों ने अमेरिका में 20 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका दुनिया का सबसे स्वागत करने वाला देश है और हर साल लगभग दस लाख लोगों को स्थायी निवास की अनुमति दी जाती है। उन्होंने अपने परिवार का उदाहरण देते हुए बताया कि उनके माता-पिता 1956 में क्यूबा से अमेरिका आए थे।

## मुख्यमंत्री आज से 11 जून तक करेंगे विभागवार समीक्षा

**वित्तीय वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों और 2026-27 की कार्ययोजना पर विस्तार से होगी चर्चा**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विकास योजनाओं की प्रगति और वर्तमान वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना को लेकर व्यापक स्तर पर समीक्षा करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से अपर मुख्य सचिव वंदना दादेल ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिवों को पत्र जारी किया है। जारी पत्र के अनुसार, मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में 25 मई 2026 से 11 जून 2026 तक विभागवार समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी।

इन बैठकों में वित्तीय वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों और 2026-27 की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा होगी। साथ ही प्रभारी मंत्रियों की उपस्थिति में योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। सरकार ने सभी विभागों को निर्देश दिया है कि अधिकारी निर्धारित तिथि और समय के अनुसार अपनी तैयारियों के साथ बैठक में शामिल हों।

विभागों से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन और योजनाओं की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है। अपर मुख्य सचिव की ओर से जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि सभी विभाग समयबद्ध तरीके से बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। योजनाओं की अद्यतन स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन समीक्षा बैठक के दौरान प्रस्तुत करेंगे। बैठक की कार्यवाही का प्रतिवेदन मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## क्वेटा में शटल ट्रेन पर आत्मघाती हमला, 27 सैन्य अधिकारी मारे गए

**131 से अधिक घायल कई की हालत गंभीर**

**एजेंसी**



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलोचिस्तान की राजधानी क्वेटा में चमन फाटक के पास एक शटल ट्रेन पर हुए आत्मघाती हमले में कम से कम 27 सैन्य अधिकारी मारे गए और 131 से अधिक घायल हो गए। विस्फोट की वजह से ट्रेन की तीन बोगियां पटरी से उतर गईं और दो डिब्बे पलट गए। इस दौरान एक बोगी में आग लग गई। द बलोचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार बकरीद के अवसर पर इस शटल ट्रेन के तीन कोच में पाकिस्तान के सैन्य कर्मी क्वेटा कैंट से क्वेटा रेलवे स्टेशन जा रहे थे। वहां से इसे जाफर एक्सप्रेस से जुड़ना था। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार ट्रेन में 336 यात्री सवार थे। इस घटना में कम से कम 27 सैन्य अधिकारी मारे गए और 131 से अधिक घायल हो गए। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

पुलिस प्रारंभिक जांच में इसे आत्मघाती हमला मान रही है। विस्फोट के बाद वायरल हुए वीडियो में रेलवे ट्रैक के आसपास कई बोगियों से धुआं उठता दिख रहा है। सूचना मिलते ही बचावकर्मी, पुलिस और दमकल कर्मी पहुंचे। पाकिस्तान के रेलमंत्री हनीफ अब्बासी ने घटना की पुष्टि की है। बलोचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है।

### पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का आखिरी किला ढहा

## फलता में भाजपा की एक लाख वोटों से ऐतिहासिक जीत

**एजेंसी**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की फलता विधानसभा सीट पर हुए पुनर्मतदान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बड़ी जीत दर्ज करते हुए तृणमूल कांग्रेस के मजबूत गढ़ को ध्वस्त कर दिया। भाजपा प्रत्याशी देबाशीष पांडा ने एक लाख से अधिक वोटों के भारी अंतर से जीत हासिल की। इस परिणाम को राज्य की राजनीति में बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। चुनाव परिणाम आने के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने इसे तृणमूल कांग्रेस के पतन की शुरूआत बताते हुए पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि फलता की जनता ने वर्षों बाद स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान कर लोकतंत्र को पुनर्स्थापित किया है। उपचुनाव के दौरान सबसे ज्यादा चर्चा तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी जहांगिर खान को लेकर रही। मतदान से दो दिन पहले उन्होंने चुनाव मैदान छोड़ने का ऐलान कर दिया था। इसके बाद भाजपा की जीत लगभग तय मानी जा रही थी। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने प्रचार के अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशी को एक लाख वोटों से जिताने का लक्ष्य रखा था। मतगणना के 18 राउंड तक भाजपा उम्मीदवार करीब 92 हजार वोटों से आगे चल रहे थे, जबकि अंतिम जीत का अंतर एक लाख आठ हजार से अधिक पहुंच गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि पिछले लोकसभा चुनाव में इसी क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस को करीब 1.70 लाख वोटों की बढ़त मिली थी, लेकिन इस उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार को महज साढ़े पांच हजार के आसपास वोट मिले। मतदान के दौरान कई बूथों पर तृणमूल कांग्रेस का कोई एजेंट मौजूद नहीं था। वहीं, मतगणना केंद्र में भी पार्टी की सक्रियता बेहद कमजोर दिखाई दी।

# झारखंड राज्यसभा चुनाव 2026 : पहली सीट पर झामुमो तय

### दूसरी सीट के लिए 'दूसरी वरीयता' का दिलचस्प खेल

**रांची।** झारखंड में जून 2026 के राज्य सभा चुनाव की बिसात बिछ चुकी है। गणितीय आंकड़ों के अनुसार झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की एक सीट पक्की दिख रही है, लेकिन दूसरी सीट के लिए मुकाबला बेहद दिलचस्प और 'दूसरी वरीयता' के मतों पर टिक गया है।



मधुकर

**मतों का गणित : 2701 कोटा यानी 28 वोटों की जरूरत**

यदि विधानसभा के सभी 81 सदस्यों ने मतदान किया और सभी वोट वैध पाए गए, तो किसी भी उम्मीदवार को निर्वाचित होने के लिए 2701 अंक का कोटा (यानी प्रथम वरीयता के 28 सदस्यों का मत) प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

**प्रथम और द्वितीय वरीयता का जोखिम भरा समीकरण :** सत्तारूढ़ झामुमो के लिए अपने पहले उम्मीदवार के लिए ठीक 28 मतों का दांव लगाना जोखिम से खाली नहीं है। यदि एक भी वोट रद्द होता है, तो पूरा समीकरण बिगड़ सकता है।

**रणनीतिक पेंच :** यदि झामुमो अपने उम्मीदवार को सुरक्षित करने के लिए प्रथम वरीयता के 30 या 32 मत दिलाता है, तो सत्तारूढ़ गठबंधन के दूसरे उम्मीदवार के पास केवल 24 या 26 वोट बचेंगे। ऐसी स्थिति में दूसरे उम्मीदवार को जीतने के लिए विपक्ष से बड़ी सेंधमारी या अन्य दांव लगाने होंगे। साफ है कि सत्तारूढ़ दल को अपनी दूसरी सीट और विपक्ष को अपनी एकमात्र सीट बचाने के लिए 'द्वितीय वरीयता' के वोटों पर ही निर्भर रहना पड़ेगा।

### विधानसभा में वर्तमान दलगत स्थिति


**सत्तारूढ़ गठबंधन (कुल 56 वोट) :** इनके पास दो उम्मीदवारों को जिताने के लिए पर्याप्त बहुमत है।

- ✔ झामुमो : 34
- ✔ कांग्रेस : 16
- ✔ राजद : 04
- ✔ सीपीआई-एमएल : 02

**विपक्ष (कुल 24 वोट) :** बीजेपी गठबंधन के पास फिलहाल बहुमत से 4 वोट कम हैं।

- ✔ भाजपा : 21
- ✔ आजसू : 01
- ✔ जेडीयू : 01
- ✔ लोजपा : 01

✔ **निर्दलीय/अन्य :** 'झालोक्रा मोर्चा' का 1 मत फिलहाल किसी के पाले में नहीं है और यह 'फ्री फॉर ऑल' की स्थिति में है।




### झारखंड का इतिहास : यहां सीधा अंकगणित हमेशा रहा है फेल

झारखंड में राज्यसभा चुनाव का इतिहास गवाह है कि यहां साधारण अंकगणित (एक-एक नियम) के भरोसे चुनाव नहीं जीते जाते। अतीत के इन दो चुनावों ने सबको चौंकाया था :

✔ **1. साल 2008 का चुनाव :** कम वोट पाकर भी जीते नाथवाणी

भाजपा के जे.पी.एन. सिंह प्रथम वरीयता के 35 मत लेकर आसानी से जीते। लेकिन असली मुकाबला दूसरी सीट पर था। निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवाणी को प्रथम वरीयता के मात्र 16 मत मिले थे, जबकि आर.के. आनंद को 17 मत मिले थे। इसके बावजूद नाथवाणी ने दूसरी वरीयता के मतों के आधार पर आर.के. आनंद को शिकस्त दे दी। दिलचस्प बात यह थी कि झामुमो के पास विधानसभा में 17 सदस्य थे, लेकिन उनके अधिकृत उम्मीदवार किशोरी लाल को मात्र 8 मत ही मिले थे।

✔ **2. साल 2014 का चुनाव : निर्विरोध निर्वाचन का दांव**

इस समय राज्य में झामुमो, कांग्रेस और राजद की सरकार थी, जबकि विपक्ष में भाजपा-आजसू गठबंधन था। राजद के पास केवल 5 विधायक थे, लेकिन उन्होंने प्रेमचंद गुप्ता को उतारा। वहीं भाजपा-आजसू के समर्थन से परिमल नाथवाणी फिर स्वतंत्र उम्मीदवार बने। अंकगणित ऐसा बैठा कि तीसरा उम्मीदवार मैदान में आ ही नहीं पाया और दोनों निर्विरोध चुन लिए गए।

**एक दिलचस्प तथ्य :** झारखंड से 2008 और 2014 में निर्दलीय राज्यसभा सांसद रहे परिमल नाथवाणी वर्तमान में (2020 से) आंध्र प्रदेश से वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सदस्य हैं और उनका कार्यकाल भी अब पूरा होने वाला है।

**निष्कर्ष : खिलाड़ी का इंतजार**

**जून** 2026 के इस चुनावी समर में यदि कुछ पूरी तरह तय है, तो वह है झारखंड मुक्ति मोर्चा के खाते में एक सीट का जाना। लेकिन दूसरे स्थान और दूसरी वरीयता का खेल अभी पूरी तरह खुला हुआ है। मैदान खाली है, अब देखना यह है कि इस सियासी शतरंज का अगला 'खिलाड़ी' कौन बनता है।

# बकरीद और मंडा पूजा शांतिपूर्ण माहौल में मनाने पर बनी सहमति

**पिठोरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**पिठोरिया।** बकरीद पर्व एवं मंडा पूजा को लेकर पिठोरिया थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी सतीश कुमार पांडे ने की। इसमें समाज के बुद्धिजीवी, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पूर्व जिला परिषद सदस्य और विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और प्रशासन के दिशा-निदेशों का पालन करने की अपील की। ऊपर कोनकी के सदर वसीम अकरम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बकरीद पर कुबार्नी के बाद जानवरों के अवशेषों को जमीन में उचित तरीके से दफन किया जाए, ताकि आसपास स्वच्छता बनी रहे। किसी को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मतीउर रहमान ने थाना प्रभारी को आश्वस्त किया कि हमारे क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने लोगों से शांति एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि इस वर्ष 28 मई को बकरीद पर्व के साथ पिठौरिया में मंडा पूजा का फूल कुंडी कार्यक्रम भी आयोजित होना है। इसे देखते हुए दोनों समुदायों के बीच बेहतर समन्वय और संवाद स्थापित करने पर जोर दिया गया, ताकि दोनों पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकें। मधु साहु ने शांति समिति के सदस्यों, थाना परिवार एवं मीडिया कर्मियों को मंडा पूजा में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। बैठक के दौरान अनिल कुमार केसरी ने पिठोरिया क्षेत्र में लगातार लगने वाले जाम की समस्या को उठाया। थाना प्रभारी सतीश कुमार पांडे ने आश्वस्त किया कि आने वाले दिनों में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और लोगों को जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए उचित पहल की जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि प्रशासन दोनों पर्वों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने और आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की।

# सिल्ली थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सिल्ली।** सिल्ली थाना परिसर में आगामी बकरीद त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर रविवार को सिल्ली थाना एवं मुरी ओपी शांति समिति की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी नवीन कुमार ने की। बैठक में मुरी ओपी के नव पदस्थापित प्रभारी विकास कुमार पसवान एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि और शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे। थाना प्रभारी ने लोगों से शांति एवं भाईचारे के साथ त्योहार को मनाने का अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट शेयर न करें। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने क्षेत्र में पूरी सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिया।मुरी ओपी प्रभारी ने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है, इसलिए सभी समुदाय के लोग मिल-जुलकर इसे शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। उपस्थित लोगों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का संकल्प लिया। बैठक में कहा गया कि सिल्ली में भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण परंपरा कायम रखी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद फारूख ने किया।

## संक्षिप्त

### बकरीद को लेकर पुलिस ने किया मॉक ड्रिल, उपद्रवियों पर रहेगी पैनी नजर

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में 28 मई को बकरीद का त्यौहार मनाया जाने वाला है। इसे लेकर जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है। पुलिस भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर चुकी है। रविवार को पुलिस लाइन में उपद्रवियों से निपटने के लिए पूरी तैयारी का मॉक ड्रिल किया गया। सार्जेंट मेजर मंटू यादव, रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे की मौजूदगी में उपद्रव का दृश्य दिखाया गया। पुलिस ने कैसे उपद्रवियों को काबू में किया, इस पर भी पूरा एक्शन हुआ। किस तरह भीड़ में शामिल लोगों को समझाना है। नहीं मानने पर वाटर कैनन से भीड़ को तितर-बितर किया जाना है। अगर इसके बावजूद भीड़ शांत नहीं होती है तो आंसू गैस के गोले और फिर लाठी चार्ज जैसी स्थिति कैसे हैंडल किया जाए, इस पर पूरी ट्रेनिंग दी गई। मॉक ड्रिल के माध्यम से रामगढ़ जिले में शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने का संदेश दिया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले और शांति भंग करने वालों पर पूरी कार्रवाई होगी।

### खूंटी में प्रचंड गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, पशु-पक्षी भी भटक रहे पानी के लिए

**खूंटी।** जिले में पड़ रही प्रचंड गर्मी ने आम जनजीवन को पुरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार बढ़ते तापमान ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। इन दिनों खूंटी जिले का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है, जिससे सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं का असर महसूस होने लगा है। स्थिति यह है कि सुबह ०९ बजते ही सड़कों पर वीरानी छा जाती है और लोग जरूरी काम के अलावा घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण जिले के नदी-नाले, तालाब और छोटे जलस्रोत लगभग सूख चुके हैं। इसका असर केवल इंसानों पर ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षियों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। पानी की कमी के कारण पशु-पक्षियों को प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीण इलाकों में कई कुएं और चापानल भी जवाब देने लगे हैं, जिससे पेयजल संकट और गहरा गया है। खूंटी शहर की जीवनदायिनी माने जाने वाले तजना जलाशय के पूरी तरह सूख जाने से स्थिति और गंभीर हो गई है।

# भैरवी नदी किनारे चल रही अवैध महुआ शराब फैक्ट्री पर पुलिस का छापा

**120 लीटर शराब व 600 किलो जावा महुआ बरामद, एक गिरफ्तार**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कामता टोला कोलहवा घुटवा स्थित भैरवी नदी किनारे अवैध महुआ देशी शराब निर्माण की सूचना पर रविवार सुबह करीब 5 बजे पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ आलोक रंजन के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम गठित कर कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान 5-6 लोग अवैध भट्ठी बनाकर महुआ शराब तैयार करते मिले। पुलिस को देखते ही सभी भागने लगे, जिसमें से दशरथ महतो 26 वर्ष पिता विशेश्वर महतो निवासी सिकनी थाना रजरप्पा को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि अन्य चार आरोपी फरार हो गए। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने स्वीकार किया कि सभी मिलकर अवैध शराब निर्माण कर गोला, रजरप्पा एवं आसपास के क्षेत्रों में बिक्री करते थे। मौके से करीब 120 लीटर महुआ देशी शराब, 600 किलो जावा महुआ, पांच बड़ा एल्यूमिनियम तसला, चार ब्लू रंग के जार एवं दो पुरानी साइकिल बरामद की गई। बरामद शराब से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने पर गोला थाना कांड संख्या 59/2026 के तहत बीएनएस की धारा 274/275/292/3(5) एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

### ऑटो पलटने से चालक की मौत



**राहे।** थाना क्षेत्र के कापीडीह स्कूल के समीप बुंडू -राहे सड़क में एक ऑटो जेएच 01सीएच 2946 पलटने से चालक बहादुर महली का मौत हो गया है। 50 वर्षीय चालक बुंडू थाना के चीठोडीह गांव का रहने वाला था। घटना शनिवार रात 10 बजे की बताई जा रही है। चालक ऑटो को लेकर सीसीटांड़ गांव से अपना घर बुंडू थाना के चीठोडीह गांव जा रहा था। ऑटो में अकेला था। कापीडीह स्कूल के सामने संतुलन बिगड़ने से ऑटो खेत के गड्ढे में पलट गया।जिससे घटनास्थल में ही चालक की मौत हो गया। राहे पुलिस शव को कब्जे में लेकर रविवार सुबह आवश्यक कारवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बकरीद को लेकर सोनाहातू थाना में शांति समिति की बैठक, पुलिस ने जारी किए दिशा-निर्देश




**सोनाहातू।** बकरीद पर्व को लेकर रविवार को सोनाहातू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी प्रेम प्रदीप कुमार ने किया।थाना प्रभारी ने सभी समुदायों से बकरीद का त्योहार आपसी भाईचारे,शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान संवेदनशील एवं प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल और गश्ती दल लगातार तैनात हेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पर भ्रामक या सांप्रदायिक अफवाह फैलाने वालों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसआई राकेश कुमार,मुखिया विकास सिंह मुंडा, मुखिया दीनबंधु सिंह मुंडा,समाजसेवी जाकिर खान, अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक संपन्न आगामी 10 जून को मुख्यमंत्री आवास का घेराव निर्णय

**सिल्ली।** प्रखंड के बंता हजाम पंचायत उतरी पंचायत भवन में रविवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा रांची जिला के तत्वावधान में एक बैठक का आयोजन किय किया गया। बैठक में सिल्ली, सोनहातु व अनगड़ा के झारखंड आंदोलनकारी शामिल हुए। बैठक में आंदोलनकारियों के दो जून की रोटी के लिए आगामी 10 जून को मुख्यमंत्री आवास का घेराव - प्रदर्शन, आमरण अनशन एवं आत्मदाह कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। वहीं पंच परगना क्षेत्र से हजारों की संख्या में झारखंड आंदोलनकारियों के परंपरागत अस्त्र-शस्त्र के साथ भाग लेने का आह्वान किया गया। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों के बाल-बच्चों की रोटियां को लूट कर दिकू लोग खा रहे हैं। हमारे हक और अधिकारों पर हमला कर रहे हैं, जिसे अब बर्दाश्त नहीं करना है, बल्कि अपने अस्तित्व, अस्मिता, पहचान व अधिकरों की रक्षा के लिए संघर्ष को तेज करना है। केंद्रीय सचिव प्रो रतनलाल महतो ने कहा कि सरकार हमारे बाल-बच्चों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने एवं अलग राज्य के माय-माटी मूल्यों को स्थापित करने की दिशा में पूरी तन्मयता से काम करें। जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार लकड़ा ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान देने की दिशा में मुख्यमंत्री सौतेला व्यवहार ना करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संयोजक लक्ष्मी नारायण महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में पंच परगना क्षेत्र के लोगों की बड़ी भूमिका रही है, मान सम्मान की लड़ाई में पंच परगना पीछे नहीं रहेगा। हम लड़े थे और लड़ेंगे। बैठक में विमल तिर्की, मुखिया गंगा नारायण सिंह मुंडा , विष्णु गिरि,शिशुपाल महतो,नरेश चंद्र महतो रास बिहार बड़ाइक, राजेंद्र पातर मुंडा, विशेश्वर महतो, लक्ष्मी महतो, सतनारायण सिंह मुंडा, महेंद्र महतो भोपाल सोनार, दीपक कुमार महतो ,अश्वनी कुमार महतो, समसुद्दीन मोमीन, शाहिद अंसारी, काबिल अंसारी, अर्जुन महतो,शरत चंद्र राय,हलधर महतो समेत आंदोलनकारी उपस्थित थे।

# पिठोरिया-पतरातू मार्ग पर कोयला लदा ट्रक पलटा

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**पिठोरिया।** पिठोरिया-पतरातू मुख्य मार्ग पर राढ़हा पुल के समीप एक बड़ा सड़क हादसा रविवार को हो गया। कोयला लादकर जा रहा एक एलपी ट्रक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक का नंबर (जेएच02 एवी-5241) है।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक तेज गति से पतरातू की ओर जा रहा था। राढहा पुल के पास चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद ट्रक सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद ट्रक पर लदा भारी मात्रा में कोयला सड़क पर बिखर गया, जिससे कुछ देर के लिए आवागमन प्रभावित रहा।
दुर्घटना में चालक और खलासी को हल्की चोटें आने की सूचना है। सूचना मिलने पर पिठोरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। यातायात को सुचारु कराने में जुट गई है। सड़क पर बिखरे कोयले और पलटे ट्रक को हटाने के लिए क्रेन मंगाई गई, ताकि वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

# जैन साध्वियों की सड़क दुर्घटना की जांच की मांग के लिए निकलेगा मौन जुलूस

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** दो दिगम्बर साध्वियों की सड़क दुर्घटना में हुई समाधि मरण की घटना को लेकर उच्च स्तरीय जांच के लिए सोमवार को मौन जुलूस निकाला जाएगा। मौन जुलूस शहर के मेन रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जैन समाज के सचिव योगेश सेठी ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि साध्वियों के आकस्मिक समाधि मरण स्तब्धकारी घटना है और पूरे जैन समाज में इससे शोक की लहर व्याप्त है। उन्होंने कहा कि हमारी दोनों साध्वियां ज्ञान की सरिता थीं। वे अपने ज्ञान की अविरल धारा से समस्त समाज को आलोकित करती थीं। घटना के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर किसी षड्यंत्र की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इस कारण हमारे पूज्य गुरुदेव श्री प्रमाण सागर जी के अहवान पर भारत सरकार और राज्य सरकारों पर दबाव बनाने के लिए जैन समाज आंदोलनरत है।

# झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की प्रदेश कमेटी घोषित, आकाश सोनी को मिली नई जिम्मेदारी

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**पिठोरिया।** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन (जेजेए) की वर्ष 2026-28 के लिए नई प्रदेश कमेटी की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार लाभ और प्रदेश महासचिव संजीव समीर की अनुशंसा और जेजेए के संस्थापक शाहनवाज हसन के अनुमोदन के बाद शनिवार को प्रदेश कमेटी की सूची जारी की गई।
प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार लाभ और महासचिव संजीव समीर ने भरोसा जताया कि संगठन के सभी पदधारी अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करेंगे। पत्रकार हित में मजबूती से कार्य करेंगे। जारी सूची के अनुसार वरिष्ठ पत्रकार चंदन मिश्रा, देवेंद्र सिंह, विष्णु शंकर उपाध्याय और संपूर्णा नंद भारती को राष्ट्रीय कमेटी में जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश कमेटी में अभय कुमार लाभ (सरायकेला) को प्रदेश अध्यक्ष, निरभ किशोर (गोड्डा) एवं जावेद इस्लाम (बरही) को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। संजीव समीर (कोडरमा) प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे। प्रदेश सचिव के रूप में संदीप बरनवाल (गिरिडीह), राजीव मिश्र (लातेहार), अरविंद कुमार ठाकुर (साहिबगंज) और मुकेश कुमार सिंह (धनबाद) को दायित्व सौंपा गया है। संयुक्त सचिव पद पर तपन महतो (जामताड़ा), सुनील कश्यप (चतरा), अजय भारती (देवघर) और शचींद्र दास (सरायकेला) को जिम्मेदारी मिली है। प्रदेश कोषाध्यक्ष सुभाशीष झा, प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर श्रीवास्तव (रांची) और आकाश कुमार सोनी को प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा प्रदेश टेक्निकल सेल, कार्यकारिणी सदस्य और राष्ट्रीय पार्षद पदों पर भी कई पत्रकारों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जेजेए नेतृत्व ने कहा कि नई टीम पत्रकार हित, संगठन विस्तार और पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित भाव से कार्य करेगी।

# खूंटी को मिले नये उपायुक्त, मो. जावेद हुसैन ने संभाला पदभार

**जनकल्याण और विकास को बताया प्राथमिकता**

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**खूंटी।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) 2019 बैच के अधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने रविवार को खूंटी जिले के 16वें उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया से औपचारिक रूप से कार्यभार संभाला। पदभार ग्रहण समारोह जिला समाहरणालय परिसर में आयोजित किया गया, जहां जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद नवनियुक्त उपायुक्त मो. जावेद हुसैन ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन की जिम्मेदारी केवल योजनाएं संचालित करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पहुंचे। उपायुक्त ने जिले में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, ग्रामीण विकास और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं को गति दी जाएगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने और आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उपायुक्त मो. जावेद हुसैन ने कहा कि खूंटी जिले के समग्र विकास के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। उन्होंने जनता और प्रशासन के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने पर भी जोर दिया, ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान प्रभावी ढंग से किया जा सके। इस अवसर पर जिले के कई वरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त उपायुक्त का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

# सिल्ली में अनमैप्ड मतदाताओं की सूची प्रकाशित की गई, बूथों पर पहुंचे लोग

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सिल्ली।** मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत रविवार को प्रखंड के कुल 111 मतदान केंद्रों पर अनमैप्ड मतदाताओं की सूची प्रकाशित की गई। जहां मतदाताओं ने अपने एवं अपने परिवार के सदस्यों के नामों की जांच की। सिल्ली ग्राम विकास विद्यालय में बुथ संख्या 86,87 एवं 88 पर बीएलओ शांति देवी, सुषमा मंडल एवं नीलिमा मिंज उपस्थित रहे, जहां मतदाताओं ने अपने एवं अपने परिवार के सदस्यों के नामों की जांच की। प्रखंड के सभी बुथों पर सूची 23 एवं 24 मई को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक उपलब्ध रहा। निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सभी मतदाताओं को एसआईआर शुरू होने से पहले 2003 की वोटर लिस्ट से मैपिंग करानी है। जिनका नाम पुरानी सूची से मैप नहीं हुआ है, उन्हें अनमैप्ड सूची में शामिल किया गया है। सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह सीओ अरुणिमा एक्का ने कहा कि शत-प्रतिशत मैपिंग का लक्ष्य रखा गया है। जो लोग अभी मैपिंग नहीं कराएंगे, और एसआईआर के दौरान आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं करेंगे, उनका नाम वोटर लिस्ट से हट सकता है।

# अविमय क्लिनिक में लगा निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**सैकड़ों मरीजों को मिला मुफ्त जांच व परामर्श**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के कचहरी चौक स्थित अविमय क्लिनिक में रविवार को एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। शिविर में मरीजों और आने वाले लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श तथा निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। खासतौर पर ब्लड शुगर और मोटापा को लेकर विशेष परामर्श दिया गया।




क्लिनिक के निदेशक डॉ. राजेश अग्रवाल ने बताया, आधुनिक जीवनशैली में मोटापा एक गंभीर समस्या बनकर उभर रही है। लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। नियमित स्वास्थ्य जांच से कई गंभीर बीमारियों को शुरूआती स्टेज में ही रोका जा सकता है। शिविर में डॉ. विजय कुमार ने चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया।

कार्यक्रम में कई दवा कंपनी और टोरेंट फार्मा, आईपीसीए लैब्स, सिप्ला लिमिटेड और अलेम्बिक फार्मा के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर में डॉ. विजय कुमार, समीर कुमार, सन्नी कुमार, निपेंद्र कुमार मंडल, संजीत कुमार, राहुल कुमार और सुजीत कुमार सहित क्लिनिक के कर्मचारी विक्रम कुमार, बुद्धदेव नाथ, अंकिता कुमार क्लिनिक के कर्मचारियों ने मरीजों की जांच और व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का नियमित आयोजन किया जाएगा, ताकि आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

# सदर अस्पताल के पैनल रूम का होगा जीर्णोद्धार, 29 लाख रुपये मंजूर

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक और कदम उठाया गया है। सदर अस्पताल में एमसीएच बिल्डिंग के पास बने पैनल रूम के जीर्णोद्धार और सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार ने करीब 29 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी है। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए इस योजना पर 28 लाख 98 हजार 500 रुपये खर्च करने की मंजूरी दी है। यह कार्य भवन निर्माण विभाग के प्रस्ताव के आधार पर




कराया जाएगा। परियोजना का काम ई-टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या-01 रांची को सौंपी गई है। सदर अस्पताल में होने वाले इस कार्य की निगरानी सिविल सर्जन को सौंपी गई है। उन्हें समय-समय पर विभाग को प्रगति रिपोर्ट भी देनी होगी। साथ ही तय समय सीमा के भीतर काम पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

## संक्षिप्त

### राज्य में 26 से चलेगा तंबाकू नियंत्रण जागरूकता अभियान

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से 26 मई से 26 जून 2026 तक पूरे राज्य में विशेष तम्बाकू नियंत्रण और जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई से लेकर अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग और अवैध तस्करी दिवस तक चलेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने शनिवार को इस संबंध में सभी जिलों को निर्देश जारी किया है। जारी निर्देश में कहा गया कि इस वर्ष अभियान की थीम आकर्षण का पदार्फाश करना निकोटीन और तंबाकू की लत का मुकाबला करना रखा गया है। अभियान के तहत स्कूलों और कॉलेजों के 100 मीटर दायरे में तम्बाकू बिक्री पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू किया जाएगा और तंबाकू मुक्त क्षेत्र का बोर्ड लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्यभर में रैली, वॉकथॉन, नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठी, हस्ताक्षर अभियान और तम्बाकू निषेध शपथ कार्यक्रम आयोजित होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में तम्बाकू मुक्त ग्राम अभियान चलाया जाएगा। सभी सरकारी कार्यालयों, रेलवे स्टेशन, न्यायालय और सार्वजनिक स्थलों पर तम्बाकू निषेध संबंधी सूचना पट्ट लगाए जाएंगे। कोटपा-2003 और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध कानून के तहत जिलों में विशेष छापामारी अभियान भी चलाया जाएगा। साथ ही तम्बाकू छोड़ने के इच्छुक लोगों के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1800-11-2356 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

### दिनदहाड़े अधिवक्ता से मोबाइल झपटकर फरार हुए बाइक सवार उचक्के

**रांची।** राजधानी के लालपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को दिनदहाड़े बाइक सवार दो बदमाशों ने एक अधिवक्ता के हाथ से मोबाइल झपट लिया और मौके से फरार हो गये। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। अधिवक्ता की शिकायत पर लालपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार लालपुर निवासी और रांची सिविल कोर्ट में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत राकेश कुमार सिन्हा विराज नगर की ओर किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो अज्ञात बदमाश उनके पास पहुंचे और हाथ से मोबाइल झपटकर फरार हो गये। अधिवक्ता ने पुलिस को बताया कि छीना गया मोबाइल वनप्लस नॉर्ड सीई 3 लाइट 5जी मॉडल का है। घटना के बाद उन्होंने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, लालपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी में जुटी है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद इलाके के लोगों में दहशत है।

# झारखंड में आज 47 स्थानों पर मनाया जाएगा दामोदर महोत्सव

## उद्गम स्थल पहुंचेंगे राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार

**मुख्य आयोजन लोहरदगा के चूल्हापानी में, राज्यपाल और सांसद शिरकत करेंगे, सरयू राय करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता**

**2004 में चूल्हा पानी से ही शुरू हुआ था दामोदर बचाओ आंदोलन**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** युगांतर भारती के तत्वावधान में 25 मई को लोहरदगा स्थित दामोदर नदी के उद्गम स्थल चूल्हा पानी में दामोदर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संयोगवश इसी दिन गंगा दशहरा का पर्व भी मनाया जाएगा, जिससे इस आयोजन का धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व और बढ़ गया है। युगांतर भारती के अध्यक्ष अंशुल शरण ने रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार इस महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम



की अध्यक्षता जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय करेंगे। अंशुल शरण ने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर होगा, क्योंकि पहली बार कोई राज्यपाल दामोदर नदी के उद्गम स्थल पर पहुंचेंगे। उन्होंने इसके लिए राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे दामोदर नदी और उससे जुड़ी सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। अंशुल शरण ने बताया कि दामोदर महोत्सव केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह नदी संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता और जल स्रोतों के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान भी है। कार्यक्रम के दौरान जल-जंगल-जमीन के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और नदियों की स्वच्छता को लेकर विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अंशुल शरण ने जानकारी दी कि इस वर्ष दामोदर महोत्सव रिकॉर्ड 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावा दामोदर नदी से जुड़े कई क्षेत्रों में सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। महोत्सव के माध्यम से लोगों को नदियों के संरक्षण, जल संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दामोदर नदी झारखंड की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। ऐसे में इसके उद्गम स्थल पर राज्यपाल की उपस्थिति पूरे राज्य के लिए गौरव और सम्मान का विषय है। महोत्सव में विभिन्न सामाजिक संगठनों, पर्यावरण कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों और स्थानीय लोगों की बड़ी भागीदारी रहने की संभावना है। कार्यक्रम के दौरान पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेश भी दिए जाएंगे।

# डालसा सचिव ने किया प्रोबेशन होम का निरीक्षण, बीमार महिलाओं की मांगी सूची

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** डालसा सचिव राकेश रौशन ने स्वयं 24 मई, 2026 को प्रोबेशन होम का औचक निरक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रोबेशन होम में 26 महिलाएं एवं बच्चियां थी। सभी से एक-एक करके बातचीत की। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि 18 साल से उपर 20 महिलाएं प्रोबेशन होम में रह रही है। कुछ महिलाएं मानसिक रूप से बीमार हैं। उन सभी की सूची डालसा सचिव ने प्रोबेशन ऑफिसर से मांग की है, जिससे उन्हें संबंधित अस्पताल में इलाज के लिए भेजा जायेगा।

निरीक्षण में यह भी पाया गया कि कुछ महिलाओं को उनके घरवाले छोड़कर चले गये है। उनका घर का पूरे पते के साथ लिस्ट मांगा गया है, जिससे उन महिलाओं को उनके घर तक पहुंचाने की कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि कुछ बच्चियों की पढ़ाई एक साल से छूटी हुई है। उनकी भी लिस्ट की मांग की




गई है, जिससे की उन बच्चियों को आगे की पढ़ाई के लिए उचित कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण के क्रम में खाने की गुणवत्ता एवं साफ-सफाई की भी जांच की गयी। आगे डालसा टीम के द्वारा प्रोबेशन होम में लगे कैमरे की जांच की गई, जिसमें सभी कैमरा सही पाया गया। डालसा के टीम में डालसा सचिव राकेश रौशन एवं डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा शामिल थे।

# सरना, सनातन और हिंदू में कोई अंतर नहीं : बाबूलाल मरांडी

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस और झामुमो पर आदिवासी समाज को बांटने की राजनीति करने का आरोप लगाया है। रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए आदिवासी समाज में विभाजन पैदा करने की कोशिश की जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। मरांडी ने कहा कि सरना, सनातन और हिंदू परंपराओं में मूल रूप से समानता है। उन्होंने कहा कि ये सभी प्रकृति की पूजा से जुड़े हैं और पेड़, पहाड़, पत्थर, जल तथा धरती माता को पूजते हैं। बाबूलाल ने कहा कि आदिवासी समाज में देशभर में 700 से अधिक जातियां हैं, जबकि झारखंड में 32-33 जनजातीय



समुदाय मौजूद हैं। हर समुदाय की अपनी परंपराएं और देवी-देवता हैं, लेकिन विविधता में एकता की यही भावना सनातन, हिंदू और सरना संस्कृति का आधार है।

उन्होंने कांग्रेस और झामुमो पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों दल यह प्रचार कर रहे हैं कि आदिवासियों को हिंदू बनाया जा रहा है, जबकि हिंदू बनाने जैसी कोई परंपरा नहीं है। मरांडी ने कहा कि क्रिश्चियन और मुसलमान बनाए जाते हैं, जबकि सरना, सनातन और हिंदू पैदाइशी होते हैं। कांग्रेस के इतिहास का उल्लेख करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी का गठन अंग्रेजों के समय हुआ था और अंग्रेजों ने फूट डालो और राज करो की नीति के तहत समाज को बांटकर शासन किया। उन्होंने दावा किया कि आज भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ राजनीति कर रही है।

मरांडी ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के बाद महात्मा गांधी ने कांग्रेस को समाप्त करने की बात कही थी, लेकिन पार्टी ने उनकी सलाह को नजरअंदाज कर दिया।

# बानापीरी में पहल सेवा संस्था का निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**करीब 200 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच, निःशुल्क दवाओं का भी वितरण**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** रातू प्रखंड के ग्राम बानापीरी स्थित पंचायत सामुदायिक केंद्र में रविवार को पहल सेवा संस्था (रांची) के तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों एवं स्थानीय लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया गया। शिविर में पिर्रा रातू स्थित शिव सरस्वती सेवा सदन अस्पताल के चिकित्सक डॉ. ए. बी. मिश्रा एवं माँ वैष्णवी



आंख अस्पताल, तिलता के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभम कुमार ने लगभग 200 लोगों की जांच की। इस दौरान लैब तकनीशियन महेश कुमार एवं स्वास्थ्य सेवा कर्मी ब्रजेश शर्मा द्वारा शुगर, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर एवं नेत्र जांच सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। शिविर में आए मरीजों के बीच संस्था की ओर से निःशुल्क दवाओं का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सचिव दिलीप ठाकुर ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले समाजसेवी बिपुल तिवारी, पंचायत समिति सदस्या गीता देवी, प्रतिनिधि शिव कुमार सिंह, आफताब अंसारी एवं अबू नेसार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष इल्ताफ हुसैन, कार्यकारिणी सदस्य मोईन अंसारी, तनवीर हसन एवं करण कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सीबीए सोशल विंग एवं सदर अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित

**रांची।** किशोरगंज हरमू रोड स्थित नीलकमल फर्नीचर परिसर में सीबीए सोशल विंग एवं सदर अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में




रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता और सामाजिक सेवा का परिचय दिया। रक्तदान शिविर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कई युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया। पूरे आयोजन के दौरान सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्साह देखने को मिला। आयोजन समिति ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग देना है। संस्था के अध्यक्ष डॉ. के.पी. सिन्हा ने कहा कि समाजसेवा, मानव कल्याण और जागरूकता फैलाना संस्था की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी नागरिकों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। शिविर में स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा सभी रक्तदाताओं की आवश्यक स्वास्थ्य जांच के बाद सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन में पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन दीपक श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने वीडियो संदेश के माध्यम से आयोजन की सराहना करते हुए संस्था को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने रक्तदान जैसे सामाजिक कार्यों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। मौके पर छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा भी उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में संजय समर, अनिल सिन्हा, अजय कुमार, मनीष श्रीवास्तव, राकेश रौशन, अभिमन्यु लाल, विकास सहाय, अविराज, अभिमीत, आशी एवं अन्य सहयोगियों की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही। संस्था ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### युवती से छेड़छाड़ और अश्लील हरकत मामले में सेना के जवान को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**रांची।** राजधानी रांची के लालपुर थाना क्षेत्र में एक युवती से छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित पारा मिलिट्री फोर्स के जवान को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, बीते 22 मई को एक युवती ने लालपुर थाना में आवेदन देकर एक युवक पर छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर संबंधित वीडियो को जब्त किया। लालपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपित विनय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित जवान का वर्तमान पता यूनिट-1 बटालियन, राजपुताना रायफल, नामकुम रांची है। पुलिस ने कार्रवाई की सूचना यूनिट-1 बटालियन राजपुताना रायफल, नामकुम रांची के कमांडिंग ऑफिसर को भी दे दी है। मामले में आगे की जांच जारी है।

### पुण्यतिथि पर राजेंद्र प्रसाद सिंह को आरसीएमयू ने किया याद

**रांची।** कोयला उद्योग के प्रख्यात यूनियन लीडर और कांग्रेस ने स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि 24 मई, 2026 को मनाई गई। कार्यक्रम का



आयोजन सीएमपीडीआई मुख्यालय स्थित आरसीएमयू कार्यालय में हुआ। इस अवसर पर यूनियन के सदस्यों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कोयला उद्योग में उनके योगदान को याद किया। कर्मियों के उन्नयन में उनकी भूमिका पर चर्चा की। सदस्यों ने कहा कि हमलोग हमेशा उनकी अनुपस्थिति को महसूस करते हैं। मौके पर क्षेत्रीय सचिव सर्वेश प्रसाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष अमित कुमार चटर्जी, सचिव (सीएमपीडीआई) शोभित भूषण देव, विकास कुमार लाल, राजीव दे, सरफराज अहमद, मृणमोय पति, विजय राज, इमरान हसन, दिलीप ठाकुर, बालचंद, नवीन यादव, अमित कुमार, अमन सिंह, राजन उपाध्याय भी मौजूद थे।

# वैवाहिक वर्षगांठ पर कराई 25 जोड़ों की सामूहिक शादी

**सेवा, संस्कार एवं सामाजिक समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची कैपिटल और लायंस क्लब ऑफ रांची दिवस ने 24 मई, 2026 को स्वर्णभूमि बैंक्वेट्स में 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया। क्लब के पूर्व अध्यक्ष अशोक गुलगुलिया एवं राखी गुलगुलिया की 25वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर यह आयोजित किया गया। इसमें सेवा, संस्कार एवं सामाजिक समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला।



समारोह के मुख्य अतिथि क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजय कुमार थे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए इस प्रकार की पहल अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी है। इससे जरूरतमंद परिवार सम्मानपूर्वक अपने बच्चों का विवाह संपन्न करा पाते हैं। पूर्व अध्यक्ष पंकज मिढा ने कहा कि लायंस क्लब सदैव समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहा है। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन (मास कम्युनिटी मैरिज) दीपक लोहिया ने इस प्रकार के आयोजनों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

समारोह में भारतीय संस्कृति एवं पारंपरिक वैवाहिक रीति-रिवाजों की सुंदर झलक देखने को मिली। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी 25 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। विवाह स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था। अतिथियों एवं परिजनों के लिए विशेष व्यवस्थाएँ की गई थीं। सभी नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थ जीवन की शुरूआत के लिए आवश्यक उपहार एवं घरेलू सामग्री प्रदान की गई। इनमें बर्तन, पलंग, पंखे, वस्त्र एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री शामिल थीं। क्लब द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि सभी जोड़े सम्मान एवं आत्मविश्वास के साथ अपने नए जीवन की शुरूआत करें।

कार्यक्रम की सफलता में दीपक लोहिया, पंकज मिढ़ा, पायल जैन, संदीप पारख, साक्षी, नमन एवं अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा। समारोह में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राहुल वर्मा, अशोक खंडेलवाल, अशोक सिन्हाट, मंजू सिंह, पुष्पिलता, मनोज घोष सहित अन्यल की उपस्थिति रही।

# कांके विधानसभा प्रतिनिधि बनाने पर अर्जुन राम का सम्मान

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन राम को कांके विधानसभा प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस उपलक्ष्यक में पासवान कल्याण समिति, कोकर ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह में समिति के अध्यक्ष बबलू पासवान, वरिष्ठ पदधारी और सदस्यों ने संयुक्त रूप से अर्जुन राम का अभिनंदन किया। मौके पर श्री राम ने कहा कि आम जनता और विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना एवं उनका तुरंत समाधान कराना ही मेरी प्राथमिकता होगी। समारोह में पासवान कॉलेज



समिति के मुख्य पदधारी मनोज राम, राजा पासवान, प्रवीण पासवान, बंटी पासवान, धर्मेंद्र राम, दीपक कुमार पासवान, विष्णु राम, मनोहर कुमार राम, छोटू पासवान, सागर पासवान, विष्णु राम, राहुल कुमार भी मौजूद थे।

# भाजपा प्रशिक्षण शिविर में संगठन मजबूती पर जोर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** धनबाद में भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के विधायक, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत आयोजित इस शिविर में संगठन विस्तार, कार्यपद्धति, बूथ प्रबंधन और आगामी पंचायत व विधानसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में नेताओं ने कार्यकताओं को अनुशासन और संगठन की मजबूती का पाठ पढ़ाया, वहीं राज्य की हेमंत सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। भाजपा विधायकों ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार पानी, बिजली और विकास जैसे मुद्दों पर पूरी तरह विफल साबित हुई है और जनता इसका जवाब आने वाले चुनाव में देगी। धनबाद महानगर में आयोजित भाजपा के इस दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में दूसरे दिन यानी रविवार को बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, झरिया विधायक रागिनी सिंह और धनबाद विधायक राज सिन्हा समेत कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी शामिल हुए। शिविर में पार्टी की विचारधारा, कार्य विस्तार, बूथ प्रबंधन, सोशल मीडिया, नमो ऐप और संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यकताओं से अनुशासित रहकर पार्टी की रीति-नीति को घर-घर पहुंचाने की अपील की। प्रशिक्षण वर्ग में वक्ताओं ने भाजपा की केंद्र सरकार की योजनाओं, अखंड भारत की अवधारणा और संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया। वहीं भाजपा विधायकों ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि राज्य में पानी, बिजली और विकास की स्थिति बदहाल है। उन्होंने ह्यमईया सम्मान योजनाह्ल के सत्यापन को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। नेताओं ने दावा किया कि जिस तरह बंगाल में भाजपा मजबूत हुई है, उसी तरह झारखंड में भी आने वाले समय में भाजपा की सरकार बनेगी।

# आउटसोर्सिंग के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**धनबाद।** धनबाद के धनसार थाना क्षेत्र में चल रहे देवप्रभा कोल माइनिंग प्रोजेक्ट को लेकर स्थानीय लोगों का विरोध तेज हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि आउटसोर्सिंग कंपनी की मनमानी और लगातार हो रही ब्लास्टिंग से इलाके के घरों में दरारें पड़ रही हैं और लोगों में दहशत का माहौल है। विरोध कर रहे युवा समाजसेवी सह दलित नेता मुकेश भुईयां को पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए हिरासत में लिए जाने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार को धनसार थाना का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया।

धनसार थाना क्षेत्र स्थित चांदमारी कोलियरी दुर्गा मंदिर के पीछे संचालित देवप्रभा कोल माइनिंग प्रोजेक्ट को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि माइनिंग कंपनी की ओर से लगातार ब्लास्टिंग और डस्टिंग किए जाने से आसपास के घरों में दरारें पड़ने लगी हैं। इसके साथ ही पूरे इलाके में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी ने पहले बाउंड्री के बाहर खुदाई नहीं करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब रात के समय बाउंड्री वॉल तोड़कर आगे भी खुदाई की जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर आवाज उठा रहे युवा समाजसेवी सह दलित नेता मुकेश भुईयां को पुलिस की ओर से पूछताछ के लिए थाना बुलाए जाने के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीण धनसार थाना पहुंच गए और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने प्रशासन से आउटसोर्सिंग कंपनी की मनमानी पर रोक लगाने और स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। फिलहाल इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है, वहीं ग्रामीण प्रशासन से मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

## संक्षिप्त

### युवक की हत्या की गुत्थी सुलझी, तीन को किया गया गिरफ्तार

**देवघर।** दिलीप तुरी (21 वर्षीय) की गुमशुदगी से संबंधित आवेदन थाना में प्राप्त हुआ। इस संबंध में बुढ़ैई थाना में 3 फरवरी, 2026 दर्ज किया गया। इसी बीच वादिनी को आसपास के लोगों से पता चला कि इनके बेटे को मार कर कहीं गायब कर दिया गया है। इनकी 20 मई को लिखित शिकायत पर पिन्टु तुरी (उम्र 23 वर्ष, पिता जय कुमार तुरी), धीरज कुमार तुरी (उम्र 30 वर्ष, पिता बलिराम) और रविन्द्र तुरी (उम्र 23 वर्ष, पिता बुधन तुरी) सभी बुढ़ैई थाना, बुढ़ैई के विरुद्ध दर्ज किया गया। इस कांड के सभी प्राथमिकी अभियुक्तों को थाना लाकर बारी बारी से क्रॉस पुछताछ करने पर इनके द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया किया। इनकी निशानदेही पर वन विभाग के बीट ऑफिस से 200 मीटर की दूरी पर घने जंगल के बीच पानी का सुखा नाला में एक मानव कंकाल पाया गया। कांड के वादिनी को सूचित करते हुए घटनास्थल पर बुलाया गया। इसे वादिनी द्वारा कंकाल के पास पाये गये कपड़े (काला रंग का पैंट एवं काला रंग का चेकदार शर्ट), घड़ी का चैन जैसा ब्रासलेट एवं हाथ में लाल रंगर का मौली धागा से पहचान कराया गया।

### बाबा नायकधाम में वॉटर चिलर मशीन का उद्घाटन

**देवघर।** अनुराग गुटगुटिया वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से दिये गये और लायंस क्लब के सहयोग से बाबा नायकधाम, गंजोबाड़ी में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगे वॉटर चिलर मशीन का उद्घाटन पीएम जेएफ लायन डॉ अरुण गुटगुटिया ने किया। इस जनहितकारी पहल के माध्यम से नायकधाम आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को भीषण गर्मी में शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। वॉटर चिलर मशीन शुरू होने से विशेष रूप से गर्मी के मौसम में लोगों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर डॉ अरुण गुटगुटिया ने कहा कि समाजहित में किए जाने वाले ऐसे कार्य अत्यंत प्रेरणादायक और उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना ही सच्ची सेवा है और इस प्रकार की पहल से समाज के हर वर्ग को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होता है।

# टाटानगर में जीएम के विरोध की चेतावनी, नहीं आए तो कोलकाता में होगा प्रदर्शन : सरयू राय

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**पूर्वी सिंहभूम।** रेल यात्रियों की समस्याओं को लेकर आंदोलन तेज करते हुए रेल यात्री संघर्ष समिति ने रेलवे प्रशासन के खिलाफ बड़ा ऐलान किया है। समिति के संरक्षक और जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने कहा है कि यदि 27 मई को चक्रधरपुर-खड़गपुर जोन के महाप्रबंधक टाटानगर आते हैं तो उनका जोरदार विरोध किया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि यदि विरोध की आशंका से जीएम टाटानगर नहीं आते हैं तो समिति के सदस्य कोलकाता पहुंचकर उनके कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करेंगे। रविवार को घाटशिला रेलवे स्टेशन के सामने आयोजित रेल यात्री संघर्ष समिति के हस्ताक्षर अभियान में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए सरयू राय ने रेलवे प्रशासन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि चक्रधरपुर मंडल के डीआरएम हाल ही में उनके आवास पर आए थे और ट्रेनों की लेटलतीफी दूर करने का आश्वासन दिया था,लेकिन अब तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर यात्री ट्रेनों को रोककर मालगाड़ियों को प्राथमिकता देने का निर्णय किस स्तर पर लिया गया। उन्होंने कहा कि यदि रेलवे अधिकारी जवाब नहीं देंगे तो समिति आरटीआई के जरिए पूरी जानकारी निकालेगी। सरयू राय ने आरोप लगाया कि रेलवे ने मालगाड़ियों की संख्या बढ़ाकर केवल वाहवाही लूटने का काम किया है,जबकि आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि टाटानगर स्टेशन पर मुख्य प्लेटफॉर्म तक पर मालगाड़ियां खड़ी रहती हैं और घाटशिला स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर भी मालगाड़ी खड़ी देखी गई। उन्होंने कहा कि जब रेलवे के पास पर्याप्त क्षमता नहीं है तो इस तरह की व्यवस्था लागू क्यों की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अब वंदे भारत जैसी ट्रेनें भी विलंब से चलने लगी हैं, जो रेलवे की बदहाल व्यवस्था को दशार्ता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेल यात्री संघर्ष समिति के संयोजक शिवशंकर सिंह ने कहा कि रेलवे को हर हाल में सुधरना होगा और ट्रेनों को समय पर चलाना ही होगा। उन्होंने कहा कि आंदोलन अब टाटानगर से निकलकर घाटशिला तक पहुंच चुका है और जब तक ट्रेनों की समयबद्धता सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर शिवरतन अग्रवाल, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, दीपक प्रसाद, सुशील वेशल, वीर सिंह देवलाभ, स्मारिक शुक्ला, पप्पू सिंह, प्रिंस प्रसाद, प्रतीक उपाध्याय, सागर दीप मल्ला, गुल्लू पातर, पिंकी सिंह, गुड्डी परवीन, आरती कुमारी, अमित पात्री, वोखल सरदार, कन्हैया सिंह, सुबोध श्रीवास्तव, कुलविंदर सिंह पन्नू, सतीश सिंह, राजीव चौधरी, अजय कुमार, मुकेश सिंह, शैलेश कारू, एस. चंद्रशेखर, संजीव सिंह, अशोक सिंह, विनीत कुमार, विक्की बादशाह, प्रकाश कोया, दुर्गा राव, राजू सिंह, बीरू सिंह और रामदेव हेम्ब्रम समेत कई लोग मौजूद थे।

## आदित्यपुर थाना परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



**आदित्यपुर।** बैठक में ईद उल अजहा, यानी बकरीद का पर्व पूरे उत्साह के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सरायकेला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने की। उन्होंने बकरीद के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपस्थित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर आदित्यपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की, अधिवक्ता ओमप्रकाश, जगदीश नारायण चौबे, समाजवैज्ञानिक रविन्द्रन नाथ चौबे और रिटायर डीएसपी सरयू पासवान सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य त्योहार के दौरान शहर में आपसी सौहार्द और शांति व्यवस्था कायम रखना था।

## कोयलांचल क्षेत्र में जलापूर्ति संकट की आशंका

**धनबाद।** बोकारो सीमा से सटे दामोदर नदी में हो रहे अवैध बालू खनन से नदी की मुख्य जलधारा खतरनाक रूप से संकीर्ण होकर एक किनारे सिमटती जा रही है। इससे पर्यावरण एवं प्राकृतिक स्वरूप पूरी तरह बिगड़ चुका है। इसकी वजह से कोयलांचल में पेयजल संकट खड़ा होना तय है, क्योंकि धनबाद और पड़ोसी क्षेत्रों में लाखों की आबादी अपनी दैनिक जलापूर्ति और पीने के पानी के लिए पूरी तरह से दामोदर नदी पर निर्भर है। उक्त बातें आप के नेता शदरे आलम ने कही। यह खेल सिर्फ पानी की किल्लत तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह करोड़ों रुपए के सरकारी संपत्ति को भी निगलने पर आमादा है। पुलों के पिलरों के ठीक नीचे से रेत निकाले जा रहे हैं। जिसके कारण पुलों के नींव खोखली और बारिश के दिनों में वेग बढ़ने से पिलर कमजोर होने का भी खतरा है।

## बिहार सरकार के मंत्री विजय सिन्हा ने की बाबा बैद्यनाथ की पूजा



**देवघर।** बिहार सरकार के कृषि एवं खान मंत्री विजय कुमार सिन्हा बाबा नगरी देवघर पहुंचे। महादेव का दर्शन पूजन किया। उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच प्रशासनिक भवन ले जाया गया, जहां पर संकल्प कराकर उन्हें बाबा मंदिर में पूजा अर्चना कराई गई। उन्होंने कहा कि जब बिहार झारखंड एक ही था, तब उनका उपनयन संस्कार यहीं पर हुआ था। बाबा बैद्यनाथ से मेरी कामना है कि बिहार झारखंड का मान सम्मान बढ़कर अराजकता से मुक्त हो। बिहार का परचम फिर से पूरे देश में लहराकर इसकी सांस्कृतिक विरासत और संस्कार से पूरे देश के लोग गौरवान्वित महसूस करें। इस दौरान उनके साथ पार्टी के कई कार्यकर्ता भी मौजूद थे। मंदिर में पहुंचने से पूर्व शिवगंगा तालाब गए। यहां उन्होंने शिव गंगा के जल से पवित्र होकर बाबा मंदिर पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचे थे।

## देवीपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**देवघर।** बकरीद पर्व को लेकर देवीपुर थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न समुदायों के लोग उपस्थित रहे। इस दौरान थाना प्रभारी ने सभी से बकरीद पर्व को आपसी भाईचारा, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। थाना प्रभारी ने सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों एवं भ्रामक पोस्टो से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या सूचना की तत्काल प्रशासन को जानकारी देने का आग्रह किया। पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने में आम लोगों से सहयोग करने की अपील की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि तेज नारायण वर्मा जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मुकेश यादव, प्रमुख प्रतिनिधि नीलम यादव, उप प्रमुख मिथिलेश यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य महेंद्र यादव, मुखिया श्रीकांत मंडल, प्रधान संघ के अध्यक्ष वरुण राय, समाजसेवी शिव शंकर यादव, सलीम अंसारी, हैदर अली, रुद्र नारायण सिंह, राजेश राय समेत कई लोग मौजूद थे।

# टीबी मरीजों के बीच फूड बास्केट वितरित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग लगातार सक्रिय है। इसी कड़ी में रविवार को सदर अस्पताल चाईबासा स्थित कुपोषण उपचार केंद्र में 100 टीबी मरीजों के बीच पोषण युक्त फूड बास्केट का वितरण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व उपायुक्त मनीष कुमार ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त मनीष कुमार ने निक्षय मित्र बनते हुए 51 टीबी मरीजों को गोद लिया और उन्हें पोषण सामग्री उपलब्ध कराई। वहीं सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी और सदर अंचलाधिकारी उपेंद्र कुमार ने 11-11 मरीजों को गोद लिया। नगर परिषद चाईबासा के कार्यपालक पदाधिकारी ने ०4, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक ने ०5, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने ०5, एनएचएम डीडीएम ने ०5 एवं डिस्ट्रिक्ट एपिडेमियोलॉजिस्ट ने ०5 मरीजों को गोद लेकर उन्हें फूड बास्केट दिया।

# विस्थापित ग्रामीणों से मिले विधायक प्रतिनिधि, समस्याएं सुनीं

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** चितरा क्षेत्र में विस्थापन से प्रभावित ग्रामवासियों की समस्याओं को लेकर सारठ विधायक प्रतिनिधि राहुल सिंह ने ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को गंभीरता पूर्वक सुना। ग्रामीणों ने विस्थापन से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं, मुआवजा और पुनर्वास संबंधी मांगों को विधायक प्रतिनिधि के समक्ष रखा। राहुल सिंह ने कहा कि ग्रामीणों की सभी मांगों और समस्याओं को सारठ विधायक के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा, ताकि उनका शीघ्र निराकरण हो सके। उन्होंने प्रभावित ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं के समाधान और अधिकारों की रक्षा को लेकर हरसंभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# धनबाद में फूड सेफ्टी ऑन व्हील का अभियान, स्ट्रीट फूड की जांच शुरू

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** धनबाद में खाद्य सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन अब सख्त नजर आ रहा है। उपायुक्त के निर्देश पर रविवार से दो दिवसीय विशेष जांच अभियान की शुरूआत की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ राजा कुमार के नेतृत्व में ह्लफूड सेफ्टी ऑन व्हीलह्व के जरिए जिलेभर में स्ट्रीट फूड विक्रेताओं, मिठाई दुकानों, होटल और रेस्टोरेंट के खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है। मौके पर ही सैंपल की जांच कर गड़बड़ी मिलने पर खाद्य पदार्थ नष्ट करवाए गए और संबंधित दुकानदारों को चेतावनी दी गई। धनबाद के सरायढेला मार्केट से शुरू हुए इस अभियान में फूड सेफ्टी ऑन व्हील की टीम ने कई स्ट्रीट फूड दुकानों से खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। रांची से आई मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब में मौजूद फूड एनालिस्ट द्वारा मौके पर ही जांच की गई। जांच के दौरान कई खाद्य पदार्थों में खामियां मिलने पर उन्हें तुरंत फिंकवा दिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ राजा कुमार ने बताया कि हाल के दिनों में झारखंड में स्ट्रीट फूड खाने से कई लोगों और बच्चों के बीमार पड़ने की घटनाओं को देखते हुए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को चेतावनी देकर छोड़ा जा रहा है, लेकिन दोबारा गड़बड़ी मिलने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं होटल और रेस्टोरेंट में जांच के दौरान अनियमितता मिलने पर ऑन द स्पॉट कार्रवाई की जाएगी। इधर मौके पर मौजूद ग्राहकों और दुकानदारों ने भी इस अभियान का स्वागत किया। लोगों ने कहा कि जांच सिर्फ छोटे स्ट्रीट फूड विक्रेताओं तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि बड़े होटल और रेस्टोरेंट में भी नियमित रूप से जांच अभियान चलाया जाना चाहिए। फिलहाल जिला प्रशासन का यह अभियान अगले दो दिनों तक जारी रहेगा और जिलेभर के खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की जाएगी, ताकि लोगों को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री मिल सके।

# झरिया में 12 घंटे ब्लैकआउट पर बवाल

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** धनबाद के झरिया में 12 घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति ठप रहने से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। भीषण गर्मी और पानी की किल्लत से परेशान लोगों ने डिगवाडीह बिजली स्टेशन का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलने पर झरिया विधायक रागिनी सिंह भी मौके पर पहुंचीं और विभागीय अधिकारियों को जल्द बिजली बहाल करने का निर्देश दिया। विधायक ने झारखंड सरकार और विभागीय अधिकारियों पर गंभीर आरोप भी लगाए। झरिया क्षेत्र में लगातार 12 घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति ठप रहने से लोगों की परेशानी बढ़ गई। भीषण गर्मी के बीच बिजली नहीं रहने से पेयजल संकट गहरा गया और लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों और स्थानीय निवासियों ने डिगवाडीह बिजली स्टेशन पहुंचकर बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया और स्टेशन का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर झरिया विधायक रागिनी सिंह मौके पर पहुंचीं। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और बिजली विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि आम जनता को घंटों बिजली संकट में छोड़ना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने व्यवस्था में सुधार करने और जल्द समाधान निकालने की बात कही। साथ ही उन्होंने झारखंड सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से बिजली चोरी कराई जा रही है। वहीं बिजली विभाग की ओर से तकनीकी खराबी के कारण बिजली बाधित होने की बात कही गई है। विभाग ने जल्द आपूर्ति सामान्य करने का आश्वासन दिया है।

# ग्रीष्मकालीन गणित ओलंपियाड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** कृषि उद्योग और किसान विकास समिति, देवघर के तत्वावधान में सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन गणित ओलंपियाड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ रविवार को ओम् सदाशिव कॉलेज ऑफ फामेर्सी, सगदाहा, जसीडीह में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर ओम् सदाशिव कॉलेज के निदेशक उदित कुमार देव, सहायक प्राचार्य संतोष कुमार झा, डॉ युगल किशोर सिंह, कोठिया उत्क्रमित विद्यालय के प्राचार्य कुणाल, विजीपीटी क्लासेस के निदेशक विकास विश्वास सहित अन्य उपस्थित थे। शिविर में लगभग 20 गांवों के 18 विद्यालयों से कुल 72 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें 28 लड़कियां एवं 44 लड़के शामिल हैं। प्रतिभागी विद्यार्थी कक्षा ०८ वीं से १२ वीं तक के हैं। प्रशिक्षण के दौरान भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर, मुंबई से जुड़े झारखंड राज्य के सहायक समन्वयक डॉ युगल किशोर सिंह ने बच्चों को संख्या पद्धति, गिनने और चुनने के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने गणित को कहानियों और रोचक उदाहरणों के माध्यम से समझाते हुए बच्चों में गणित एवं ओलंपियाड परीक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने का प्रयास किया।

# गिरिडीह जेल में उपायुक्त और एसपी के नेतृत्व में चला छापेमारी अभियान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गिरिडीह।** गिरिडीह के उपायुक्त( जिलाधिकारी) रामनिवास यादव और एसपी डॉ बिमल कुमार के नेतृत्व में शनिवार रात केंद्रीय कारा में छापेमारी की गयी। टीम ने पुरुष वार्ड के सभी पांच ब्लॉकों के 20 वार्डों और महिला वार्ड की दो घंटे तक तलाशी ली। प्रत्येक वार्ड में बंदियों, कमरों और परिसरों की जांच-पड़ताल की गयी। महिला वार्ड की तलाशी महिला अधिकारियों और महिला पुलिसकर्मियों ने की। जिलाधिकारी व एसपी के अलावा एसडीएम श्रीकांत विस्पुते ने भी कारा की सुरक्षा व्यवस्था, संतरी व्यवस्था, मुलाकात के नियम तथा जेल के भीतर पानी और सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का निरीक्षण किया। जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिये गये। कार्रवाई में दंडाधिकारी बिनोद सिंह, डीएसपी वन नीरज कुमार सिंह, एसडीपीओ सदर जीतबाहन उरांव, एसडीपीओ डुमरी आबिद खान, बीडीओ गणेश रजक, सीओ जितेंद्र प्रसाद, मुफ्फसिल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो शामिल हुए। नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, इंस्पेक्टर कमलेश पासवान, पचम्बा थाना प्रभारी राजीव कुमार के साथ ताराटांड, गांडेय और अहिल्यापुर थाना के पदाधिकारी भी कार्रवाई में शामिल हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि तलाशी का मकसद कारा की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा किसी भी गैरकानूनी सामग्री या सुरक्षा खामियों का तुरंत पता लगाना था। उन्होंने बताया कि संतरी किस प्रकार तैनात रहते हैं, उनकी ड्यूटी रोटेशन और मुलाकात के नियमों की पूरी जानकारी ली गयी। आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिये गये।

# बॉक्सिंग की प्रैक्टिस कर रहे किशोर की मौत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** साकचीथाना क्षेत्र के काशीडीह लाइन नंबर-5 निवासी 15 वर्षीय पीयूष पटेल की बॉक्सिंग प्रैक्टिस के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना शनिवार शाम की है। इस घटना के बाद परिवार सहित पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के मुताबिक पीयूष रोज की तरह शनिवार को भी काशीडीह कम्युनिटी सेंटर में बॉक्सिंग का अभ्यास करने पहुंचा था। वह रिंग में अभ्यास कर रहा था और पंचिंग कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और वह जमीन पर गिर पड़ा। उसे गिरता देख वहां मौजूद अन्य खिलाड़ी और कोच तुरंत उसकी मदद के लिए पहुंचे। काफी देर तक उसे होश में लाने की कोशिश की गई, लेकिन जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो उसे तत्काल इलाज के लिए टाटा मेन हॉस्पिटल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज शुरू किया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद पीयूष को बचाया नहीं जा सका। सूचना मिलने पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली। प्राथमिक जांच में डॉक्टरों ने आशंका जताई है कि भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण पीयूष को हार्ट अटैक आया होगा। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और रविवार को शव परिजनों को सौंप दिया।

## संक्षिप्त

### टाटानगर स्टेशन परिसर में मिले दो कोबरा सांप, यात्रियों में मचा हड़कंप

**पूर्वी सिंहभूम।** टाटानगर रेलवे स्टेशन परिसर में रविवार सुबह उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब स्टेशन के पोर्टिको के पास रखी दो टोकरियों में सांप होने की सूचना फैली। देखते ही देखते मौके पर यात्रियों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। बाद में सर्प रक्षक मिथलेश श्रीवास्तव उर्फ छोटू ने मौके पर पहुंचकर दोनों कोबरा सांपों का सुरक्षित रेस्क्यू किया। जानकारी के अनुसार सुबह स्टेशन परिसर से गुजर रहे कुछ यात्रियों की नजर पोर्टिको के समीप रखी टोकरियों पर पड़ी। टोकरियों में हलचल होने पर लोगों को शक हुआ। पास जाकर देखने पर उसमें सांप दिखाई दिए, जिसके बाद वहां मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय टेम्पो चालकों ने तुरंत इसकी सूचना सर्प रक्षक मिथलेश श्रीवास्तव को दी। सूचना मिलते ही मिथलेश श्रीवास्तव स्टेशन पहुंचे और सावधानीपूर्वक टोकरियों की जांच की। उन्होंने बताया कि दोनों टोकरियों के भीतर जहरीले कोबरा सांप मौजूद थे। आशंका जताई जा रही है कि कोई अज्ञात सपेरा दोनों सांपों को वहां छोड़कर चला गया था। सर्प रक्षक मिथलेश श्रीवास्तव ने बताया कि यदि समय रहते सांपों को नहीं पकड़ा जाता, तो स्टेशन परिसर में कोई बड़ी अप्रिय घटना हो सकती थी। उन्होंने सुरक्षित तरीके से दोनों कोबरा का रेस्क्यू कर उन्हें अपने कब्जे में लिया। इसके बाद दोनों सांपों को पास के जंगल में छोड़ दिया।

### छात्रा का शव पेड़ से लटका मिला, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम।** बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत नूतनडीह गांव में कक्षा 9 की छात्रा माला सिंह का शव पेड़ से लटका हुआ पुलिस ने रविवार को बरामद किया है। शव गांव से करीब दो किलोमीटर दूर जंगलनुमा क्षेत्र में एक पेड़ से लटका मिला। मामले को लेकर जहां पुलिस प्रथम दृष्ट्या खुदकुशी बता रही है, वहीं ग्रामीणों और परिजनों ने घटना पर संदेह जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार माला सिंह 21 मई की शाम घर से यह कहकर निकली थी कि वह तालाब में नहाने जा रही है। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। लगातार तलाश के बाद रविवार को ग्रामीणों ने उसका शव पेड़ से लटका देखा।

## जमशेदपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय नदी पर्वत सम्मेलन का समापन

# माई कह कर कमाई करेंगे तो न नदी बचेगी, न पहाड़ : राजेंद्र सिंह

**जलपुरुष ने प्राकृतिक संसाधनों के दोहन पर जताई चिंता**

**'जमशेदपुर घोषणा पत्र' में पर्वत संरक्षण विधेयक के सुझाव**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**जमशेदपुर।** यदि हम प्रकृतिक संसाधनों को केवल 'माई' (खदान) समझकर कमाई का जरिया बनाएंगे, तो इस देश में न नदियां बचेंगी और न ही पहाड़। नदी और पहाड़ को केवल आर्थिक इंफ्रास्ट्रक्चर मानना पूरी तरह गलत है। दुर्भाग्य की बात है कि आज भारत के विकास में प्राकृतिक संसाधनों को इसी विनाशकारी नजरिए से देखा जा रहा है। यह बात साकची स्थित मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय नदी पर्वत सम्मेलन के समापन समारोह में मैग्सेसे पुरस्कार विजेता और 'जलपुरुष' के नाम से विख्यात राजेंद्र सिंह ने कही।

सम्मेलन के आखिरी दिन शनिवार को सर्वसम्मति से ऐतिहासिक जमशेदपुर घोषणा पत्र जारी किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में राजेंद्र सिंह ने केंद्र सरकार की नीतियों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि आज सरकार का एजेंडा रेयर मैटेरियल (दुर्लभ खनिजों) को ज्यादा से ज्यादा जमीन से निकालना है, जबकि हमारा रास्ता और पर्यावरण कानून इसके बिल्कुल विपरीत हैं। उन्होंने कहा कि केवल ड्राफ्ट बना देने से कानून नहीं बनेगा, बल्कि इसके लिए देशव्यापी माहौल तैयार करना होगा।

इसके लिए उन्होंने इंटरनेट मीडिया (सोशल मीडिया), पारंपरिक मीडिया और जन-संवाद के भरपूर इस्तेमाल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों के लोग और विद्यार्थी इस आंदोलन में सबसे प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब से विकास का यह नया कॉर्पोरेट मॉडल आया है, हमारे पारंपरिक ज्ञान का विस्थापन हो गया है। इस तथाकथित विकास में ही विनाश छिपा है।

**सम्मेलन के दौरान प्रस्तावित कानून के मसौदे को लेकर देश के विभिन्न हिस्सों से आए विशेषज्ञों ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए : -**

**सरल भाषाः** प्रस्तावित कानून की भाषा बेहद सरल होनी चाहिए ताकि एक आम आदमी भी इसे आसानी से समझ सके।

**पारदर्शी व्यवस्था :** कानून का स्वरूप ऐसा हो जहां गोलाकार टेबल पर जज और वकील बैठकर सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्यावरण मामलों पर चर्चा कर सकें।

**वैज्ञानिक संस्थानों को शक्ति : पर्यावरण** से जुड़े वैज्ञानिक संस्थानों को इस कानून के तहत विशेष अधिकार दिए जाएं।

**सटीक परिभाषा :** 'पहाड़' की एक सम्यक और वैज्ञानिक परिभाषा तय की जाए, ताकि भविष्य में कोई इसे कानूनी चुनौती न दे सके।

**खनन और ब्लास्टिंग पर रोक :** वैध और अवैध खनन पर विस्तार से चर्चा हो और पहाड़ों पर होने वाली भारी ब्लास्टिंग पर पूर्णतः रोक लगाई जाए।

**रिवर बेसिन प्रोटेक्शन :** नदियों के बेसिन क्षेत्र के संरक्षण को भी इस कानून के दायरे में लाया जाए।

**क्या है 'जमशेदपुर घोषणा पत्र'**

तरुण भारत संघ, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद, जल बिरादरी, युगांतर भारती, नेचर फाउंडेशन, स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट तथा मिशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिनों के मैराथन मंथन के बाद शनिवार को 'जमशेदपुर घोषणा पत्र' जारी किया गया। इसके 10 प्रमुख बिंदु निम्नलिखित हैं : -

**पारितंत्र का महत्व :** यह स्वीकार करना कि पर्वतीय पारितंत्र देश की जल सुरक्षा, नदियों के पुनर्जीवन और करोड़ों लोगों की आजीविका के लिए मुख्य आधार हैं।

**जलग्रहण क्षेत्रों की रक्षा :** उन सभी पर्वतीय जलग्रहण क्षेत्रों और जलस्रोतों की रक्षा का संकल्प, जो नदियों और भूजल को रिचार्ज करते हैं।

**पारंपरिक ज्ञान का सम्मान :** पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी और स्थानीय समुदायों को पहाड़ों का मुख्य संरक्षक मानना और उनके पारंपरिक ज्ञान का सम्मान करना।

**विधिक ढांचा :** पर्वतीय क्षेत्रों को प्रभावित करने वाली व्यावसायिक गतिविधियों के नियमन हेतु एक समग्र, पारितंत्र-आधारित कानूनी ढांचा तैयार करना।

**नदियों-पहाड़ों के अधिकार :** नदियों और पहाड़ों के अपने प्राकृतिक अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए मजबूत संस्थागत व्यवस्था स्थापित करना।

**देशव्यापी परामर्श :** भारत के पर्वतीय पारितंत्रों के लिए विधिक ढांचा तैयार करने हेतु पूरे देश में व्यापक परामर्श और संगोष्ठियों का आयोजन करना।

**एक वर्ष की समयसीमा :** इस घोषणा की तिथि (23 मई 2026) से एक वर्ष के भीतर कानूनी ढांचे के अंतिम प्रारूप को तैयार करने का लक्ष्य।

**हितधारकों से अपील :** नागरिक समाज संगठनों, शिक्षाविदों, पर्यावरण वैज्ञानिकों, समाज वैज्ञानिकों, विधिवेत्ताओं और आदिवासी प्रमुखों को इस विधिक ढांचे के निर्माण में जोड़ना।

**संसद में विधेयक की मांग :** राज्य सरकारों और भारत सरकार से यह आग्रह करना कि इस तैयार मसौदे पर विचार कर इसे पर्वत संरक्षण अधिनियम के रूप में देश की विधानसभाओं और लोकसभा व राज्यसभा में पारित कराया जाए।

**समर्पण का संकल्प :** सभी प्रतिनिधियों द्वारा इस घोषणा-पत्र को अंगीकृत करते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति स्वयं को समर्पित करना।

## बिजली कटौती से जनजीवन प्रभावित, व्यवस्था सुधारने की मांग



**देवघर।** भीषण गर्मी और उमस भरे मौसम के बीच शहर में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर संथाल परगना चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य अजय कुमार ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से देवघर की बदहाल बिजली व्यवस्था को शीघ्र दुरुस्त करने की मांग की है। अजय कुमार ने कहा कि लगातार बिजली कटौती से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। खासकर देवघर आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को भीषण गर्मी के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अनियमित बिजली आपूर्ति का असर शिक्षा, कृषि, व्यापार और उद्योग पर भी पड़ रहा है। बिजली नहीं रहने से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बाधित हो रही है, वहीं व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने बिजली विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि लगातार बिगड़ती व्यवस्था के बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही है। अजय कुमार ने सरकार से अविलंब बिजली व्यवस्था में सुधार हेतु प्रभावी कदम उठाने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## ऑटो चालकों ने पकड़ा शातिर ठग



**पूर्वी सिंहभूम।** गोलमुरी थाना क्षेत्र स्थित आकाशदीप प्लाजा के समीप रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ऑटो चालकों ने लोगों से ठगी करने वाले एक युवक को खदेड़कर पकड़ लिया। आरोपित पर आरोप है कि वह लंबे समय से ऑटो चालकों और राहगीरों को झांसा देकर रुपये ऐंठने का काम कर रहा था। लगातार हो रही घटनाओं से परेशान चालकों ने उसकी पहचान कर रखी थी और मौके की तलाश में थे। रविवार को युवक ने फिर उसी तरीके से ठगी का प्रयास किया, लेकिन इस बार वह लोगों के हत्थे चढ़ गया। भुक्तभोगी ऑटो चालक राव ने बताया कि आरोपित युवक पहले भी उससे करीब तीन हजार रुपये ठग चुका था। रविवार को युवक ने दोबारा उसे अपने जाल में फंसाने की कोशिश की। उसने चालक से कहा कि मस्जिद के पास से एक महिला और युवती को लेकर साकची स्थित सागर होटल से डायमंड मार्केट तक जाना है, जहां शादी समारोह में शामिल होना है। इसके लिए 100 रुपये किराया तय किया गया। इसके बाद युवक ने पास के एक मकान की ओर इशारा करते हुए कहा कि वह ऊपर से पैसे लेकर आता है। इसी दौरान उसने चालक से तीन हजार रुपये के छुट्टे मांगे। राव ने उसे तुरंत पहचान लिया और उसकी बांह पकड़ ली। खुद को फंसता देख आरोपी वहां से भागने लगा और अपनी स्कूटी छोड़कर फरार होने की कोशिश की। ऑटो चालक के शोर मचाने पर आसपास मौजूद अन्य चालक और स्थानीय लोग भी मौके पर जुट गए। लोगों ने कुछ दूरी तक पीछा कर युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 500-500 रुपये के कई नोट बरामद हुए। इसके बाद लोगों ने उसकी स्कूटी भी अपने कब्जे में ले ली। घटना की सूचना मिलने पर गोलमुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को हिरासत में लेकर थाने चली गई। गोलमुरी थाना प्रभारी संजय सुमन ने बताया कि उससे पूछताछ कर रही है और उसके खिलाफ मिली शिकायतों की जांच में जुटी हुई है। वहीं, स्थानीय ऑटो चालकों ने पुलिस से आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में वह किसी अन्य व्यक्ति को अपना शिकार न बना सके।

# पलामू में निजी क्लीनिक में किशोर की मौत पर सड़क जाम और हंगामा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

निजी क्लीनिक में किशोर की मौत पर सड़क जाम और हंगामा

पलामू। जिले हैदरनगर क्षेत्र में एक कथित झोलाछाप चिकित्सक के क्लीनिक में इलाज के दौरान 16 वर्षीय किशोर की मौत के बाद इलाके में भारी आक्रोश फैल गया। चार घंटे तक सड़क जाम कर हंगामा किया गया। परिजन और ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए अस्पताल को सील कर दिया। इसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ। रविवार दोपहर शव का एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम किया गया। इससे पहले शनिवार देर रात तक हंगामा हुआ। मृतक की पहचान बुद्धी बिगहा गांव निवासी विक्की ठाकुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार विक्की ठाकुर को उल्टी हुई थी। उसे इलाज के लिए मस्जिद मोहल्ला स्टेट डॉक्टर वाजिद अली के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि इलाज के दौरान लापरवाही बरती गई। गलत इंजेक्शन देने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और लोग शव के साथ सड़क पर उतर आए। आक्रोशित ग्रामीणों ने हंगामा और प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की।

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित निजी क्लीनिकों और कथित झोलाछाप चिकित्सकों के कारण लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा अवैध क्लीनिकों के खिलाफ अभियान चलाने की मांग उठाई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। परिजन और ग्रामीण कार्रवाई की मांग को लेकर पड़े रहे।

# टुंडी में हाथियों का आतंक, स्कूल और घर तोड़े

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** धनबाद जिले के टुंडी प्रखंड क्षेत्र में एक बार फिर जंगली हाथियों के झुंड ने भारी तबाही मचाई है। करीब 35 हाथियों का झुंड शनिवार देर रात जाताखुटी पंचायत के दालुगोड़ा गांव में घुस आया। हाथियों ने पहले स्कूल को क्षतिग्रस्त किया और वहां रखे मिड डे मील का अनाज खा गए। इसके बाद एक ग्रामीण के घर को तोड़ दिया। अचानक हाथियों के हमले से गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोग किसी तरह जान बचाकर घरों से भागे। सूचना मिलने पर मशालची पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद हाथियों के झुंड को गांव से खदेड़ा गया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और ग्रामीण रातभर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं। टुंडी थाना क्षेत्र के जाताखुटी पंचायत स्थित दालुगोड़ा गांव में शनिवार देर रात करीब 35 जंगली हाथियों का झुंड घुस आया। हाथियों ने सबसे पहले रंगामाटिया स्कूल को निशाना बनाया। स्कूल का दरवाजा और दीवार तोड़कर हाथियों ने वहां रखे मिड डे मील का अनाज चट कर दिया। इसके बाद हाथियों का झुंड गांव के निवासी रामलाल मुर्मू के घर पहुंचा और घर को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। उस समय घर के सभी सदस्य सो रहे थे। अचानक हाथियों के घर में घुसने से परिवार में चीख-पुकार मच गई। महिलाएं बच्चों को गोद में लेकर किसी तरह जान बचाकर बाहर भागीं। पीड़ित रामलाल मुर्मू और उनकी पत्नी चंदौली मुर्मू ने बताया कि इसी साल जनवरी महीने में भी हाथियों ने उनका घर तोड़ दिया था। उस नुकसान से परिवार अभी उबर भी नहीं पाया था कि एक बार फिर हाथियों ने घर उजाड़ दिया। घर में रखा करीब 10 से 12 मन धान और 4 से 5 मन चावल भी हाथी खा गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मशालची मौके पर पहुंचे और मशाल जलाकर काफी देर तक हाथियों को गांव से बाहर खदेड़ने का प्रयास किया। फिलहाल ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और लोग पूरी रात जागकर पहरा दे रहे हैं।

# श्री बालाजी अन्न प्रसादम में उमड़ी आस्था, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** जिला अग्रवाल सम्मेलन और आंध्र भक्त श्री राम मंदिरम समिति के संयुक्त तत्वावधान में साकची स्थित श्री राम मंदिर कल्याण मंडपम में भव्य श्री बालाजी अन्न प्रसादम कार्यक्रम में भक्ति का माहौल देखने को मिला। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में भगवान श्री वेंकटेश्वर बालाजी की कृपा और दक्षिण भारतीय धार्मिक परंपराओं की छटा से सजा यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम में शहर और आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक अन्न प्रसादम ग्रहण किया। पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल गोल्डी ने बताया कि सनातन संस्कृति और सेवा भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस धार्मिक आयोजन का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि भगवान बालाजी का अन्न प्रसादम ग्रहण करना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है और इस आयोजन का उद्देश्य समाज में भक्ति, सेवा और एकता का संदेश फैलाना है। मंदिर परिसर को दक्षिण भारतीय शैली में आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंग-बिरंगी फूलों की सजावट, पारंपरिक दीप और धार्मिक प्रतीकों ने श्रद्धालुओं को तिरुपति धाम जैसा आध्यात्मिक अनुभव कराया। दोपहर में ब्राह्मण भोजन के बाद अन्न प्रसादम वितरण शुरू हुआ। श्रद्धालुओं के बैठकर प्रसाद ग्रहण करने की विशेष व्यवस्था की गई थी। प्रसाद में दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुरूप सात्विक व्यंजन परोसे गए। आयोजन स्थल पर सेवा कार्य में जुटे स्वयंसेवकों ने पूरी श्रद्धा और अनुशासन के साथ श्रद्धालुओं की सेवा की। गर्मी को देखते हुए ठंडे पानी, छाछ और अन्य पेय पदार्थों की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल भी सपरिवार रांची से पहुंचे और कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान बालाजी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने आयोजन की भव्यता और सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं।

# दिनदहाड़े महिला से पर्स छिनतई, सड़क पर गिरकर हुई घायल

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर में बाइक सवार दो अपराधियों ने दिनदहाड़े एक महिला से पर्स छीन लिया। छिनतई के दौरान महिला चलती बाइक से सड़क पर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों अपराधी बाग-ए-जमशेद गोलचक्कर की ओर होते हुए साकची की तरफ फरार हो गए। घायल महिला की पहचान नीतू पांडेय के रूप में हुई है। उनके पति गौरी शंकर पांडेय ने बताया कि दोनों साकची स्थित ओल्ड बुक स्टोर से लौट रहे थे। वे जेआरडी कॉम्प्लेक्स के रास्ते बीएसएनएल ऑफिस की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कीनन स्टेडियम के पास पीछे से एक बाइक पर सवार दो युवक तेजी से पहुंचे। उनमें से एक युवक ने लाल रंग की टोपी पहन रखी थी। गौरी शंकर पांडेय के अनुसार अपराधियों ने अचानक उनकी पत्नी का पर्स झपट लिया। झटका इतना तेज था कि नीतू पांडेय संतुलन खो बैठीं और सड़क पर गिर गईं। उस समय गौरी शंकर पांडेय अपनी बाइक से थोड़ा आगे निकल चुके थे। पत्नी के गिरने की आवाज सुनकर जब उन्होंने पीछे देखा, तब तक दोनों बदमाश तेजी से भाग चुके थे।

## संपादकीय

### संबंधों की नई मजबूती

**भारत** और इटली के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी ऐसे समय में सामने आई है, जब दुनिया राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक चुनौतियों और सुरक्षा संकटों से गुजर रही है। बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच दोनों देशों का रक्षा, व्यापार, तकनीक और सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का निर्णय केवल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भविष्य की वैश्विक साझेदारियों की दिशा भी तय करता है। भारत और इटली ने वर्ष 2029 तक व्यापार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का जो लक्ष्य तय किया है, वह दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बढ़ते विश्वास को दशार्ता है। यूरोपीय संघ में इटली भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और ऐसे में यह साझेदारी भारत के लिए यूरोप में आर्थिक उपस्थिति मजबूत करने का अवसर बन सकती है। वैश्विक स्तर पर व्यापारिक अस्थिरता और आपूर्ति श्रृंखला संकट के दौर में यह सहयोग दोनों देशों को नई आर्थिक संभावनाएं दे सकता है। दुर्लभ खनिजों को लेकर हुआ समझौता विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण है। आधुनिक तकनीक, इलेक्ट्रिक वाहन, रक्षा उपकरण और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में इन खनिजों की भूमिका लगातार बढ़ रही है। भविष्य की अर्थव्यवस्था तकनीकी संसाधनों पर आधारित होगी और ऐसे में इस क्षेत्र में सहयोग भारत के लिए रणनीतिक रूप से लाभकारी साबित हो सकता है। आतंकवाद के खिलाफ साझा प्रयासों पर बनी सहमति भी समय की मांग है। आज आतंकवाद और उसके वित्तपोषण का नेटवर्क वैश्विक स्तर पर फैला हुआ है। भारत लंबे समय से आतंकवाद की चुनौती का सामना करता रहा है, जबकि यूरोप भी इससे अछूता नहीं है। ऐसे में सुरक्षा सहयोग दोनों देशों के बीच विश्वास को और मजबूत करेगा। इसके अलावा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में सहयोग भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर उठाया गया कदम है। दुनिया तेजी से तकनीकी प्रतिस्पर्धा की ओर बढ़ रही है और जो देश इन क्षेत्रों में आगे होंगे, वही आने वाले समय में आर्थिक और सामरिक रूप से मजबूत बनेंगे। भारत के लिए यह अवसर अपनी तकनीकी क्षमता को वैश्विक साझेदारी के माध्यम से विस्तार देने का है। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर सहयोग की प्रतिबद्धता भी काफी अहम है। यह परियोजना वैश्विक व्यापार और संपर्क के नए रास्ते खोल सकती है। इससे भारत को यूरोप तक तेज और बेहतर पहुंच मिलेगी, वहीं इटली को एशियाई बाजारों से जुड़ने का लाभ होगा। हालांकि किसी भी रणनीतिक साझेदारी की असली परीक्षा उसके क्रियान्वयन में होती है। समझौतों और घोषणाओं से आगे बढ़कर यदि दोनों देश इन्हें व्यवहारिक रूप देते हैं, तभी इनके वास्तविक परिणाम सामने आएंगे। फिर भी यह स्पष्ट है कि भारत और इटली के बीच बढ़ती निकटता आने वाले समय में आर्थिक, तकनीकी और सामरिक सहयोग का एक मजबूत आधार तैयार कर सकती है।

# अपराधमुक्त राजनीति से ही संभव है नया भारत

ललित गर्ग



**भारत** आज एक ऐतिहासिक संक्रमण काल से गुजर रहा है। एक ओर देश विकसित भारत-2047 के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, वैश्विक मंचों पर भारत की प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व राजनीति और कूटनीति के केंद्र में उभर रहा है, वहीं दूसरी ओर भारतीय राजनीति में अपराध, धनबल और बाहुबल की बढ़ती पैठ लोकतंत्र की आत्मा को आहत कर रही है। यह विडंबना ही है कि जिस भारत को विश्वगुरु बनने का स्वप्न दिखाया जा रहा है, उसकी राजनीति अभी भी अपराधमुक्त नहीं हो सकी है। हाल ही में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद सामने आए आंकड़ों ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। समाचार पत्रों में प्रकाशित एडीआर (ऐसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिपोर्ट) की रिपोर्ट के अनुसार पश्चिम बंगाल विधानसभा के लगभग 65 प्रतिशत विधायक आपराधिक मामलों वाले हैं, जबकि 61 प्रतिशत विधायक करोड़पति हैं। रिपोर्ट के अनुसार 294 विधायकों में से 190 विधायकों ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले घोषित किए हैं तथा लगभग 142 विधायकों पर गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इनमें हत्या, हत्या के प्रयास, महिलाओं के विरुद्ध अपराध और अन्य गंभीर मामले भी शामिल हैं। यह केवल पश्चिम बंगाल की स्थिति नहीं है। संसद और देश की अनेक विधानसभाओं की स्थिति भी इससे बहुत अलग नहीं है। पिछले कुछ वर्षों के चुनावी विश्लेषण बताते हैं कि उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना सहित अनेक राज्यों में बड़ी संख्या में ऐसे जनप्रतिनिधि चुनकर आए हैं जिन पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं। लोकतंत्र के मंदिरों में अपराध और दागी छवि वाले लोगों की बढ़ती उपस्थिति आज राष्ट्रीय चिंता का विषय बन चुकी है। राजनीति मूलतः लोकसेवा, नैतिक नेतृत्व और राष्ट्रनिर्माण का माध्यम मानी गई थी। महात्मा गांधी, जयप्रकाश नारायण, लाल बहादुर शास्त्री, अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं ने राजनीति को मूल्य आधारित दिशा दी। लेकिन समय के साथ राजनीति में वैचारिक प्रतिबद्धता का स्थान धीरे-धीरे चुनावी गणित, धनबल और प्रभावशाली समूहों ने लेना शुरू कर दिया। आज कई राजनीतिक दल उम्मीदवार चयन में योग्यता, चरित्र और जनसेवा की बजाय 'जीतने की क्षमताइ को प्राथमिकता देते दिखाई देते हैं। यही कारण है कि दागी छवि वाले व्यक्तियों को भी टिकट देने में संकोच नहीं किया जाता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र की राजनीति में आने के बाद अनेक मंचों से राजनीति के अपराधीकरण पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने संसद में और सार्वजनिक मंचों पर कई बार कहा कि राजनीति को अपराधमुक्त बनाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों के शीघ्र निपटान के लिए विशेष अदालतों की आवश्यकता पर बल दिया। किंतु चिंता का विषय यह है कि आज भी लगभग सभी राजनीतिक दलों की स्थिति समान दिखाई देती है। चुनाव जीतने की मजबूरी और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के कारण दल अपराधी और दागी उम्मीदवारों को टिकट देने से परहेज नहीं कर पा रहे हैं। इस स्थिति के पीछे कई कारण हैं। पहला कारण है चुनावों का अत्यधिक खचीर्ला होना। आज चुनाव लड़ना सामान्य व्यक्ति की क्षमता से बाहर होता जा रहा है। बड़े संसाधनों वाले और आर्थिक रूप से प्रभावशाली लोग चुनावी प्रक्रिया में अधिक सक्रिय हो रहे हैं। दूसरा कारण है बाहुबल और प्रभाव का उपयोग। कई क्षेत्रों में आज भी राजनीतिक प्रभाव स्थापित करने के लिए शक्ति प्रदर्शन को महत्वपूर्ण माना जाता है। तीसरा कारण है न्यायिक प्रक्रिया की धीमी गति। गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों के वर्षों तक लंबित रहने के कारण आरोपी चुनाव लड़ते रहते हैं और जनप्रतिनिधि बन जाते हैं। राजनीति में अपराधीकरण का दूसरा बड़ा पक्ष है धनबल। पश्चिम बंगाल विधानसभा के आंकड़े बताते हैं कि 61 प्रतिशत विधायक करोड़पति हैं। यह प्रवृत्ति पूरे देश में दिखाई देती है। संसद और विधानसभाओं में करोड़पति जनप्रतिनिधियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रश्न यह है कि क्या लोकतंत्र धीरे-धीरे सामान्य नागरिक की पहुंच से दूर होता जा रहा है? यदि राजनीति केवल धनवान और प्रभावशाली वर्गों तक सीमित हो जाएगी तो लोकतंत्र की समावेशी भावना कमजोर होगी। इन परिस्थितियों में नागरिक समाज और लोकतांत्रिक संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। भारतीय मतदाता संगठन इस दिशा में उल्लेखनीय प्रयास कर रहा है। इसके संस्थापक रिखबचंद जैन के नेतृत्व में लंबे समय से राजनीति को स्वच्छ और अपराधमुक्त बनाने की दिशा में जनजागरण अभियान चलाए जा रहे हैं। संगठन मतदाता जागरूकता, नैतिक मतदान, स्वच्छ राजनीति और जिम्मेदार नागरिकता को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहा है। लोकतंत्र को केवल चुनावी प्रक्रिया नहीं, बल्कि मूल्य आधारित व्यवस्था मानते हुए यह संगठन समाज को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है कि मतदाता केवल जाति, धर्म, क्षेत्र या दलगत निष्ठा के आधार पर नहीं, बल्कि उम्मीदवार के चरित्र और सार्वजनिक जीवन को देखकर मतदान करें। इसी प्रकार एडीआर (ऐसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिपोर्ट) जैसे संगठन भी चुनावी पारदर्शिता और जनप्रतिनिधियों की पृष्ठभूमि सार्वजनिक करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। इन संगठनों के कारण आज मतदाताओं को उम्मीदवारों के आपराधिक मामलों, संपत्ति और शिक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध हो रही है। यह लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

> *प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र की राजनीति में आने के बाद अनेक मंचों से राजनीति के अपराधीकरण पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने संसद में और सार्वजनिक मंचों पर कई बार कहा कि राजनीति को अपराधमुक्त बनाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों के शीघ्र निपटान के लिए विशेष अदालतों की आवश्यकता पर बल दिया। किंतु चिंता का विषय यह है कि आज भी लगभग सभी राजनीतिक दलों की स्थिति समान दिखाई देती है। चुनाव जीतने की मजबूरी और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के कारण दल अपराधी और दागी उम्मीदवारों को टिकट देने से परहेज नहीं कर पा रहे हैं। इस स्थिति के पीछे कई कारण हैं। पहला कारण है चुनावों का अत्यधिक खचीर्ला होना। आज चुनाव लड़ना सामान्य व्यक्ति की क्षमता से बाहर होता जा रहा है। बड़े संसाधनों वाले और आर्थिक रूप से प्रभावशाली लोग चुनावी प्रक्रिया में अधिक सक्रिय हो रहे हैं। दूसरा कारण है बाहुबल और प्रभाव का उपयोग।*

राष्ट्रीय चुनाव आयोग भी इस दिशा में लगातार प्रयासरत है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद राजनीतिक दलों को उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड सार्वजनिक करने के निर्देश दिए गए हैं। उम्मीदवारों को शपथपत्र में अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि, संपत्ति और देनदारियों की जानकारी देना अनिवार्य किया गया है। चुनाव आयोग लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। किंतु केवल औपचारिक प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। इन प्रयासों को अधिक तीव्र, व्यापक और प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। आज आवश्यकता है कि राजनीति के अपराधीकरण के विरुद्ध राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक आंदोलन खड़ा किया जाए। इसके लिए कुछ ठोस कदम आवश्यक हैं- पहला, जिन उम्मीदवारों पर हत्या, बलात्कार, अपहरण, भ्रष्टाचार जैसे गंभीर आरोप न्यायालय द्वारा तय हो चुके हों, उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाने पर गंभीर विचार होना चाहिए। दूसरा, जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों के त्वरित निपटान हेतु विशेष न्यायालयों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि वर्षों तक मुकदमे लंबित न रहें। तीसरा, राजनीतिक दलों को दागी उम्मीदवारों को टिकट देने पर जवाबदेह बनाया जाए। उन्हें सार्वजनिक रूप से बताना चाहिए कि स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवार उपलब्ध होने के बावजूद दागी व्यक्ति को क्यों चुना गया। चौथा, चुनावी खर्च पर कठोर नियंत्रण और पारदर्शिता लाई जाए ताकि सामान्य और योग्य नागरिक भी राजनीति में प्रवेश कर सकें। पांचवां, मतदाता जागरूकता को जनांदोलन बनाया जाए। जब तक मतदाता स्वयं दागी उम्मीदवारों को अस्वीकार नहीं करेंगे, तब तक सुधार अधूरा रहेगा।

भारत आज जिस दिशा में बढ़ रहा है, वहां राजनीति की शुचिता और नैतिकता की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। यदि हम 2047 तक विकसित भारत बनना चाहते हैं, यदि हमें विश्वगुरु बनना है, यदि भारत को वैश्विक नेतृत्व करना है, तो राजनीति को अपराध और धनबल के प्रभाव से मुक्त करना ही होगा। आर्थिक शक्ति, तकनीकी प्रगति और वैश्विक प्रतिष्ठा तभी सार्थक होगी जब लोकतंत्र की आत्मा सुरक्षित रहेगी। राजनीति का उद्देश्य सत्ता प्राप्ति नहीं, समाज निर्माण होना चाहिए। लोकतंत्र केवल वोटों का गणित नहीं, बल्कि विश्वास, नैतिकता और जनप्रतिनिधित्व की पवित्र व्यवस्था है। यदि राजनीति अपराधमुक्त होगी तो शासन अधिक पारदर्शी होगा, जनता का विश्वास बढ़ेगा और राष्ट्रनिर्माण की गति भी तेज होगी। आज आवश्यकता केवल सरकारों या चुनाव आयोग के प्रयासों की नहीं है, बल्कि समाज, मतदाता संगठनों, नागरिक संस्थाओं, मीडिया और जागरूक नागरिकों के संयुक्त अभियान की है। भारतीय मतदाता संगठन जैसे प्रयास इसी दिशा में आशा की किरण हैं। इन प्रयासों को राष्ट्रीय स्वरूप देने की जरूरत है। भारत के विकसित भविष्य की आधारशिला केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि स्वच्छ राजनीति भी है। क्योंकि अपराधमुक्त राजनीति ही विकसित भारत, समृद्ध भारत और विश्वगुरु भारत की वास्तविक पहचान बन सकती है।

**- लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

# काक्रोच जनता पार्टी के हीट वेब के बीच रेड हीट पार्टी

विनोद कुमार विक्की







ईश्वर के नरसिंह अवतार, शूकर (वराह) अवतार, मत्स्य अवतार, कच्छप अवतार आदि के बारे में तो सबने सुना है, पर इन दिनों मानव के काक्रोच अवतार को देखना पड़ रहा है। जब दुनिया हार्मुज की खाड़ी से तेल निकालने की जुगत में उलझी हुई है, तब हमारे यहाँ तिलचट्टों का निकलना शुरू हो गया है। फर्क बस इतना है कि ये नाली और रसोई से कम, और सोशल मीडिया से ज्यादा निकल रहे हैं। वैसे तेल के मामले में हम भले खाड़ी देशों और रूस पर निर्भर हों, लेकिन तिलचट्टों के मामले में हम पूरी तरह आत्मनिर्भर हो रहे हैं। पहले ये प्राणी किचन, बाथरूम और गंदगी में पनपते थे; अब इंस्टा, एक्स और फेसबुक जैसे डिजिटल स्थलों में फल-फूल रहे हैं। विचार, व्यवहार और विकास की गंदगी में ही नई प्रजाति पनपती है।

एआई और सोशल मीडिया के प्रसव से इन दिनों मानवीय तिलचट्टा नामक एक नई प्रजाति की उत्पत्ति हुई है। यह प्रजाति बड़ी तेजी से फैल रही है और रातों-रात वैश्विक सदस्य, जिला अध्यक्ष, प्रदेश संयोजक और राष्ट्रीय प्रवक्ता जैसे पदों पर विराजमान भी हो रही है। ऐसे गैर-निबंधित स्वघोषित पदों हेतु योग्यता की बजाय ऑनलाइन सक्रियता ही डिग्री का मानक बन चुकी है। वैज्ञानिकों का कहना है कि असली तिलचट्टे अपने एंटीना से वातावरण की नमी, गंध, कंपन आदि का आकलन कर लेते हैं। वहीं मानवीय तिलचट्टे एआई के सहारे राजनीतिक हवा का रुख भाँप रहे हैं।

दिलचस्प बात यह है कि इन तिलचट्टों में अधिकांश युवा हैं, जो बेरोजगारी की तपिश में तप रहे थे। अचानक उन्हें डिजिटल राजनीति में शरण मिल गई। अब वे दिन-रात पोस्ट, ट्वीट और कमेंट के जरिए अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं, मानो रोजगार नहीं, एंगेजमेंट ही असली कमाई हो। कुछ पत्रकार इस नई प्रजाति का गर्मजोशी से स्वागत कर रहे हैं, शायद उन्हें कंटेंट की नई फसल मिल गई है। वहीं पुराने घाघ नेताओं को इस तिलचट्टा उछाल से हल्का-सा टाइफायड बुखार चढ़ने लगा है। उन्हें डर है कि कहीं ये डिजिटल कीड़े उनकी कुर्सियों तक न पहुँच जाएँ। बहरहाल, राजनीति अब केवल मैदानों और सभाओं तक सीमित नहीं रही। अब सोशल मीडिया पर काक्रोच जनता पार्टी भी सक्रिय है, जिसकी शाखाएँ हर प्लेटफॉर्म पर फैल रही हैं। इसके जवाब में विरोधी दल भी एआई के बूते अपनी-अपनी रेड हीट जनता पार्टी खड़ी कर रहे हैं। तेल की कमी ने आम आदमी का तेल निकाला, तो लोग मोटर साइकिल से साइकिल पर उतर आएं, जबकि कथित काक्रोच टिप्पणी और बेरोजगारी ने युवाओं का तेल निकाला, तो वे काक्रोच बन सोशल मीडिया पर उतर आएं। कुल मिलाकर, स्थितियाँ ऐसी बन पड़ी हैं कि तेल की कमी तो है, पर तिलचट्टों की नहीं। मानव के तिलचट्टा अवतार की तपिश के बीच प्रचंड गर्मी के इस मौसम में हीट वेब और रेड हीट भी काफी चर्चा में है।

**- लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**25 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.42 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | कर्क | 08.55 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 11.11 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 13.23 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 15.34 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | वृश्चिक | 17.49 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 20.05 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 22.10 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 23.56 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 01.29 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मेष | 03.00 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 04.40 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 145 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** दशमी 05.11 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 04.09 बजे रात्र को समाप्त। **योग** वज्र 03.15 बजे रात्र को समाप्त। **करण** तैतिल 16.47 बजे तदनन्तर गर 05.11 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 8.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 20° 55' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872720 **जूलियन दिन** 2461185.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 08 **विशेष** गंगा दशहरा।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8871

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | ■ |
| 10 | | | ■ | 11 | | | ■ | 12 |
| 13 | | ■ | 14 | | | ■ | 15 | |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| ■ | 18 | | | ■ | 19 | | | ■ |
| 20 | | | ■ | 21 | | | ■ | 22 |
| 23 | | ■ | 24 | | | ■ | 25 | |

**बाएँ से दाएँ**

1. घ्राणेंद्रिय-2
2. लंबी गर्दन वाला पशु-3
4. आफत,मुसीबत-2
6. लाचार-3
7. आसरा,मदद-3
8. आश्रय,शरण-3
9. राज कपूर की पोती-3
10. कर्म,भाग्य-3
11. दासत्व,गुलामी-3
13. आर्टिकल-2
14. इच्छा,लालसा-3
15. दुगना,दोगुना-2
16. भार-3
17. टेसू के फूल-3
18. राजा का भवन-3
19. चौकसी-2
20. प्रेमी,साजन-3
21. कैनाल,उपनदी-3
23. जीवन सत्व,प्राण-2
24. प्रहार,आक्रमण-3
25. ठाठ-बाट-2

**ऊपर से नीचे**

1. अभिमान-2
2. मारना,वध करना-2
3. नृत्य,कृष्णलीला-2
4. अपव्यय करना-3
5. वेस्टइंडीज का कप्तान-2
6. अज्ञात,अनाम-3
7. नदी,दरिया-3
8. जांच,परीक्षण-3
9. परीक्षा करना-3
10. जिगर-3
11. आंचल-3
12. नाश,विध्वंस-3
14. अंजन,नेत्रांजन-3
15. लाडला-3
16. शक,संदेह-3
17. तीन घंटे का समय-3
18. चिंतन-3
19. प्रथम-3
20. दंड,शिक्षा-2
21. आंशिक भीगा हुआ-2
22. प्राण,जीवन तत्व-2

**शब्द पहेली -8870 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | क | ■ | सा | ग | र | ■ | म | जा |
| द | म | न | ■ | म | वा | ली | ■ | म |
| ■ | र | म | ल | ■ | ना | प | ना | ■ |
| स | ■ | क | ह | र | ■ | ना | का | म |
| ली | न | ■ | जा | त | क | ■ | रा | जा |
| का | र | क | ■ | न | ह | र | ■ | क |
| ■ | म | म | ता | ■ | वा | च | न | ■ |
| ना | ■ | ल | क | वा | ■ | ना | य | क |
| व | र | ■ | त | र | फ | ■ | न | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7805** ★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7804 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

ओटीटी पर मचेगा 'भोजपुरी बवाल'

# अब खुलेगा पवन सिंह का पूरा चिट्ठा

फैंस को अब भोजपुरी सिनेमा के अपने चहेते स्टार्स के बारे में अधिक जानने को मिलेगा। क्योंकि ओटीटी प्लेटफॉर्म जीयोहॉटस्टार एक नया रियलिटी शो ला रहा है। इसमें फैंस को पवन सिंह, निरहुआ, आम्रपाली दुबे और काजल राघवानी जैसे स्टार्स की लाइफ को सीधे तौर पर बिना किसी ड्रामे के देखने को मिलेगा। यह शो सामान्य रियलिटी शोज से काफी अलग होने वाला है, क्योंकि इसमें कुछ भी स्क्रिप्टेड नहीं होगा, न ही पहले से तय की गईं लड़ाइयां होंगी और न ही कोई एलिमिनेशन देखने को मिलेगा। देखने को मिलेगा तो बस पवन सिंह और आम्रपाली दुबे व निरहुआ का सच। जानिए आखिर क्या है क्यों कही जा रहीं हैं ये बातें और क्या है 'भोजपुरी बवाल'?



### दिखेगी सेलेब्स की पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ

जियोहॉटस्टार और कलर्स टीवी रियलिटी शो 'भोजपुरी बवाल' लेकर आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस शो में भोजपुरी दुनिया के सुपरस्टार पवन सिंह, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', आम्रपाली दुबे, काजल राघवानी और उनके साथ तेज प्रताप यादव नजर आने वाले हैं। यह शो इन सेलेब्स की पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ की अनदेखी झलक दिखाएगा। जिसमें उनके जीवन को बिना किसी ड्रामा या स्क्रिप्ट के दिखाया जाएगा। इस शो के जरिए फैंस अपने पसंदीदा सेलेब्स की असल जिंदगी और अनसुने पहलुओं से रूबरू हो सकेंगे।



# माइकल जैसन से 'नफरत' करते हैं राम गोपाल वर्मा

**फिल्म** निर्माता निर्देशक राम गोपाल वर्मा अक्सर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दुनिया-जहान के विभिन्न मुद्दों पर अपनी राय रखते नजर आते हैं। इस बीच उन्होंने लेटेस्ट पोस्ट में चौंकाने वाला खुलासा किया। राम गोपाल ने बताया कि वह दिवंगत अमेरिकी सिंगर-डांसर माइकल जैक्सन से 'नफरत' करते हैं। राम गोपाल वर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर माइकल जैक्सन को लेकर एक बेहद भावुक और मार्मिक पोस्ट लिखा है। पोस्ट की शुरुआत उन्होंने 'मुझे माइकल से नफरत है' शब्दों से की। उन्होंने लिखा, 'माइकल जैक्सन की कोई भी फिल्म देखने के बाद मेरी यादें 25 जून 2009 के उस भयानक दिन पर लौट आती हैं। उस रात मैं देर से सोया था। सुबह उठकर जब मैने टीवी स्क्रीन पर देखा तो न्यूज चल रही था, जिस पर लिखा था - 'माइकल जैक्सन नहीं रहे। थोड़ी देर तक तो मुझे लगा कि यह बुरा सपना है। लेकिन खबरें लगातार चल रही थीं और यह सच था। ' साथ ही, उन्होंने अपनी इंजीनियरिंग के दिनों की यादें भी साझा करते हुए बताया कि 2 जनवरी 1984 को विजयवाड़ा में एक दोस्त उन्हें एक छोटे अंधेरे वीडियो पार्लर ले गया, जहां उन्होंने माइकल जैक्सन का 'थ्रिलर' वीडियो देखा। उन्होंने लिखा, 'वह महज गाना या डांस नहीं था, बल्कि एक हमला था। माइकल का डांस, एनर्जी और स्क्रीन पर मौजूदगी अलौकिक लगी। वे हवा में तैरते थे। मैं सोचता था कि यह इंसान नहीं, ईश्वर है। 'बीट इट ', 'बिली जीन ', 'स्मूथ क्रिमिनल ', 'ब्लैक ऑर व्हाइट' जैसे वीडियोज बाइबिल की तरह रहे। मेरे फिल्म निर्माण के दौरान भी माइकल के वीडियो हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहे। राम गोपाल वर्मा ने लिखा कि विवादों ने उन्हें कभी प्रभावित नहीं किया। उनके लिए माइकल एक गुरुत्वाकर्षण बल थे। लेकिन उनकी मौत ने उन्हें बहुत दुख पहुंचाया। उन्होंने कहा, 'मैं उनसे नफरत करता हूं क्योंकि उन्होंने साबित कर दिया कि वे भी इंसान थे। उन्हें भी ऑक्सीजन और खून की जरूरत थी। उनका दिल भी रुक सकता था। फिर भी माइकल के प्रति सम्मान जताते हुए उन्होंने लिखा, 'मैं उनसे इतना प्यार करता हूं कि शब्दों में बयां नहीं कर सकता। मैं मानता हूं कि माइकल अब आकाशगंगाओं में मूनवॉक कर रहे होंगे।



# बेजुबानों के लिए सामने आईं सोनम बाजवा

● सीएम मान से की खास अपील

अभिनेत्री सोनम बाजवा ने स्ट्रे डॉग्स के मुद्दे पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से खास अपील की है। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सोनम बाजवा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने स्ट्रे डॉग्स के बड़े पैमाने पर सफाए का कोई आदेश नहीं दिया है। उन्होंने सीएम मान से अनुरोध किया कि इस मुद्दे पर फिर से विचार करें और बेजुबान जानवरों के प्रति दया और इंसानियत का रवैया अपनाएं। सोनम बाजवा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मुख्यमंत्री भगवंत मान जी, सुप्रीम कोर्ट ने स्ट्रे डॉग्स को एक साथ हटाने का आदेश नहीं दिया। कोर्ट ने संवेदनशील सार्वजनिक स्थानों से नियमित रूप से हटाने की बात कही है, जिसमें स्टेरिलाइजेशन, वैक्सीनेशन और शेल्टरिंग शामिल है, न कि सड़कों से कुत्तों को पूरी तरह हटा देने की।' अभिनेत्री ने सवाल उठाते हुए पूछा, 'शेल्टर कहां हैं? इंफ्रास्ट्रक्चर कहां है?' उन्होंने कहा कि यह सिस्टम बेजुबान जानवरों के लिए मौत की सजा नहीं बन सकता। सोनम ने स्पष्ट किया कि पब्लिक सेफ्टी और इंसानी जिंदगी जरूर महत्वपूर्ण है, लेकिन दया और जिम्मेदारी भी उतनी ही जरूरी है। सोनम ने मुख्यमंत्री से दिल से गुजारिश की, 'प्लीज इस तरीके पर फिर से सोचें और इस मुद्दे में दया और इंसानियत वाला हल चुनें। सोनम ने सुझाव दिया कि सीएम भगवंत मान जानवरों की भलाई के लिए काम करने वाले एनजीओ, पशु चिकित्सकों, स्थानीय अधिकारियों और पब्लिक सेफ्टी एक्सपर्ट्स को एक साथ बिठाकर एक व्यावहारिक, इंसानी और संवेदनशील समाधान निकालें। उन्होंने आगे लिखा, 'हम बेजुबानों के साथ जैसा व्यवहार करते हैं, उससे आखिरकार पता चलता है कि हम एक समाज के तौर पर कौन हैं। बता दें कि स्ट्रे डॉग्स से जुड़े मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को फैसला सुनाया। जिसके अनुसार, कोर्ट ने सार्वजनिक स्थानों से स्ट्रे डॉग्स को हटाने के अपने फैसले को बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू नहीं किए जाने के कारण समस्या और गंभीर होती जा रही है। कोर्ट ने चिंता जताते हुए कहा कि स्ट्रे डॉग्स के काटने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और यह अब बेहद गंभीर समस्या बन चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को एबीसी कार्यक्रम को सख्ती से लागू करने और स्ट्रे डॉग्स की आबादी नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए थे।



# 'खतरों के खिलाड़ी 15' के साथ रोहित शेट्टी करने जा रहे हैं वापसी

मशहूर फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी एक बार फिर कलर्स टीवी के लोकप्रिय स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' से होस्ट के तौर पर वापसी कर रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने दर्शकों के बीच शो को लेकर उत्सुकता जाहिर करते हुए पोस्ट शेयर किया। रोहित ने इंस्टाग्राम पर शो का प्रोमो वीडियो पोस्ट किया। इसमें रोहित अपने सिग्नेचर अंदाज में हेलीकॉप्टर में बैठकर जाते हुए नजर आ रहे हैं, जिसे देखकर फैंस की उत्सुकता शो को लेकर और भी बढ़ती दिख रही है। निर्देशक रोहित शेट्टी ने वीडियो पोस्ट कर लिखा, 'इस शो के होस्ट के तौर पर मेरा यह 10वां सीजन है और यह शो मेरे दिल के बहुत करीब है। इतने सालों से मुझे और इस शो को इतना प्यार देने के लिए आप सभी का दिल से धन्यवाद। मैं वादा करता हूं कि इस बार का सीजन जबरदस्त होने वाला है, इसलिए अपनी सीट बेल्ट बांध लीजिए। 'खतरों के खिलाड़ी' सीजन 15 जल्द आ रहा है। बता दें कि इस सीजन की शूटिंग साउथ अफ्रीका के केपटाउन में शुरू हो चुकी है। शो का प्रसारण जून के अंत या फिर जुलाई की शुरुआत में होने की उम्मीदें जताई जा रही हैं। इस बार शो में 'ओल्ड वर्सेस न्यू' (पुराने और नए खिलाड़ियों के बीच) का मुकाबला देखने को मिलेगा। वहीं, टीवी, फिल्मों और कुछ कंटेंट क्रिएटर भी शो का हिस्सा रहेंगे। इसमें गौरव खन्ना, रुबीना दिलैक, जैस्मिन भसीन, ऋत्विक धनजानी, करण वाही, अविका गौर, हर्ष गुजराल, ओरी, अविनाश मिश्रा, शगुन शर्मा, विशाल सिंह और फरहाना भट्ट समेत कई नाम शामिल हैं। रोहित शेट्टी बहुचर्चित कॉमेडी फ्रेंचाइजी की नई फिल्म 'गोलमाल 5' भी लेकर आ रहे हैं। फिल्म की तैयारियां जोरों पर हैं। रोहित शेट्टी और अजय देवगन की यह 14वीं साझेदारी होगी। यह एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें अजय देवगन, अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े और कुणाल खेमू एक साथ नजर आएंगे। साथ ही, शरमन जोशी भी 20 साल बाद इस फ्रेंचाइजी में वापसी कर रहे हैं। खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार भी फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते दिखाई देंगे।



अंतरात्मा की आवाज पर

# चुना 'लुटेरी दुल्हन' में ग्रे शेड वाला किरदार : सान्विका

**वेब** सीरीज 'पंचायत' में रिंकी का मासूम किरदार निभाने के बाद अभिनेत्री सान्विका अब आगामी वेब सीरीज 'लुटेरी दुल्हन' में ग्रे शेड वाले किरदार में नजर आएंगी। अभिनेत्री इसमें माया के किरदार में एक शातिर ठग की भूमिका निभा रही हैं, जो रईस लड़कों को प्यार के जाल में फंसाकर उनसे शादी करती है और फिर नकदी व गहने लेकर फरार हो जाती है। अपने किरदार के बारे में आईएएनएस से खास बातचीत में अभिनेत्री ने बताया कि उनके लिए सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि मेकर्स ने इस रोल के लिए उन्हें चुना। अभिनेत्री ने कहा, 'शुरुआत में तो मैं खुद सोच में पड़ गई थी कि क्या मैं पर्दे पर ऐसी शातिर ठग का किरदार निभा पाऊंगी, लेकिन मुझे खुशी है कि मेकर्स ने मुझ पर पूरा भरोसा किया।' अभिनेत्री से आईएएनएस ने सवाल किया, 'पंचायत में दर्शकों ने आपको एक मासूम लड़की के तौर पर देखा था। क्या माया जैसा ग्रे किरदार चुनना आपके लिए एक जोखिम था? ' इस सवाल के जवाब में सान्विका ने कहा, 'मैं इसे जोखिम बिल्कुल भी नहीं मानती, क्योंकि मैं किसी भी प्रोजेक्ट को चुनते समय अपने दिल की आवाज पर भरोसा करती हूं। जब मैंने पहली बार इस शो का छोटा-सा सारांश सुना था, तभी मैं इस किरदार को निभाने के लिए रोमांचित हो उठी थी। यह रोल मेरे लिए पहले निभाए गए किरदारों से बिल्कुल अलग है। एक कलाकार के तौर पर अपने अभिनय की विविधता दिखाने के ऐसे मौके बहुत कम मिलते हैं। सान्विका ने आगे बताया कि जहां आज के समय में ज्यादातर क्राइम शोज गंभीर, डार्क और तनावपूर्ण होते हैं, वहीं 'लुटेरी दुल्हन' थोड़ी अलग है। उन्होंने कहा, 'हमारी सीरीज अपराध के इर्द-गिर्द बुनी गई होने के बावजूद काफी हल्की-फुल्की और मनोरंजक है। अभिनेत्री का कहना है कि यह एक महिला केंद्रित कहानी है। आमतौर पर भारतीय सिनेमा और शोज में पुरुष अपराधियों और पुरुष पुलिस अधिकारियों के बीच की जंग दिखाई जाती है, लेकिन इस सीरीज में दर्शकों को कुछ अलग देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, 'इस सीरीज में अनोखा ट्विस्ट यह है कि चोरी करने वाली अपराधी भी एक महिला है और उसका पीछा करने वाली पुलिस अधिकारी भी महिला ही है।



शरवरी वाघ को बेहद पसंद आई पंजाब की संस्कृति, बोलीं-

# वहां के लोग बेहतरीन


**अभिनेत्री** शरवरी वाघ अपनी अपकमिंग फिल्म को लेकर उत्साहित हैं। फिल्म के प्रमोशन में जुटीं शरवरी ने बताया कि उन्होंने किरदार को बेहतर तरीके से समझने के लिए अपनी मां के साथ पंजाब की यात्रा की थी। उन्हें पंजाब का कल्चर और वहां के लोग काफी पसंद आए। शरवरी ने समाचार एजेंसी बातचीत करते हुए कहा, 'मेरा बैकग्राउंड महाराष्ट्रीयन है। पंजाब की संस्कृति, वहां के लोगों और खाने को समझने के लिए मैं वहां जाना चाहती थी। इम्तियाज अली पंजाब के बारे में इतने प्यार से बात करते हैं कि मुझे लगा, मुझे खुद वहां जाकर सब कुछ महसूस करना चाहिए, वहां के बारे में समझना चाहिए। ' उन्होंने आगे बताया, 'मैं इम्तियाज से पंजाब के बारे में सुनकर महसूस करती थी कि कहीं ना कहीं मुझमें कमी है, इसलिए मैं अपनी मां को साथ लेकर पंजाब चली गई। हम वहां घूमे-फिरे और पर्यटक वाली सारी चीजें कीं, खाना खाया, ऐतिहासिक जगहों पर गए और पार्टीशन म्यूजियम भी घूमे। ' शरवरी ने कहा कि वे नई चीजों को हमेशा 'पहली बेंच पर बैठने वाले स्टूडेंट' की तरह उत्साह से सीखती हैं। उन्होंने बताया, 'मुझे नोट्स बनाना, रिसर्च करना और नई चीजें जानना बहुत पसंद है। पंजाब जाने से पहले मैंने इम्तियाज से कहा भी था कि मुझे स्क्रिप्ट पढ़ने से पहले वहां जाना है। अभिनेत्री ने पंजाब के लोगों की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा, 'मैंने वहां सब कुछ बिना किसी रिसर्च प्रेशर के किया। बस इसलिए कि मुझे उस जगह से प्यार हो जाए और सच में मुझे पंजाब से प्यार हो गया। मुझे लगता है कि पंजाब के लोग दुनिया के सबसे अच्छे लोगों में शामिल हैं। निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' में शरवरी एक पंजाबी महिला का किरदार निभा रही हैं। फिल्म में उनके साथ वेदांग रैना भी अहम किरदार में हैं। 'मैं वापस आऊंगा' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## किशनगंज एयरपोर्ट के रनवे विस्तार को मिली मंजूरी, भूमि अधिग्रहण के लिए 5.45 करोड़ स्वीकृत

एजेंसी

**किशनगंज।** बिहार सरकार ने किशनगंज हवाई अड्डे के रनवे विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 24.70 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए 5 करोड़ 45 लाख 97 हजार 100 की प्रशासनिक एवं व्यय स्वीकृति प्रदान कर दी है।

सिविल विमानन विभाग के अपर सचिव अखिलेश कुमार सिंह द्वारा 21 मई 2026 को जारी आदेश में यह स्वीकृति दी गई। जारी आदेश के अनुसार किशनगंज हवाई अड्डे के रनवे विस्तार के लिए पूर्व एवं पश्चिम दिशा में कुल 24.70 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इसमें पूर्व दिशा में 700 मीटर लंबाई और 100 मीटर चौड़ाई में 17.29 एकड़ तथा पश्चिम दिशा में 300 मीटर लंबाई और 100 मीटर चौड़ाई में 7.41 एकड़ भूमि शामिल है। भूमि में रैयती जमीन के साथ बीएसएफ की भूमि भी शामिल बताई गई है।



जिलाधिकारी किशनगंज द्वारा 16 दिसंबर 2024 को भेजे गए प्रस्ताव के आधार पर यह कार्रवाई की गई। अंचल अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार अधिसूचित एमवीआर दर पर आवासीय विकासशील श्रेणी में मुआवजा राशि का आकलन किया गया। सरकार ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए राशि को वित्तीय वर्ष 2026-27 में नागर विमानन विभाग के बजट मद 5302-भू-अर्जन से जारी करने का निर्णय लिया है। सरकार द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि स्वीकृत राशि का उपयोग केवल रनवे विस्तार परियोजना के लिए ही किया जाएगा। किसी अन्य मद में राशि खर्च करने की अनुमति नहीं होगी। उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा व्यय विवरणी निर्धारित समय के भीतर महालेखाकार और विभाग को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। सिविल विमानन विभाग ने भू-अर्जन पदाधिकारी किशनगंज के पीडी/पीएल खाते में राशि हस्तांतरित करने की भी स्वीकृति दे दी है। इसके लिए प्रोजेक्ट फॉर द एक्सटेंशन ऑफ द रनवे ऑफ किशनगंज एयरपोर्ट नामक खाते में राशि भेजी जाएगी। गौरतलब है कि सीमांचल क्षेत्र में हवाई संपर्क को मजबूत करने की मांग लंबे समय से उठती रही है। रनवे विस्तार के बाद भविष्य में बड़े विमानों के संचालन की संभावना बढ़ेगी, जिससे किशनगंज समेत सीमांचल क्षेत्र के विकास, पर्यटन, व्यापार और आपातकालीन सेवाओं को नई गति मिलने की उम्मीद है।

## जिला एथलेटिक्स मीट के तीसरे दिन स्टेडियम में सीनियर खिलाड़ियों ने दिखाया अपना जलवा

एजेंसी

**सहरसा।** जिला एथलेटिक्स संघ सहरसा के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय 41वें जिला स्तरीय एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता में रविवार को तीसरे और अंतिम दिन सीनियर खिलाड़ियों का दबदबा रहा। जिसके अंतर्गत अंडर 18 बालिका वर्ग : 1000 मीटर में अनु कुमारी प्रथम नंदनी कुमारी द्वितीय एवं अर्चना कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक में स्नेहा कुमारी प्रथम प्रीति कुमारी द्वितीय एवं प्रीति कुमारी द्वितीय एवं रीना कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर -18 बालक वर्ग :- 400 मीटर दौड़ में चंदन कुमार स्वामी प्रथम मनीष कुमार द्वितीय एवं सत्यम कुमार ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में गुलशन कुमार प्रथम सौरभ कुमार द्वितीय एवं बाबू कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही 5000 मीटर दौड़ में बमबम कुमार ने प्रथम मुन्ना कुमार ने द्वितीय एवं सचिन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि 1000 मीटर दौड़ में राजा कुमार प्रथम सत्यम कुमार ठाकुर द्वितीय एवं सुनील कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेक प्रतियोगिता में मनु कुमार प्रथम प्रियांशु कुमार द्वितीय एवं रहन राजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



### संक्षिप्त समाचार

#### ई-रिक्शा से शराब के साथ एक गिरफ्तार

**तेघड़ा/बेगूसराय।** बेगूसराय जिला में अवैध नशीले पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर तेघड़ा थाना की पुलिस के द्वारा एक व्यक्ति चंदन यादव, पे०-योगी यादव, सा०-बरौनी फ्लैग, थाना-तेघड़ा, जिला-बेगूसराय को बाया नदी के पुल स्थित घटगढ़ी दुर्गा स्थान के पास से 07 लीटर देशी शराब एवं 01 ई-रिक्शा के साथ गिरफ्तार किया गया। विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

#### जिसके गले में हरा गमछा, वह अपराधी, सीएम का यह बयान दुर्भाग्यपूर्ण : चक्रपाणि



**भागलपुर।** बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ चक्रपाणि हिमांशु ने रविवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि जिनके गले में हरे गमछे हैं, वे अपराधी हैं। मुख्यमंत्री का इस तरह का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। क्या मुख्यमंत्री के गले में भगवा गमछा अपराध मुक्त का संकेत है। मुख्यमंत्री कपड़े से आदमी को पहचान रहे हैं। इस तरह का बयान किसी मुख्यमंत्री के लिए शोभा नहीं देता है। मुख्यमंत्री को पता नहीं कि वह करीब 14 करोड़ बिहारी के मुख्यमंत्री हैं। हरा गमछा राष्ट्रीय जनता दल की पहचान है। अगर राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एवं कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव बिहार के लोगों से आह्वान कर दें कि हरे गमछे लेकर मुख्यमंत्री आवास पटना आना है, तो मुख्यमंत्री घर से नहीं निकाल पाएंगे और इनके सरकार और प्रशासन मुकदर्शक बनकर खड़ी रहेगी। सरकार को विकास और रोजगार की बात करनी चाहिए। चार माह से शिक्षक, कर्मचारियों को वेतन और पेंशन नहीं मिल रहा है। ये लोग गमछा पहचान कर रहे हैं। डीजल, पेट्रोल एवं रसोई गैस के दाम आसमान छू रहे हैं। देश की जनता रसोई गैस के लिए सड़क पर उतरकर विरोध कर रही है। दूसरी तरफ गलत आंकड़ा पेश कर पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी कह रहे हैं कि यादव जाति के लोग सबसे ज्यादा अपराधी हैं। इस तरह की राजनीति बिहार में पहली बार पनप रही है।

# बिहार में निवेशकों को मिलेगा भरोसा और सुरक्षा : सम्राट चौधरी

एजेंसी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के शताब्दी वर्ष पर आयोजित ह्यव्यवसायिक समागमह्व कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राज्य में निवेश और औद्योगिक विकास को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि बिहार में उद्योग स्थापित करने के लिए निवेशकों को भरोसा और सुरक्षा देना सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज-2025 में आवश्यक संशोधन किए गए हैं और जरूरत पड़ने पर आगे भी बदलाव किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार चाहती है कि बिहार में अधिक से अधिक निवेश हो और नए उद्योग स्थापित हों। इसमें बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि निवेशकों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होने दी जाएगी और सरकार हर संभव सुविधा उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में निवेशक बिहार की ओर आकर्षित हो रहे हैं और राज्य में निवेश की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि हाल ही में आयोजित बिहार एआई समिट में भी उद्योगों के विस्तार को लेकर कई सुझाव मिले थे। उन्होंने बताया कि बिहार ने देश की शीर्ष 10 उद्योग नीतियों में जगह बनाई है, लेकिन अपेक्षित स्तर पर निवेश और उद्योग स्थापना अब तक नहीं हो सकी है। सरकार अब निवेशकों का भरोसा मजबूत करने और सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर विशेष ध्यान दे रही है। कानून-व्यवस्था पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में अपराध करने वालों के खिलाफ 24 घंटे के भीतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अपराध का कोई जाति या धर्म नहीं होता और अपराधी सबसे पहले अपने ही समाज के लोगों को नुकसान पहुंचाता है।




मुख्यमंत्री ने उद्योग जगत से जुड़े लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की है। इसके लिए प्रत्येक तीन महीने पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक कर समस्याओं और सुरक्षा संबंधी मुद्दों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक नीति (इंडस्ट्री पॉलिसी) में जरूरत के अनुसार सुधार किए जाएंगे। पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र समेत पुराने शहरों में उपलब्ध जमीन का उपयोग सर्विस सेक्टर, आईटी सेक्टर और होटल उद्योग जैसे नए व्यवसायों के लिए भी किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने बिहार के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यही धरती देश को स्वर्णिम काल देने वाली रही है और पाटलिपुत्र से करीब 200 वर्षों तक शासन किया गया था। एमएसएमई सेक्टर को राज्य की समृद्धि का आधार बताते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार को विकसित बनाने के लिए छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने वर्ष 2024 से भूमि अधिग्रहण और नई टाउनशिप नीति पर काम शुरू किया है। अब तक 14 हजार एकड़ जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है, जबकि साढ़े छह लाख एकड़ क्षेत्र में नई ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने की योजना है, जिस पर लगभग छह लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि अधिग्रहण में प्रभावित लोगों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

## छपरा में दो राजनीतिक गुटों के बीच झड़प

एजेंसी

**सारण।** शहर के भगवान बाजार थाना क्षेत्र के नई बाजार मोहल्ला में दो परिवारों के बीच हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते एक हिंसक झड़प में बदल गया। घटना के दौरान दोनों पक्षों की ओर से सड़क और छतों से जमकर ईंट-पत्थर बरसाए गए, जिससे पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। इस पथराव में दोनों पक्षों से लगभग एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित कर सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना के पीछे का कारण बिजली की समस्या को बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नेता मेराजुद्दीन खान उर्फ गुड्डू खान के सहयोगी द्वारा मोहल्ले में वेल्डिंग मशीन चलाई जाती है, जिससे अक्सर लो-वोल्टेज और बिजली कटने की समस्या होती थी। इसे लेकर दूसरे पक्ष के भाजपा नगर मंडल मध्य अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नेता रिंकू खान और मोहल्ले के लोगों में नाराजगी थी। बीते रात इसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ देर रात बिजली कटने के बाद हिंसक संघर्ष में तब्दील हो गया।

## बिहार झारखंड मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन का वार्षिक सम्मेलन आयोजित

एजेंसी

**सहरसा।** बिहार झारखंड मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन (बीएसएसआरयू) जिला ईकाई का वार्षिक सम्मेलन रविवार को आयोजित किया गया। साथ ही नई कमिटी का भी गठन किया गया। इस वार्षिक सम्मेलन में बीएसएसआरयू के बिहार झारखंड के जेनरल सेक्रेटरी शशि प्रकाश के समक्ष इस कमिटी का गठन हुआ। जिसमें बीएसएसआरयू जिला ईकाई के निर्विरोध के सचिव के रूप में अमृत राज, सह सचिव के रूप में राहुल मिश्रा, अध्यक्ष के रूप में गौरव कुमार, उपाध्यक्ष के रूप में पुरुषोत्तम कुमार कोषाध्यक्ष के रूप में गौरव कुमार सिंह को सर्वसम्मति से चुना गया। सम्मेलन में लगभग 100 कंपनी के दवा प्रतिनिधियों ने भाग लिया एवं सहरसा यूनिट के विकास हेतु राय विचार रखा। इस अवसर पर बिहार झारखंड के जेनरल सेक्रेटरी शशिकांत ने कहा कि मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव की समस्या समाधान के लिए वर्ष 1954 ई से सतत संघर्षरत है। उन्होने कहा कि सरकार दवाई मैन्युफैक्करिंग एवं सेल्स रिप्रेजेंटेटिव के साथ भेद-भावपूर्ण राजनीति कर रही है।यह संगठन जनता की सहुलियत के जन संगठन मंच के रूप में सरकार के साथ नीतिगत कदम उठाने के लिए सहयोगपूर्ण रवैया अख्तियार किया है। उन्होने श्रम संसाधन विभाग द्वारा चार लेबर कोड को निरस्त किये जाने की मांग की है। जिला सचिव सिद्धार्थ कुमार ने कहा कि सरकार के नये कानून के तहत कंपनी किसी भी कर्मचारी को निकाल बाहर करने पर रोक लगाने की मांग है।



## आम के बगीचे में बन रही थी लूट की साजिश, एसटीएफ-पुलिस ने दबोचे चार बदमाश

एजेंसी

**सीवान।** जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र में लूट की बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहे चार अपराधियों को पुलिस ने अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से एक पिस्टल, एक मैगजीन तथा पांच जिंदा कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तारी बसंतपुर थाना पुलिस, जिला आसूचना इकाई एवं एसटीएफ की संयुक्त छापेमारी में हुई। बताया गया कि 23 मई की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बसंतपुर थाना क्षेत्र के सुर्यपूरा कन्टा स्थित गौरीशंकर ठाकूर के आम बगीचे में चार-पांच अपराधी हथियार के साथ जमा होकर ट्रक अथवा चारपहिया वाहन लूटने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही बसंतपुर थाना पुलिस, जिला आसूचना इकाई एवं एसटीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। घेराबंदी के दौरान चार अपराधियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए अपराधियों में बसंतपुर थाना क्षेत्र के हरायपुर निवासी राजदेव महतो, गोपालगंज जिले के महम्मदपुर थाना क्षेत्र स्थित रमपूरवा निवासी मैनुद्दीन मियां उर्फ गुड्डु एवं समसुद्दीन अंसारी उर्फ बल्लू तथा पश्चिम चंपारण जिले के बैरिया थाना क्षेत्र स्थित भितहा बगही निवासी रंजीत नट शामिल हैं। पुलिस ने तलाशी के दौरान उनके पास से एक पिस्टल, एक मैगजीन तथा पांच जिंदा कारतूस बरामद किया। पूछताछ में सभी ने वाहन लूट की योजना बनाने की बात स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार राजदेव महतो का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके विरुद्ध बसंतपुर थाना में पूर्व से जालसाजी, अपहरण, हत्या एवं साजिश से जुड़े मामले दर्ज हैं। इस संबंध में बसंतपुर थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 310(4), 310(5) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)ए, 26 एवं 35 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



### बरौनी एनटीपीसी की ओर से मुफ्त इलाज व दवाई का वितरण



**बरौनी/बेगूसराय।** बरौनी एनटीपीसी की ओर से शनिवार को गढ़हरा के मध्य विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए भाग लिया। इस टीम में डॉ विजय शंकर,डॉ जिज्ञासा कुमारी, फार्मासिस्ट नंदन कुमार, एएनएम रूबी कुमारी, संदीप कुमार ईश्वर,मनीष मिश्रा आदि थे।लोगों को मुफ्त में परामर्श इलाज और दवाई दी गई।मौके पर समाजसेवी मो दानिश महबूब,मुक्तेश्वर प्रसाद वर्मा,एचएम सिकंदर पासवान,रंजीत कुमार सिंह,सुधीर वर्मा आदि ने सहयोग किया।इस मौके पर डॉ विजय शंकर ने बताया कि मौसम के मिजाज को देखकर लोगों को अपने को ढालना चाहिए।अभी इतनी गर्मी में लू लगने की खतरा है। लोगों को पानी खूब पीना चाहिए। दोपहर में घर से नहीं निकलने, ओआरएस का घोल पीने आदि की सलाह भी दिया।

### दधीचि देह दान समिति कार्यकारिणी की बैठक




**बेगूसराय।** दधीचि देहदान समिति के जिला कार्यकारिणी की बैठक मुगेरीगंज स्थित भारत विकास परिषद के कार्यालय मे हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप मेयर अनिता राय ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र मे जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाए। इसमे सभी वार्ड पार्षदो से सहयोग लिया जाएगा। साथ ही महीना में एक बार सांगठनिक बैठक होनी चाहिए। बैठक मे पूर्व मेयर आलोक कुमार अग्रवाल ने हरसंभव सहयोग करने का वादा किया है। उन्होंने पूर्व की गतिविधियो की सराहना की है। बैठक मे संस्था के मुख्य संरक्षक दिलीप कुमार सिन्हा ने कहा कि हम अपनी गलतियो से सीखते है। अभियान के दौरान आलोचना से घबराने की जरूरत नही है। बैठक मे कॉलेजो मे छात्र छात्राओ एव प्राध्यापक के बीच जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस अभियान के लिए सोनू सरकार को संयोजक बनाया गया है। बैठक मे समिति के जिलाध्यक्ष सुशील राय ने अतिथियो का स्वागत करते हुए संगठन के हो रहे विस्तार को सराहा है। बैठक का संचालन कर रहे सचिव निरंजन कुमार सिन्हा ने जून माह मे राजकुमार गुप्ता के आवास पर बैठक रखने का प्रस्ताव रखा जिससे सर्वसम्मति से पास किया गया। उस बैठक मे रक्तदान शिविर लगाने की तिथि तय किया जायेगा। बैठक मे जयराम दास, उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, गंगा प्रसाद, डा एके गुप्ता ने नेत्रदान और अंगदान के महत्व पर अपनी बातो को रखा।बैठक में डॉ अशोक गुप्ता जय राम दास रोचक सिंह चंद्रशेखर वर्मा सोनल रानी ममता कुमारी आसा मिश्रा गंगा प्रसाद सिन्हा राज किशोर प्रसाद सिंह, किशोरी मिश्रा आदि ने अपनै विचारो को रखा।

### वैचारिक रूप से सशक्त और जनसेवा के लिए समर्पित कार्यकर्ता तैयार कर रहा भाजपा प्रशिक्षण अभियान : संजय सरावगी

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संगठन जिला ढाका द्वारा मोतिहारी के रामसन प्लाजा, बरियारपुर में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान जिला स्तरीय कार्यशाला के दूसरे दिन बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के लिए संगठन सर्वोपरि है और कार्यकर्ता ही पार्टी की वास्तविक शक्ति हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और विकास की सोच को पहुंचाने के लिए समर्पित है। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियानह्व केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकताओं में वैचारिक चेतना, संगठनात्मक अनुशासन और सेवा भाव को मजबूत करने का एक व्यापक अभियान है। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल दर्शन अंत्योदय और एकात्म मानववाद पर आधारित है, जिसमें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से दृढ़, संगठनात्मक रूप से सक्षम और जनसेवा के लिए निरंतर सक्रिय रहने की प्रेरणा देता है।

## विदेशी नागरिकों की सूचना छिपाई तो होगी कानूनी कार्रवाई : डीएम

एजेंसी

**सीवान।** जिले में विदेशी नागरिकों के ठहराव और गतिविधियों पर निगरानी को लेकर प्रशासन ने अब सख्त तेवर अपना लिया है। रविवार को समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय एवं पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा ने होटल, धर्मशाला और गेस्ट हाउस संचालकों के साथ बैठक कर साफ शब्दों में चेतावनी दी कि विदेशी नागरिकों की सूचना छिपाने या ऑनलाइन पंजीकरण में लापरवाही करने वालों पर सीधे कानूनी कार्रवाई होगी। बैठक में अधिकारियों ने कहा कि जिले में आने वाले हर विदेशी नागरिक की सूचना समेकित वीजा एवं विदेशी पंजीकरण ट्रैकिंग प्रणाली के तहत अनिवार्य रूप से ऑनलाइन देनी होगी। होटल एवं गेस्ट हाउस संचालकों को निर्देश दिया गया कि विदेशी मेहमानों के आगमन की जानकारी तत्काल सी-फॉर्म के माध्यम से अपलोड करें। वहीं शिक्षण संस्थानों को विदेशी छात्रों से संबंधित एस-फॉर्म ऑनलाइन जमा करना होगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कंप्यूटर, इंटरनेट, प्रिंटर, वेब कैमरा और स्कैनर जैसी सुविधाएं हर संस्थान में उपलब्ध रहनी चाहिए। तकनीकी कमी या संसाधनों के अभाव का बहाना अब स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने दो टूक कहा कि समेकित वीजा एवं विदेशी पंजीकरण ट्रैकिंग प्रणाली के तहत आवश्यक पंजीकरण एवं सूचना उपलब्ध नहीं कराने वाले संस्थानों के विरुद्ध आप्रवासन एवं विदेशी नागरिक अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि विदेशी नागरिकों से जुड़ी सूचनाओं में लापरवाही राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला माना जाएगा और इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



## अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस का अभियान तेज, चार ट्रैक्टर जब्त

एजेंसी

**किशनगंज।** जिले में अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देश पर रविवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान चार अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त किए गए। इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, पौआखाली थाना पुलिस ने कनकई नदी के समीप छापेमारी कर एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया। पुलिस द्वारा ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं किशनगंज थाना क्षेत्र में दिवा गश्ती के दौरान पुलिस ने दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर पकड़े। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर थाना लाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर अरारबाड़ी थाना क्षेत्र के महानंदा बांध के पास छापेमारी की गई।



## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंका की पीएम बोलीं- तनाव भरी दुनिया में कॉमनवेल्थ बेहद जरूरी मंच

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका की पीएम हरिनी अमरसुरिया ने कहा है कि आज के बढ़ते वैश्विक तनाव और अस्थिर माहौल में राष्ट्रमंडल राष्ट्र सदस्य देशों के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण मंच बन गया है। उन्होंने 21 मई 2026 को कॉमनवेल्थ महासचिव शर्ली बॉचवे से मुलाकात के बाद यह बयान दिया। श्रीलंका की प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में बहुपक्षीय सहयोग और अंतरराष्ट्रीय कानून लगातार कमजोर हो रहे हैं। ऐसे समय में कॉमनवेल्थ जैसे संगठन देशों के बीच भरोसा बढ़ाने और संवाद बनाए रखने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि सहयोग, साझेदारी और एक-दूसरे की आवाज सुनना आज पहले से ज्यादा जरूरी हो गया है। अमारासूर्या ने कहा कि कॉमनवेल्थ की सबसे बड़ी ताकत इसकी विविध सदस्यता है, जहां छोटे और विकासशील देशों को भी अपनी बात रखने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में चल रहे संघर्षों का असर सीधे श्रीलंका जैसे देशों पर पड़ रहा है। मध्य पूर्व संकट के कारण खाद्य पदार्थ, ईंधन और उर्वरकों की कीमतें बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार लोगों पर पड़ रहे असर को कम करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कॉमनवेल्थ आने वाले समय में और अधिक प्रभावशाली भूमिका निभा सकता है।

### बांग्लादेश- दो अहम बंदरगाहों का इस्तेमाल करेगा अमेरिका

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश और अमेरिका के बीच हुए 3 बड़े रणनीतिक समझौतों के बाद बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर क्षेत्र में सामरिक समीकरण बदलने के संकेत मिल रहे हैं। बांग्लादेश ने अमेरिका को अपने दो अहम बंदरगाहों चिटगांव-मतारबाड़ी के इस्तेमाल की अनुमति देने का फैसला किया है। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच सैन्य और सुरक्षा से जुड़ी खुफिया सूचनाएं साझा करने पर भी सहमति बनी है। अमेरिकी नौसेना व सैन्य जहाज अब इन दोनों बंदरगाहों का इस्तेमाल कर सकेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे अमेरिका की हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में रणनीतिक मौजूदगी काफी मजबूत होगी। चिटगांव बंदरगाह भारत के अंडमान-निकोबार द्वीप समूह से करीब 1100 किमी दूर है, इसलिए इसे भारत की सुरक्षा और सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अमेरिका की विशेष नजर मलक्का स्ट्रेट पर है। यह दुनिया के सबसे अहम समुद्री व्यापार मार्गों में शामिल है और वैश्विक समुद्री व्यापार का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। तेल, गैस और अन्य जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति के लिए भी यह मार्ग बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।

### स्पेन : रैली निकाल मांगा पीएम का इस्तीफा

**मैड्रिड , एजेंसी।** स्पेन के समाजवादी प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के इस्तीफे की मांग को लेकर शनिवार को राजधानी मैड्रिड में हजारों स्पैनवासियों ने विशाल विरोध रैली निकाली। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने पीएम के आधिकारिक आवास के चारों और लगी बाधाओं को तोड़ने की कोशिश भी की। स्पेनिश सिविल सोसाइटी एसोसिएशन की अगुवाई में स्पैनवासियों ने यह रैली भ्रष्टाचार के कई घोटालों के सामने आने के विरोध में निकाली। इन लोगों के हाथों में समाजवादी माफिया का इस्तीफा और अन्य नारों वाले बैनर थे। विपक्षी पीपल्स पार्टी और धुर-दक्षिणपंथी वॉक्स पार्टी के नेताओं ने भी इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान पुलिस ने पीएम के आवास मोंक्लोआ पैलेस की तरफ जाने वाली मुख्य सड़क पर नकाबपोश लोगों के एक समूह को हिरासत में लिया। इस पैलेस में ही सांचेज अपने परिवार के साथ रहते हैं। मार्च फॉर डिग्निटी (गरिमा मार्च) में हजारों प्रदर्शनकारी शामिल हुए।

### सेनेगल : राष्ट्रपति ने पीएम को हटाया

**डकार, एजेंसी।** सेनेगल के राष्ट्रपति बासिरू दियोमाये फाये ने वर्षों से जारी तनाव के बाद पीएम ओस्मान सोनको को बर्खास्त कर दिया है। सरकार के महासचिव उमर सांबा बा ने शुक्रवार देर रात इस फैसले की घोषणा की। पास्टेफ पार्टी के फाये व सोनको के बीच खुले टकराव के बाद यह बर्खास्तगी की गई। दबा ने कहा, पीएम को बर्खास्त करने के बाद सरकार के सभी सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया।

### स्पेसएक्स का अब तक का सबसे बड़ा स्टारशिप प्रक्षेपित

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी कंपनी स्पेसएक्स ने अब तक का अपना सबसे बड़ा, शक्तिशाली व अगली पीढ़ी के उन्नत स्टारशिप रॉकेट का सफल परीक्षण किया। इस परीक्षण में रॉकेट में 20 नकली उपग्रहों का एक समूह तैनात किया था। स्टारशिप, टेक्सास के दक्षिणी छोर से रवाना हुआ और हिंद महासागर में नियंत्रित लैंडिंग की। यह उस रॉकेट की 12वीं परीक्षण उड़ान है, जिसे एलन मस्क लोगों को मंगल तक ले जाने के लिए तैयार कर रहे हैं।

# ट्रंप थे व्हाइट हाउस के अंदर, बाहर चलीं गोलियां; सीक्रेट सर्विस ने संदिग्ध को किया ढेर



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस के पास शनिवार रात अचानक गोलीबारी से हड़कंप मच गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, व्हाइट हाउस परिसर के नजदीक 17 स्ट्रीट और पेनसिल्वेनिया एवेन्यू एनडब्ल्यू इलाके में करीब 30 राउंड गोलियां चलने की आवाज सुनी गई। यह इलाका आइजनहावर कार्यकारी कार्यालय भवन के पास स्थित है। रिपोर्ट्स के अनुसार, एक संदिग्ध बंदूकधारी ने व्हाइट हाउस के बाहर बने सुरक्षा बूथ पर फायरिंग शुरू कर दी, जहां सीक्रेट सर्विस के अधिकारी तैनात थे। जवाबी कार्रवाई में सीक्रेट सर्विस के जवानों ने भी गोली चलाई, जिसमें संदिग्ध हमलावर घायल हो गया। इस गोलीबारी में एक राहगीर भी घायल हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हालांकि किसी सीक्रेट सर्विस अधिकारी के घायल होने की खबर नहीं है।

**गोलीबारी के समय व्हाइट हाउस में मौजूद थे ट्रंप :** घटना के समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस के अंदर मौजूद थे। फिलहाल उनके सुरक्षित होने की जानकारी दी गई है। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया कि व्हाइट हाउस की छत पर काउंटर स्नाइपर्स को तैनात किया गया, ताकि किसी भी संभावित खतरे से तुरंत निपटा जा सके। घटना के समय सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे इलाके की निगरानी बढ़ा दी थी। इस गोलीबारी के बाद पूरे इलाके में भारी सुरक्षा तैनात कर दी गई। व्हाइट हाउस के नॉर्थ लॉन को तुरंत खाली कराया गया और कुछ समय के लिए लॉकडाउन लागू किया गया। वहां मौजूद पत्रकारों ने बताया कि गोलियों की आवाज सुनते ही उन्हें प्रेस ब्रीफिंग रूम के अंदर सुरक्षित जगह पर जाने के लिए कहा गया।

**सोशल मीडिया पर अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने दी जानकारी :** अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि उन्हें 17वीं स्ट्रीट और पेंसिल्वेनिया एवेन्यू के पास गोली चलने की सूचना मिली है। यह इलाका व्हाइट हाउस से सिर्फ एक ब्लॉक दूर बताया जा रहा है। एजेंसी ने कहा कि जमीन पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों के साथ मिलकर जानकारी की पुष्टि की जा रही है।

**रिपोर्ट- हमलावर खुद को जीजस मानता था :** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नासिरे बेस्ट मानसिक रूप से परेशान था और वह पहले भी कई बार व्हाइट हाउस के आसपास देखा गया था। उसके खिलाफ कोर्ट का आदेश था कि वह व्हाइट हाउस के पास नहीं आए, लेकिन उसने इस आदेश को नहीं माना। रिपोर्ट के मुताबिक, 26 जून 2025 को उसने सड़क पर गाड़ियों का रास्ता रोक दिया था। इसके बाद उसे इलाज के लिए मेंटल हेल्थ सेंटर भेजा गया था। करीब दो हफ्ते बाद, 10 जुलाई 2025 को वह व्हाइट हाउस के प्रतिबंधित इलाके में घुसने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया था। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि गिरफ्तारी के समय उसने खुद को आज के दौर का जीजस बताया था। उसने अधिकारियों से यह भी कहा था कि वह गिरफ्तार होना चाहता था।

**इलाके में 40 मिनट तक लॉकडाउन जैसी स्थिति रही :** गोलीबारी के बाद व्हाइट हाउस परिसर में अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद पत्रकारों और स्टाफ को तुरंत सुरक्षित जगहों पर ले जाया गया। सीक्रेट सर्विस एजेंट्स हथियारों के साथ पूरे इलाके में तैनात हो गए और करीब 40 मिनट तक लॉकडाउन जैसी स्थिति रही। एफबीआई, सीक्रेट सर्विस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने इलाके को घेर लिया और जांच शुरू कर दी। व्हाइट हाउस कॉम्प्लेक्स के नॉर्थ लॉन को खाली करा दिया गया है। स्नक्क्ड्ड डायरेक्टर काश पटेल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सुरक्षा एजेंसियां फायरिंग की खबर पर कार्रवाई कर रही हैं।

**व्हाइट हाउस में मौजूद थे कई पत्रकार :** रॉयटर्स की रिपोर्ट्स के अनुसार शनिवार को व्हाइट हाउस परिसर के आसपास मौजूद पत्रकारों ने कई गोलियों की आवाजें सुनीं। इसके बाद सुरक्षा अधिकारियों ने तुरंत सभी पत्रकारों को प्रेस ब्रीफिंग रूम में जाने का निर्देश दिया। कुछ देर बाद सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से उन्हें बाहर निकलने से भी रोक दिया। इससे इलाके में तनाव और सतर्कता का माहौल बन गया।

घटना के समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सुरक्षित बताए गए हैं और उन्हें किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा है। वहीं, वॉशिंगटन मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने फिलहाल मामले पर विस्तृत बयान जारी नहीं किया है। माना जा रहा है कि पुलिस जल्द ही मामले को लेकर बयान जारी कर सकती है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां पूरे इलाके की निगरानी कर रही हैं और आसपास की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

## बंगाल में नया बवाल? 21 जुलाई को लेकर कांग्रेस-टीएमसी आमने-सामने

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल में सत्ता गंवाने के बाद टीएमसी के हाथ से चीजें एक के बाद निकलती जा रही हैं। इसी कड़ी में टीएमसी एक बड़ा इवेंट भी खोने वाली है, जिसे वह अपनी पहचान से जोड़कर देखती है। यह इवेंट है शहीद दिवस, जिसे टीएमसी हर साल 21 मई को मनाती रही है। लेकिन अब कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई ने कहा है कि वह आगामी 21 जुलाई को 'शहीद मीनार' पर एक रैली आयोजित करेगी।

**कांग्रेस ने किया यह ऐलान :** इसके साथ ही पार्टी लंबे समय से तृणमूल कांग्रेस से जुड़े 'शहीद दिवस' आयोजन पर अपनी दावेदारी जताने की कोशिश करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने पार्टी के 'बिधान भवन' कार्यालय में यह घोषणा करते हुए कहाकि कांग्रेस लगभग तीन दशकों में यहां इस कार्यक्रम का आयोजन करेगी। यह कदम विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस की करारी हार और उसके बाद पार्टी के भीतर चल रही उथल-पुथल के मद्देनजर उठाया गया है।

**कैसे हुई थी शहीद दिवस की शुरुआत :** इस दिन की शुरुआत 21 जुलाई, 1993 को हुई थी, जब वाम मोर्चा शासन के दौरान एस्प्लेनेड में ममता बनर्जी के नेतृत्व में एक रैली के दौरान पुलिस गोलीबारी में 13 युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मारे गए थे। कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं के मारे जाने की याद में इस दिन को शहीद दिवस घोषित किया था। 1990 के दशक के उत्तरार्ध में ममता बनर्जी के कांग्रेस से अलग होकर तृणमूल कांग्रेस बनाने के बाद, उनकी पार्टी ने धीरे-धीरे इस वार्षिक आयोजन की जिम्मेदारी संभाली और हर साल विशाल रैलियां आयोजित करने लगी।

**कांग्रेस का टीएमसी पर आरोप :** कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्षों से तृणमूल कांग्रेस ने प्रभावी रूप से कार्यक्रम पर कब्जा कर लिया था और कांग्रेस को सार्वजनिक रूप से इस दिन को मनाने से रोक दिया था। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहाकि वर्षों तक हमें सार्वजनिक रूप से कार्यक्रम आयोजित करने की प्रशासनिक अनुमति नहीं दी गई। हमें शहीद दिवस बिधान भवन के अंदर अस्थायी शेड में मनाना पड़ा। शुभंकर सरकार और पार्टी पर्यवेक्षक गुलाम अहमद मीर ने कांग्रेस में रहे नेताओं को खुला निमंत्रण दिया। शुभंकर सरकार ने कहाकि कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास रखने वाले और पूर्व में कांग्रेस से जुड़े रहे नेताओं के लिए पार्टी के दरवाजे खुले हैं। उनका हार्दिक स्वागत किया जाएगा।

## तमिलनाडु में सीएम विजय का जलवा, अब राज्यसभा में भी एंट्री लेगी थलापति की टीवीके

**चेन्नई , एजेंसी।** तमिलनाडु में ऐतिहासिक जीत हासिल करने के बाद सत्ता में बैठे विजय थलापति की पार्टी तमिलझा वेत्री कड़गण (टीवीके) अब राज्यसभा में एंट्री लेने जा रही है। निर्वाचन आयोग की तरफ से उच्च सदन की 26 सीटों पर चुनाव का ऐलान किए जाने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि टीवीके अब जल्दी ही राज्यसभा में एंट्री लेने वाली है। बता दें, जिन राज्यों में राज्यसभा चुनाव होने वाले हैं, उनमें आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और गुजरात की चार-चार सीटें, मध्य प्रदेश, राजस्थान की तीन-तीन सीटें और झारखंड की दो सीटों पर चुनाव होंगे। इसके अलावा मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश में एक-एक सीट पर होंगे।

तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में वैसे तो इस वर्ष राज्यसभा चुनाव नहीं होने था, लेकिन दक्षिणी राज्य में एआईएडीएमके के राज्यसभा सांसद और महाराष्ट्र में उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के इस्तीफे के बाद यह सीटें खाली हो गई हैं। इसलिए इन पर उपचुनाव होगा। हालांकि, इन सीटों पर जो भी प्रत्याशी जीतकर आएगा उसका कार्यकाल केवल दो वर्ष का होगा। हालिया विधानसभा चुनाव जीतकर आई टीवीके के लिए यह राज्यसभा में एंट्री लेने का बेहतरीन मौका है।

बता दें, वर्तमान में जिन 26 राज्यसभा सीटों पर चुनाव होने वाले हैं उनमें से सत्ताधारी गठबंधन एनडीए के पास 17 सीटें हैं, विधायकों की संख्या देखें तो, इस चुनाव में एनडीए की एक सीट कम होने की संभावना है, वहीं कांग्रेस की एक सीट बढ़ सकती है। झारखंड में तमाम उठापटक के बाद जीतने वाली हेमंत सोरेन की पार्टी भी दो सीटें जीत सकती है।

अन्य राज्यों की बता करें मध्य प्रदेश की तीन सीटों में से 2 पर भाजपा और एक पर कांग्रेस के विजयी होने की संभावना है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि मध्य प्रदेश से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो सकते हैं। दूसरी तरफ गुजरात की चारों सीटें भाजपा के खाते में जाने की संभावना है, वहीं राजस्थान की तीन सीटों में से भी एक कांग्रेस और दो बीजेपी को मिलने की संभावना है।

## प्रधान की मृत्यु भोज के बचे भोजन ने मचाया हड़कंप, 10 गोवंश की मौत, सात की हालत गंभीर



**मथुरा, एजेंसी।** यूपी के मथुरा में प्रधान के मृत्यु भोज के बाद बचे भोजन ने हड़कंप मचा दिया है। गांव भैंसा में मृत्यु भोज के बाद बचे पुआ के सेवन से यहां की गोशाला में 10 गोवंश की मौत हो गयी है। सात गोवंश की हालत गंभीर है। इससे गांव में हड़कंप मच गया। बीमार गोवंश का उपचार किया जा रहा है। इनमें कई गोवंश की हालत गंभीर है। वेटेरिनरी विश्वविद्यालय के चिकित्सकों की टीम ने गोवंश की मौत की वजह प्रथम दृष्टया अम्लीय अपच माना है। एसडीएम (सदर) ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। गांव भैंसा के प्रधान जगन्नाथ सिंह का 08 मई को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। उनके निधन के बाद बुधवार (20 मई) को मृत्यु भोज का आयोजन किया गया, जिसमें चौरासी गांवों के लोगों को आमंत्रित किया गया था। भोज के बाद बचे पुआ व अन्य सामान शुक्रवार को गांव के बाहर स्थित सरकारी गोशाला में गोवंश को खिलाने के लिए भेज दिया गया। गोवंश ने मृत्यु भोज में बचे भोजन का सेवन कर लिया। इसके बाद रविवार को गोवंश की तबीयत बिगड़ने लगी। गोवंश के मुंह से झाग निकलने लगे और तड़प-तड़प कर दम तोड़ने लगीं। यह देख गोशाला के कर्मचारियों में खलबली मच गयी। सूचना पर ग्रामीण भी गोशाला पहुंच गए। गोवंश का हाल देख उन्होंने जिला प्रशासन को इसकी सूचना दी। सूचना पर एसडीएम (सदर) आदेश कुमार, ट्रेनी आईपीएस एवं थाना प्रभारी रिफाइनरी जयविंद गुप्ता, क्षेत्रीय लेखपाल समेत कई थानों का पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। वेटेरिनरी विश्वविद्यालय से चिकित्सकों की टीम बुला ली गयी। मुख्य पशु चिकत्साधिकारी डॉ. एनके शुक्ला ने बताया कि दोपहर में आठ गोवंश की मृत्यु हो चुकी थी, जबकि 20 गोवंश को 10 डॉक्टरों की टीम उपचार करने में लगी हुई है।

गोशाला को खाली कराया जा रहा है। यहां से गोवंश को एम्बुलेंस के माध्यम से राल स्थित गोशाला भेजा जा रहा है द्य वेटेरिनरी की टीम ने सैंपिल एकत्रित किए हैं, जिनकी रिपोर्ट सोमवार तक आएगी। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को मृत्यु भोज का बचा भोजन गोशाला पहुंचाया गया था। भीषण गर्मी के कारण भोजन खराब और जहरीला हो चुका था। जैसे ही गोवंशी ने उसे खाया, उनकी हालत बिगड़ने लगी। इसी वजह से कई गोवंश की मौत हुई है। ग्राम पंचायत के सचिव सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि गोशाला में कुल 128 गायें थीं। अब मृत गायों के अलावा शेष बची गायों को राल गोशाला भेज दिया गया है। यहां पशु चिकित्सालय में उनका उपचार चल रहा है। गोशाला के सभी गोवंश को राल शिफ्ट कर दिया गया है।

## सर्बिया में सरकार विरोधी प्रदर्शन तेज, बेलग्रेड में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प

**बेलग्रेड, एजेंसी।** सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में सरकार विरोधी रैली के बाद हालात तनावपूर्ण हो गए। हजारों लोगों ने राष्ट्रपति के खिलाफ प्रदर्शन किया। रैली खत्म होने के बाद कुछ प्रदर्शनकारी समूहों और दंगा पुलिस के बीच हिंसक झड़पें हुईं। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर, बोतलें और फ्लेयर फेंके, जबकि पुलिस ने जवाब में पेपर स्प्रे का इस्तेमाल किया। सर्बिया में पिछले कई महीनों से भ्रष्टाचार और सरकार विरोधी आंदोलन चल रहा है। इस प्रदर्शन को छात्र संगठनों और युवाओं का बड़ा समर्थन मिला। सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में सरकार विरोधी रैली के बाद प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़पें हुईं। हजारों लोग राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिच की सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे। प्रदर्शन की शुरुआत नवंबर 2024 की ट्रेन स्टेशन दुर्घटना के बाद हुई थी। छात्र संगठन भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन चला रहे हैं और समय से पहले चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए पेपर स्प्रे का इस्तेमाल किया।

**प्रदर्शन के बाद बेलग्रेड में हिंसा कैसे भड़की :** बेलग्रेड के केंद्रीय चौक पर हुई बड़ी रैली शुरुआत में शांतिपूर्ण रही। प्रदर्शनकारी 'स्टूडेंट्स विन' लिखी टी-शर्ट और बैनर लेकर पहुंचे थे। लेकिन मुख्य कार्यक्रम खत्म होने के बाद कुछ युवा समूह पुलिस से भिड़ गए। रिपोर्ट के अनुसार इनमें कई फुटबॉल हूलीगन भी शामिल थे। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर कूड़ेदान लाकर बैरिकेड बनाए और पुलिस पर चीजें फेंकीं। इसके बाद दंगा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भीड़ को तितर-बितर करने की कोशिश की। पुलिस ने इलाके में दंगा नियंत्रण वाहन भी तैनात किए ताकि प्रदर्शनकारी दोबारा मुख्य इलाके में न पहुंच सकें।

**छात्र आंदोलन आखिर किस मुद्दे पर शुरू हुआ :** सर्बिया में यह आंदोलन नवंबर 2024 में हुई एक ट्रेन स्टेशन दुर्घटना के बाद शुरू हुआ था। देश के उत्तरी हिस्से में हुई इस दुर्घटना में 16 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद छात्रों ने भ्रष्टाचार और सरकारी लापरवाही के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन शुरू कर दिए। आंदोलन लगातार बढ़ता गया और भारी दबाव के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक को इस्तीफा देना पड़ा। हालांकि बाद में सरकार ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया। छात्र संगठनों का आरोप है कि सरकार भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग को रोकने में विफल रही है। प्रदर्शनकारी अब समय से पहले संसदीय चुनाव कराने और कानून के शासन को मजबूत करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार में अपराध और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। प्रदर्शन में शामिल माजा मिलास मार्कोविच नाम की एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि छात्रों ने अपनी ऊर्जा और एकजुटता से लोगों को साथ लाने का काम किया है।

## रूस के कॉलेज पर हुए ड्रोन हमले में मौत का आंकड़ा बढ़ा, मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हुई

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस के लुहांस्क इलाके के स्टारोबेल्स्क में एक डॉरमेट्री पर हुए हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। स्थानीय मीडिया की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार मलबे में और शव मिले हैं। रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय की प्रेस सर्विस ने बताया कि मलबे के नीचे तीन और बच्चे हो सकते हैं। रूस की तास न्यूज एजेंसी ने मंत्रालय के एक अधिकारी के हवाले से बताया, 'मलबे से दो और लोगों की लाशें बरामद की गईं। इससे घायलों की कुल संख्या 60 हो गई है, जिनमें से 18 की मौत हो गई है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को स्टारोबिल्स्क कॉलेज पर यूक्रेन के हमले की निंदा की थी। रूसी जांच कमेटी की प्रवक्ता स्वेतलाना पेट्रेंको के मुताबिक, कॉलेज को यूक्रेन की आर्म्ड फोर्सेज ने चार फिक्स्ड-विंग यूएवी से हमला किया था। जब हमला हुआ, तो 14 से 18 साल के 86 बच्चे उस जगह पर मौजूद थे। संयुक्त राष्ट्र ने भी इस हमले की निंदा की है। यूएन महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा, 'हम आम लोगों और आम लोगों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले किसी भी हमले की कड़ी निंदा करते हैं, चाहे वे कहीं भी हों। यूक्रेन के बारे में, मैं यह बताना चाहूंगा कि हम स्टारोबिल्स्क शहर में एक कॉलेज की बिल्डिंग और डॉरमेट्री पर रातभर हुई गोलाबारी की रिपोर्ट पर चिंता के साथ नजर रख रहे हैं, जिसमें बच्चों समेत कई लोग मारे गए और घायल हुए हैं।' इस तरह के हमले अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून का उल्लंघन हैं। दुजारिक ने आगे कहा, 'हम सभी संबंधित पक्षों से अपील करते हैं कि वे ऐसे किसी भी काम से बचें जिससे पहले से ही खतरनाक स्थिति और बिगड़ सकती है।

हमले के बाद रूस के कहने पर बुलाई गई सुरक्षा परिषद की मीटिंग में वैनेसा फ्रेजियर ने कहा कि हथियारों वाली लड़ाई के दौरान बच्चों, स्कूलों और अस्पतालों को कभी भी टारगेट नहीं बनाया जाना चाहिए। फ्रेजियर ने कहा, 'आम लोगों, बच्चों, मानवीय मदद करने वाले लोगों और आम चीजों को, जिसमें स्कूल और अस्पताल भी शामिल हैं, कभी भी निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। बच्चों की सुरक्षा प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए। उनके घरों, उनके क्लासरूम और उनके भविष्य को नुकसान नहीं स्वीकार किया जा सकता।' यूएन में अमेरिका की उपस्थायी प्रतिनिधि टैमी ब्रूस ने कहा, 'हम कल रात लुहांस्क में हुई मौतों और घायलों की रिपोर्ट पर नजर रख रहे हैं। इस हमले से जुड़े कई सवालों के जवाब अभी भी नहीं मिले हैं। जब तक हम इन सवालों के जवाब का इंतजार कर रहे हैं, हम युद्ध को हमेशा के लिए, बातचीत से खत्म करने के तरीके के तौर पर तुरंत और पूरी तरह से सीजफायर की जरूरत पर जोर देते हैं।

## ट्रंप का बड़ा दावा : अमेरिका-ईरान शांति समझौता लगभग तय, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खोला जाएगा



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वाशिंगटन और तेहरान एक बड़े शांति समझौते को अंतिम रूप देने के काफी करीब पहुंच चुके हैं। यह बातचीत मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया के कई नेताओं के साथ हुई कॉल्स के बाद आगे बढ़ी, जिनमें पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर और खाड़ी देशों के नेता भी शामिल थे। शनिवार को 'ट्रुथ सोशल' पर किए गए एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका, ईरान और क्षेत्र के कई देशों के बीच समझौता लगभग तय हो चुका है और अब सिर्फ कुछ आखिरी बातें बाकी हैं। ट्रंप ने लिखा, 'मैं व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में हूं, जहां अभी हमारी सऊदी अरब के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद, यूएई के मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, कतर के अमीर तमीम बिन हमद बिन खलीफा अल थानी, प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जासिम बिन जाबेर अल थानी, कतर के मंत्री अली अल-थावादी, पाकिस्तान के फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर अहमद शाह, तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी, जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय और बहरीन के राजा हमद बिन ईसा अल खलीफा के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। यह बातचीत ईरान और शांति से जुड़े एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर केंद्रित थी।'

ट्रंप ने कहा कि यह हाल के महीनों में ईरान और क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर उनकी सबसे बड़ी कूटनीतिक पहल में से एक है। उन्होंने आगे कहा कि? अमेरिका, ईरान और ऊपर बताए गए दूसरे देशों के बीच समझौता लगभग तय हो चुका है, बस अंतिम मंजूरी बाकी है। ट्रंप ने बताया कि उन्होंने अलग से इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी बात की और वह भी बहुत अच्छी रही।

ट्रंप के मुताबिक, अब बातचीत समझौते की आखिरी शर्तों और विवरणों पर चल रही है। डील के अंतिम पहलुओं और बारीकियों पर चर्चा जारी है, और जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। ट्रंप के बयान का सबसे अहम हिस्सा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर था। यह एक बेहद महत्वपूर्ण समुद्री रास्ता है, जहां से दुनिया के बड़े हिस्से का तेल गुजरता है। उन्होंने लिखा, 'समझौते के कई दूसरे हिस्सों के साथ-साथ स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को भी खोला जाएगा।' इस बयान पर भारत में भी खास नजर रहेगी, क्योंकि भारत अपनी तेल जरूरतों के लिए खाड़ी देशों से बड़े पैमाने पर आयात करता है और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तनाव को हमेशा चिंता की नजर से देखता रहा है।

अगर ईरान से जुड़ा तनाव कम होता है, तो इससे तेल की कीमतों, शिपिंग में रुकावट और सप्लाई चेन से जुड़े जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। हालांकि, ट्रंप ने इस प्रस्तावित समझौता ज्ञापन की पूरी जानकारी साझा नहीं की और न ही यह बताया कि इसमें कौन-सा देश क्या भूमिका निभाएगा। व्हाइट हाउस की तरफ से भी फिलहाल कोई अतिरिक्त जानकारी जारी नहीं की गई है।

**60 दिन के लिए बढ़ेगा अमेरिका-ईरान युद्धविराम :** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने को लेकर बड़ी कूटनीतिक हलचल तेज हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार दोनों देश 60 दिन के लिए युद्धविराम बढ़ाने के करीब पहुंच गए हैं। इस समझौते में होर्मुज जलडमरूमध्य को धीरे-धीरे दोबारा खोलने और ईरान के उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम भंडार को कम करने या सौंपने जैसे मुद्दे शामिल हैं। इसके बदले अमेरिका ईरानी बंदरगाहों पर लगी पाबंदियों में ढील देने और कुछ प्रतिबंध हटाने पर सहमत हो सकता है। इस पूरे घटनाक्रम को पश्चिम एशिया में तनाव कम करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।



# आईपीएल 2026 : दिल्ली की जीत के साथ लीग चरण का समापन

**आखिरी मैच में कोलकाता को 40 रन से हराया**

**एजेंसी**

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के लीग चरण का समापन दिल्ली कैपिटल्स की प्रभावशाली जीत के साथ हुआ। ईडन गार्डन्स में खेले गए आखिरी लीग मुकाबले में दिल्ली ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 40 रन से हराकर टूनामेंट का सफर सकारात्मक अंदाज में समाप्त किया। हालांकि दोनों टीमें पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी थीं, लेकिन मुकाबले में प्रतिस्पर्धा और रोमांच देखने को मिला। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 203 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से केएल राहुल ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए सबसे अधिक 60 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी के दौरान आकर्षक शॉट्स खेलते हुए रन गति को लगातार बनाए रखा।

कप्तान अक्षर पटेल (39 रन) ने भी उपयोगी योगदान देते हुए महत्वपूर्ण रन जोड़े, जबकि मध्यक्रम में डेविड मिलर (28) और आशुतोष शर्मा (18) ने अंतिम ओवरों में तेज बल्लेबाजी कर टीम को 200 रन के पार पहुंचाया। 204 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता की शुरूआत दबाव में रही। हालांकि कप्तान अजिंक्य रहाणे (63) ने संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाया और टीम को संभालने का प्रयास किया। मनीष पांडे (25) और रोवमन पॉवेल (29) ने भी कुछ अच्छे शॉट लगाए, लेकिन दूसरे छोर से लगातार विकेट गिरने के कारण टीम लक्ष्य से दूर रह गई।

दिल्ली की गेंदबाजी भी पूरे मैच में प्रभावशाली रही। लुंगी एनगिडी और कुलदीप यादव ने नियमित अंतराल पर 3-3 विकेट निकालकर कोलकाता के बल्लेबाजी क्रम को दबाव में रखा। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने भी दो अहम सफलताएं हासिल कीं। इस बीच दिन के पहले मुकाबले में राजस्थान की जीत ने प्लेऑफ की तस्वीर पूरी तरह साफ कर दी। इसके बाद राजस्थान ने अंतिम स्थान हासिल किया, जबकि बेंगलुरु, गुजरात और हैदराबाद पहले ही अंतिम चार में जगह बना चुके थे। दिल्ली ने भले ही प्लेऑफ का टिकट नहीं पाया, लेकिन अंतिम मैच में मिली यह जीत टीम के लिए सम्मानजनक विदाई साबित हुई।

**गुरिंदरवीर 100 मीटर में भारत के सबसे तेज धावक**

# 10.09 सेकेंड में जीते

## दो बार नेशनल रिकॉर्ड तोड़ा, पर्ची दिखाई- अभी काम पूरा नहीं

**रांची (एजेंसी)।** रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में भारतीय एथलेटिक्स के लिए ऐतिहासिक दिन रहा। पंजाब के 25 साल के स्प्रिंटर गुरिंदरवीर सिंह ने एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता की पुरुषों की 100 मीटर रेस 10.09 सेकेंड में पूरी की और नया नेशनल रिकॉर्ड बनाया। यह पहली बार है, जब किसी भारतीय ने 100 मीटर रेस 10.10 सेकेंड से कम समय में पूरी की है। रेस जीतने के बाद गुरिंदरवीर ने जोश में अपना बिब नंबर उतार दिया और ट्रैक पर जूते फेंक दिए। इवेंट के बाद गुरिंदरवीर ने कहा- लोग कहते थे कि भारतीयों के पास 100 मीटर के लिए जीन नहीं हैं। मैं सबको गलत साबित करना चाहता था। भारतीय जीन बहुत मजबूत हैं और यह सिर्फ शुरुआत है। इसके महज 5 मिनट बाद 22 वर्षीय अनिमेष ने दूसरे सेमीफाइनल हीट में 10.15 सेकेंड का समय निकालकर नेशनल रिकॉर्ड वापस हासिल कर लिया। फाइनल में गुरिंदरवीर ने इसे फिर अपने नाम कर लिया।



**फाइनल में अनिमेष से 0.11 सेकेंड तेज दौड़े गुरिंदरवीर** – गुरिंदरवीर ने फाइनल में अनिमेष से 0.11 सेकेंड तेज दौड़ लगाई। उन्होंने अपने युवा प्रतिद्वंद्वी से करीब दो फीट आगे रहते हुए फिनिश लाइन पार की। रिलायंस फाउंडेशन के प्रणव गुरव 10.29 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। गुरिंदरवीर ने मैच के बाद कहा- 'बहुत अच्छी फीलिंग है। जैसी ट्रेनिंग चल रही थी, वैसे रिजल्ट भी मिल रहे हैं। आगे भी ट्रेनिंग अच्छी रहेगी और अच्छे रिजल्ट मिलेंगे। ट्रेनिंग में जिन चीजों की कमी थी, उन्हें सुधारा। कमजोरियां दूर कीं, स्ट्रेन्थ बढ़ाई। आखिरी मिनट में फिजिकल से ज्यादा मेंटल गेम होता है। जो अपने आप को मानसिक रूप से मजबूत रख पाएगा, वो जीतेगा।'

### प्रतियोगिता में तीन बार टूटा नेशनल रिकॉर्ड

यहां पंजाब के गुरिंदरवीर और ओडिशा के अनिमेष के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। अनिमेष पिछले साल बनाए 10.18 सेकेंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ प्रतियोगिता के प्रबल दावेदार थे। लेकिन शुक्रवार को 25 वर्षीय गुरिंदरवीर ने शुरुआती सेमीफाइनल हीट में इसे 10.17 सेकेंड तक कम कर दिया।

### इस सीजन एशिया के दूसरे सबसे तेज धावक बने

गुरिंदरवीर का यह समय इस सीजन में एशिया का दूसरा सबसे तेज समय है। वह जापान के फुकुतो कोमुरो (10.08 सेकेंड) से सिर्फ .01 सेकेंड पीछे रहे। उन्होंने 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स का क्वालिफिकेशन मार्क (10.16 सेकेंड) भी आसानी से पार कर लिया।

**'क्रिकेट में कौशल के साथ-साथ धैर्य की भी परीक्षा होती है'**

# बेटे अर्जुन के एलएसजी में डब्यू पर बोले तेंदलुकर

**लखनऊ (एजेंसी)।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अपने बेटे और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जुन की इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के अंतिम लीग मैच में इस फ्रेंचाइजी की तरफ से अपने पदार्पण मैच में अच्छा प्रदर्शन करने पर उनके धैर्य और क्षमता की सराहना की। एलएसजी ने इससे पहले अर्जुन को किसी भी मैच में खेलने का मौका नहीं दिया। इस बीच वह नेट और अभ्यास मैचों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन अपनी काबिलियत साबित करने के लिए उन्हें सत्र के आखिरी मैच तक इंतजार करना पड़ा। एलएसजी की पंजाब किंग्स से हार के बाद तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर एक भावुक संदेश लिखा। तेंदुलकर ने कहा, शाबाश, अर्जुन। इस पूरे सत्र में जिस तरह से तुमने खुद को संभाला है, उस पर मुझे गर्व है। हमेशा अपनी क्षमता पर विश्वास बनाए रखा, धैर्य रखा, चुपचाप कड़ी मेहनत की और आखिरी मैच तक अपने



मौके का इंतजार करने के बावजूद सकारात्मक बने रहे। उन्होंने कहा, क्रिकेट में कौशल के साथ-साथ धैर्य की भी परीक्षा होती है और आज तुमने दोनों को बखूबी निभाया। अपने पांव जमीन पर बनाए रखना और खेल के प्रति अपने प्रेम को हमेशा की तरह बरकरार रखना। तुम्हें ढेर सारा प्यार। अर्जुन का पहला ओवर काफी अच्छा था और अगर कप्तान ऋषभ पंत ने प्रभसिमरन सिंह की गेंद पर मुश्किल कैच लपक लिया होता तो उन्हें विकेट मिल सकता था। उन्होंने शुरुआती ओवरों में लेंथ पर गेंदबाजी की, लेकिन 15वें ओवर में प्रभसिमरन को यॉर्कर पर पगबाधा आउट किया। पंत ने पावरप्ले के तुरंत बाद अर्जुन को गेंदबाजी के लिए उतारा था। उन्होंने नौवां, पंद्रहवां और सत्रहवां ओवर भी फेंका और कुल मिलाकर 36 रन देकर एक विकेट लिया। 26 वर्षीय अर्जुन मुंबई इंडियंस के लिए भी खेल चुके हैं। सचिन तेंदुलकर का पुत्र होने के कारण अर्जुन शुरू से ही सुर्खियों में रहे हैं। एलएसजी के टीम प्रबंधन के कुछ सदस्य उन्हें काफी पहले खेलने का मौका देना चाहते थे लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।

# टेस्ट मैच के बीच लाल की जगह गुलाबी गेंद

**आईसीसी की कोशिश- खराब रोशनी के कारण खेल न रुके, दोनों कप्तानों की सहमित जरूरी**

**दुबई (एजेंसी)।** इंटरनेशनल टेस्ट मैचों में पहली बार 2015 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच डे-नाइट टेस्ट में गुलाबी गेंद का इस्तेमाल किया गया था। - आईसीसी क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में बड़े बदलावों की तैयारी कर रही है। सबसे अहम प्रस्ताव लाल बॉल से शुरू हुए किसी टेस्ट मैच के बीच गुलाबी गेंद का इस्तेमाल करना है। गेंद उन स्थितियों में बदली जाएगी जब खराब रोशनी के कारण खेल रोक दिया गया हो। लाल गेंद फ्लड लाइट्स में ठीक से नहीं दिखती है। जितनी देर खराब रोशनी हो उतनी देर लाल



की जगह गुलाबी गेंद से खेल हो। हालांकि, इसके लिए मैच खेल रही दोनों टीमों के कप्तानों को सहमति देनी होगी। यह प्रस्ताव सिर्फ दिन में होने वाले टेस्ट मैचों के लिए है। साथ ही ये नियम उन्हीं ग्राउंड पर लागू हो सकते हैं जहां पहले से फ्लड लाइट्स लगे हों। डे-नाइट टेस्ट मैच पूरी तरह से गुलाबी गेंद से ही होते हैं।टेस्ट मैचों में बैड लाइट की वजह से कई बार दिन में 90 ओवर का खेल नहीं हो पाता है। क्रिकबज के मुताबिक बदलावों से जुड़े प्रस्ताव गुरुवार को आईसीसी चीफ एग्जीक्यूटिव कमिटी (सीईसी) की वर्चुअल बैठक में रखे गए। आईसीसी क्रिकेट कमिटी के प्रमुख सौरव गांगुली भी बैठक में शामिल रहे।

- **वनडे में कोच को मिलेगी ज्यादा आजादी** – वनडे में हर पारी में दो ड्रिंक्स ब्रेक होते हैं। अभी ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान सिर्फ सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी ही मैदान पर जा सकते हैं। इसमें भी ड्रिंक्स ले जाने वाले खिलाड़ियों का क्रिकेट ड्रेस में होना अनिवार्य है। प्रस्ताव के मुताबिक हेड कोच को भी खिलाड़ियों से बात करने के लिए मैदान पर आने की परमिशन मिलेगी। टी-20 इंटरनेशनल में कोच को पहले से इसकी इजाजत दी जा चुकी है।
- **टी-20 में ब्रेक 20 से घटाकर 15 मिनट करने पर विचार** – टी-20 इंटरनेशनल मैच में दोनों पारी के बीच का ब्रेक 20 मिनट से घटाकर 15 मिनट करने का प्रस्ताव है।

# केन की हैट्रिक से बायर्न ने जीता जर्मन कप

**बर्लिन (एजेंसी)।** हैरी केन ने दूसरे हाफ में हैट्रिक जमाई, जिससे बायर्न म्यूनिख ने शनिवार को बर्लिन में हुए फाइनल में वीएफबी स्टटगार्ट को 3-0 से हराकर डीएफबी-पोकल (जर्मन कप) जीतने का अपना लंबा इंतज़ार खत्म कर दिया। एक और कप जीत की तलाश में उतरे स्टटगार्ट ने मैच की शुरुआत जोरदार तरीके से की और पहले हाफ के ज्यादातर समय तक बायर्न को बैकफुट पर रखा। मैच शुरू होने के दो मिनट के भीतर ही डेनिज उड़ाव ने सिर से गेंद को सीधे जोनास अर्बिग की ओर उछाला; इसके कुछ देर बाद, बायर्न के एक ढीले पास का फायदा उठाते हुए एंजेलो स्टिलर ने दूर से शॉट लगाया, लेकिन वह चूक गए। मैक्सिमिलियन मिटेलस्टेड्ट ने बाईं ओर से दो बार खतरा पैदा किया-पहले उन्होंने गेंद को साइड-नेटिंग से टकराया, और फिर अर्बिग को मजबूर किया कि वे एक जोरदार लो-ड्राइव शॉट को पोस्ट के बाहर रोकें। बायर्न की टीम-जिसमें मैनुअल न्यूयर की जगह अर्बिग को शुरुआती एकादश में शामिल किया गया था-गेंद पर लंबे समय तक कब्ज़ा रखने के बावजूद खेल में अपेक्षित लय हासिल करने के लिए संघर्ष करती दिखी। बायर्न को मिले शुरुआती स्पष्ट मौकों में से एक पर केन ने सिर से गेंद को गोल के ऊपर से निकाल दिया, जबकि आधे घंटे का खेल पूरा होने के बाद लुइस डियाज़ ने अलेक्जेंडर न्यूबेल की ओर शॉट लगाया। मध्यांतर से ठीक पहले न्यूबेल की परीक्षा और भी गंभीरता से हुई, जब उन्होंने लगभग 20 मीटर की दूरी से जोसिप स्टैनिसिक द्वारा लगाए गए एक ज़ोरदार शॉट को रोकने के लिए शानदार प्रतिक्रिया दी। मध्यांतर के बाद स्टटगार्ट का खेल और भी आक्रामक हो गया, लेकिन 55वें मिनट में मैच का रुख पूरी तरह बदल गया। माइकल ओलिसे पर हुए एक फाउल के बाद बायर्न ने तेजी से खेल दोबारा शुरू किया; ओलिसे दाईं ओर से आगे बढ़े और केन के लिए एक क्रॉस दिया। केन ने पेनल्टी-एरिया के भीतर खाली जगह तलाशी और सिर से गेंद को गोल में पहुंचा दिया। इसके बाद मैच को कुछ मिनटों के लिए रोकना पड़ा, क्योंकि ओलंपियास्टेडियन के दोनों छोरों पर दर्शकों ने आतिशबाजी शुरू कर दी थी, जिससे पूरे मैदान पर धुएं का गुबार छा गया। जब खेल दोबारा शुरू हुआ, तो बायर्न के खिलाड़ी ज्यादा शांत और संयमित नजर आए, जबकि स्टटगार्ट का शुरुआती दबाव पूरी तरह से खत्म हो चुका था। लुइस डियाज के शॉट को न्यूबेल द्वारा बचाए जाने के बाद, कोनराड लाइमर को अपनी टीम की बढ़त दोगुनी करने का एक स्पष्ट मौका मिला, लेकिन उन्होंने उसे गंवा दिया। हालांकि, इसके कुछ ही देर बाद केन ने मैच का फैसला कर दिया। 80वें मिनट में उन्होंने लुइस डियाज के साथ मिलकर एक शानदार मूव बनाया; गेंद को चेमा एंड्रेस के पास से निकालते हुए उन्होंने उसे गोल के दाहिने कोने में पहुंचा दिया। स्टॉपेज टाइम के पहले ही मिनट में, जब स्टिलर एक नाकाम क्लीयरेंस के दौरान गेंद को हाथ से रोक बैठे, तो केन ने पेनल्टी स्पॉट से अपनी हैट्रिक पूरी कर ली। इस जीत के साथ बायर्न ने अपना 21वां डीएफबी-पोकल खिताब जीता-2020 के बाद इस प्रतियोगिता में यह उनका पहला खिताब था-और इसके साथ ही उन्होंने घरेलू 'डबल' भी पूरा कर लिया। स्टटगार्ट का यह सीजन बिना किसी ट्रॉफी के ही खत्म हुआ। केन ने कहा, यह कुछ हद तक सब्र रखने की बात थी। पहला हाफ मुश्किल था, लेकिन हमने उन्हें थका दिया। दूसरे हाफ में हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा और कुल मिलाकर हम जीत के हकदार थे। मुझे अपने खिलाड़ियों पर बहुत गर्व है।



**सूर्यकुमार यादव की कप्तानी पर संकट?**

# श्रेयस-सैमसन नहीं, अगला टी-20 कप्तान बनने के लिए तिलक का नाम सबसे आगे

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय टी20 टीम की कप्तानी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चयनकर्ता सूर्यकुमार यादव की बल्लेबाजी और भविष्य को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं, जिसके चलते उनकी कप्तानी पर खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में मुंबई इंडियंस के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा भारत के अगले टी20 कप्तान के रूप में उभरते नजर आ रहे हैं। एक वरिष्ठ बीसीसीआई सूत्र ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सूर्यकुमार यादव का भविष्य काफी हद तक मुख्य कोच गौतम गंभीर के फैसले पर निर्भर करेगा।

**शुभमन गिल भी दावेदार** – गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल का नाम भी संभावित कप्तानों में शामिल है। शानदार आईपीएल सीजन के बाद उनकी दावेदारी और मजबूत हुई है। बताया जा रहा है कि अजीत अगरकर और चयन समिति पहले से ही गिल को लंबे समय के लिए सभी फॉर्मेट का कप्तान मानकर चल रही थी, लेकिन टी20 विश्व कप से पहले उनकी खराब फॉर्म ने योजनाओं को प्रभावित किया। अगर सूर्यकुमार टीम से बाहर होते हैं, तो गिल की टी20 टीम में वापसी हो सकती है।

**गंभीर की भूमिका अहम** – रिपोर्ट में कहा गया है कि सूर्यकुमार यादव के भविष्य का अंतिम फैसला मुख्य कोच गौतम गंभीर की सोच पर निर्भर करेगा। अगर गंभीर को लगता है कि सूर्यकुमार को एक और मौका मिलना चाहिए, तो वह कप्तानी बचा सकते हैं।

**तिलक वर्मा पर खास नजर** – इस पूरी चर्चा के बीच सबसे दिलचस्प नाम तिलक वर्मा का सामने आ रहा है। बीसीसीआई सूत्र ने कहा, अगर सूर्यकुमार को हटाया जाता है तो तिलक वर्मा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यही वजह है कि उन्हें त्रिकोणीय ए सीरीज में कप्तान बनाया गया है, ताकि चयनकर्ता उनकी नेतृत्व क्षमता को परख सकें। इसके अलावा युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी 2028 ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए तेजी से तैयार किया जा रहा है।

### कप्तानी की रेस में कई नाम

अगर सूर्यकुमार यादव को कप्तानी से हटाया जाता है, तो कई खिलाड़ी इस दौड़ में शामिल हो सकते हैं। श्रेयस अय्यर को मजबूत दावेदार माना जा रहा है। उनकी रणनीतिक समझ और नेतृत्व क्षमता की काफी तारीफ होती रही है। हालांकि गौतम गंभीर और अय्यर के रिश्तों को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कोलकाता नाइट राइडर्स की 2024 आईपीएल जीत का श्रेय ज्यादा गौतम गंभीर को मिलने से अय्यर थोड़े निराश थे।

### चयनकर्ता क्यों नहीं हैं आश्वस्त

रिपोर्ट के मुताबिक, चयनकर्ताओं को उम्मीद थी कि आईपीएल 2026 सूर्यकुमार यादव को पुरानी लय में लौटने में मदद करेगा, जैसा उन्होंने पिछले सीजन में 700 से ज्यादा रन बनाकर किया था, लेकिन इस बार उनका प्रदर्शन उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। बीसीसीआई सूत्र ने कहा, शुरुआत में चयनकर्ताओं को लगा था कि आईपीएल सूर्यकुमार को फॉर्म में वापस लाने में मदद करेगा, लेकिन उनके खेल में कोई तकनीकी सुधार नजर नहीं आया। अब नए गेंदबाज भी लगातार हार्ड लेंथ गेंदबाजी कर रहे हैं और उनके पास उसका जवाब नहीं दिख रहा। सूत्र ने आगे कहा, चयनकर्ता उन्हें लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक की योजना में नहीं देखते। मामला इतना ही सीधा है।



## नानी के जन्मदिन का केक नहीं पहुंचा, उपभोक्ता आयोग ने बेकरी पर लगाया भारी जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने ऑनलाइन बेकरी कंपनी इंडिया केक्स प्राइवेट लिमिटेड को सेवा में कमी और अनुचित व्यापारिक व्यवहार का दोषी माना है। मामला एक ऐसे ऑर्डर से जुड़ा था, जिसे नानी के जन्मदिन जैसे खास मौके पर भेजा गया था, लेकिन केक कभी डिलीवर ही नहीं हुआ। आयोग ने अपने फैसले में कहा कि इस तरह के ऑर्डर केवल पैसों का लेनदेन नहीं होते, बल्कि उनसे लोगों की भावनाएं और खास अवसर जुड़े होते हैं। इसलिए ऐसी सेवाओं में विफलता का असर सामान्य मामलों की तुलना में कहीं अधिक होता है। आयोग ने बेकरी को आदेश दिया कि वह ग्राहक को केक की पूरी रकम ब्याज समेत



वापस करे। साथ ही कोर्ट केस में खर्च रकम अलग से देने का भी आदेश दिया।

### क्या है पूरा मामला

दिल्ली निवासी प्रियंका भारद्वाज और स्मिता कुमारी ने 9 फरवरी 2024 को उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में अपनी नानी के लिए केक और फूल भेजने का ऑर्डर दिया था। यह ऑर्डर कंपनी की वेबसाइट के जरिए किया गया, जहां पूरे देश में मुफ्त उसी दिन डिलीवरी का दावा किया गया था। हालांकि भुगतान करने के तुरंत बाद कंपनी ने डिलीवरी के नाम पर अतिरिक्त 275 रुपये की मांग की। शिकायतकर्ताओं ने यह राशि भी जमा कर दी, लेकिन इसके बावजूद ऑर्डर तय पते तक नहीं पहुंचा। आयोग ने लगाया भारी जुर्माना आयोग ने कंपनी को आदेश दिया कि वह 1031 रुपये की पूरी राशि 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित लौटाए। इसके अलावा मानसिक पीड़ा और मुकदमेबाजी खर्च के लिए शिकायतकर्ताओं को 2000-2000 रुपये अलग से दिए जाएं। यह भुगतान 60 दिनों के भीतर करना होगा, अन्यथा ब्याज दर बढ़ाकर 8 प्रतिशत कर दी जाएगी। उपभोक्ता आयोग का यह फैसला सिर्फ एक केक की डिलीवरी का मामला नहीं है, बल्कि ई-कॉमर्स कंपनियों की जवाबदेही पर अहम टिप्पणी भी है। ऑडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर कंपनी के दावों को खारिज करना दिखाता है कि उपभोक्ता अगर साक्ष्य जुटाकर रखें तो डिजिटल कारोबारियों को भी जवाबदेह ठहराया जा सकता है।

### कंपनी ने पैसा लौटाने से किया मना

जब ग्राहकों ने रिफंड मांगा, तो कंपनी ने दावा किया कि डिलीवरी की कोशिश की गई थी, लेकिन रिसीवर ने सामान लेने से इनकार कर दिया। साथ ही कंपनी ने अपनी शर्तों का हवाला देते हुए पैसे लौटाने से भी मना कर दिया। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं ने कंपनी के कर्मचारियों के साथ हुई बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग आयोग के सामने पेश की। इन रिकॉर्डिंग्स के आधार पर आयोग ने कंपनी के दावों को खारिज कर दिया।

# भारतीय शेयर बाजार में पूरे हफ्ते दिखा उतार-चढ़ाव का खेल

## भारी बिकवाली के बीच भी दिखी खरीदारी की चमक, कुछ सेक्टरों ने दी संजीवनी

एजेंसी

**मुंबई।** बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार के लिए अत्यधिक उतार-चढ़ाव और अप्रत्याशित झटकों से भरा रहा, जहां वैश्विक भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और घरेलू आर्थिक संकेतकों ने बाजार की चाल तय की। निवेशकों को हर दिन बाजार की शुरूआती गिरावट और फिर दिन के अंत में शानदार रिकवरी या इसके विपरीत शुरूआती तेजी के बाद सुस्त समापन जैसे नाटकीय परिवर्तन देखने को मिले। पश्चिमी एशिया में तनाव, कच्चे तेल की कीमतें, डॉलर के मुकाबले रुपये की रिकॉर्ड गिरावट और विदेशी फंड के प्रवाह जैसे कारकों ने बाजार की दिशा को लगातार प्रभावित किया, जिससे यह सप्ताह वैश्विक संकेतों और घरेलू लचीलेपन के बीच झूलता रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज लाल निशान के साथ खुला, जहां सेंसेक्स 900 से अधिक अंक और निफ्टी 255 से अधिक अंक गिर गया। डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया अपने रिकॉर्ड निचले स्तर 96.33 (अस्थायी) पर पहुंच गया, जिसने निवेशकों की चिंता और बढ़ा दी। हालांकि, बाजार ने दिन के अंत तक जबरदस्त वापसी करते हुए निवेशकों को चौंका दिया। सेंसेक्स मामूली रूप से 77.05 अंकों की वृद्धि दर्ज कर हरे निशान पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी में भी 6.45 अंकों की बढ़त रही। मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान पर नियोजित सैन्य हमले रोकने और समझौते की संभावना जताने की खबर ने बाजार में एक नई उम्मीद जगाई। इस सकारात्मक खबर के दम पर भारतीय शेयर बाजार ने शुरूआती कारोबार में जोरदार तेजी दर्ज की। सेंसेक्स 366.71 अंक उछलकर




75,706.88 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी में भी 107.45 अंकों की बढ़त दर्ज हुई। लेकिन यह तेजी भी दिन के अंत तक कायम नहीं रह पाई। शुरूआती बढ़त गंवाकर दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान पर बंद हुए, सेंसेक्स 75,200.85 और निफ्टी 23,618.00 पर कारोबार समाप्त हुआ। बुधवार को भारतीय शेयर बाजार एक बार फिर भारी बिकवाली के दबाव में खुले। बाजार विशेषज्ञों ने कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, कमजोर होती मुद्रा और महंगाई की चिंताओं को निवेशकों की धारणा पर भारी पड़ने वाला बताया। निफ्टी 50 और बीएसई सेंसेक्स दोनों में शुरूआती कारोबार में बड़ी गिरावट दर्ज हुई। हालांकि, प्रमुख एशियाई बाजारों में छाई सुस्ती और कमजोरी के बावजूद, भारतीय बाजारों ने जबरदस्त लचीलापन दिखाया। तेल व गैस, ऑटो और वित्तीय क्षेत्र के शेयरों में हुई जोरदार खरीदारी के दम पर घरेलू सूचकांकों ने दिन के निचले स्तरों से शानदार रिकवरी की और अंततः हरे निशान में बंद होने में सफल रहा।

सेंसेक्स 117.54 अंकों की बढ़त के साथ 75,318.39 और निफ्टी 41 अंकों की बढ़त के साथ 23,659 पर बंद हुआ। गुरुवार की स्थिरता और शुक्रवार का सकारात्मक समापन गुरुवार को पश्चिम एशिया संघर्ष के जल्द समाप्त होने की उम्मीदों के बीच तेल की कीमतों में नरमी और वैश्विक बाजारों में आई तेजी के कारण बेंचमार्क इक्विटी सूचकांकों में शुरूआती तेजी देखी गई। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने अच्छी बढ़त के साथ कारोबार शुरू किया। हालांकि, दिन का अंत बेहद सुस्त माहौल में हुआ। पूरे दिन के उतार-चढ़ाव के बाद दोनों प्रमुख सूचकांक लगभग सपाट स्तर पर बंद हुए, सेंसेक्स 135.03 अंक टूटकर 75,183.36 पर और निफ्टी महज 4.30 अंकों की मामूली गिरावट के साथ 23,654.70 पर सेटल हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को ईरान तनाव में नरमी की उम्मीद और वैश्विक आशावाद के चलते भारतीय बाजारों में तेजी जारी रही। प्रमुख एशियाई सूचकांकों में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जिससे भू-राजनीतिक तनाव में मिली संक्षिप्त राहत ने बाजार को सकारात्मक संकेत दिए। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 332.39 अंक चढ़कर 75,507.09 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 84.60 अंक बढ़कर 23,747.40 पर कारोबार कर रहा था। बैंकिंग और एनबीएफसी शेयरों में बढ़त के दम पर हफ्ते का अंत सकारात्मक रहा, सेंसेक्स 232 अंक चढ़कर 75,415 पर और निफ्टी 23,700 के पार बंद हुआ।

# पत्थर की तरह गिर रहा है भारतीय रुपया

## शेयर बाजार ने बढ़ाई टेंशन, रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है रुपया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रुपया पत्थर की तरह क्यों गिर रहा है साल 2025 की शुरुआत में डॉलर के मुकाबले विनिमय दर 85.8 रुपये थी, जो 2026 की शुरुआत तक गिरकर 90 रुपये हो गई और पिछले हफ्ते रिकॉर्ड निचले स्तर लगभग 97 रुपये तक पहुंच गई। रुपये में इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह यह है कि भारतीय शेयर बाजार अन्य उभरते बाजारों की तुलना में काफी महंगे यानी ओवरवैल्यूड हो गए हैं। इसी कारण वैश्विक निवेशक भारत से पैसा निकालकर दूसरे उभरते बाजारों और पश्चिमी देशों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर जा रहे हैं। पिछले 18 महीनों में भारतीय शेयर बाजारों से करीब 53 अरब डॉलर की निकासी हो चुकी है। विडंबना यह है कि बाजार की मजबूती ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को ऊंचे दाम पर बाहर निकलने का मौका दे रही है।

भारत का प्राइस-टू-अर्निंग अनुपात, यानी किसी शेयर की कीमत और प्रति शेयर मुनाफे का अनुपात, फिलहाल ट्रेलिंग आधार पर 22.5 और अगले वर्ष के अनुमान के हिसाब से 18.8 है। इसके मुकाबले उभरते बाजारों का औसत केवल 15-16 है। चीन का पी/इ 12-14, दक्षिण कोरिया का 10-12 और ब्राजील का 8-10 है। इसका मतलब यह है कि भारतीय बाजार उभरते बाजारों के औसत से 40-60 प्रतिशत, चीन से 70-90 प्रतिशत, कोरिया से 100 प्रतिशत से ज्यादा और ब्राजील से करीब 150 प्रतिशत प्रीमियम पर कारोबार कर रहे हैं।



भारत की विकास संभावनाएं निश्चित रूप से बेहतर हैं, लेकिन इसके बावजूद बाजार जरूरत से ज्यादा महंगे दिखाई देते हैं। यही कारण है कि वैश्विक पूंजी भारत छोड़ रही है। विदेशी निवेश की यह निकासी अब प्रत्यक्ष विदेशी निवेश तक भी फैल गई है। वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार सकल 81 अरब डॉलर था, लेकिन शुद्ध एफडीआई एक अरब डॉलर से भी कम रहा। आरबीआई के मई बुलेटिन के मुताबिक एफवाय26 में सकल एफडीआई बढ़कर 95 अरब डॉलर पहुंच गया, लेकिन शुद्ध प्रवाह केवल 7.7 अरब डॉलर रहा। एफडीआई के दो तरह के बहिर्वाह हो रहे हैं। पहला, भारतीय कंपनियों का विदेशों में निवेश करना, जिसे आउटवर्ड FDI कहा जाता है। यह सकारात्मक संकेत है कि भारतीय कंपनियां बहुराष्ट्रीय बन रही हैं। यह निवेश 2020-21 के 11 अरब डॉलर से बढ़कर 2026 में 33 अरब डॉलर हो गया है। लेकिन ज्यादा चिंता की बात विदेशी कंपनियों और निवेशकों द्वारा अपने निवेश को वापस ले जाना और हिस्सेदारी बेचकर पैसा निकालना है। यह रकम 27 अरब डॉलर से बढ़कर रिकॉर्ड 53 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। यह मुनाफे और रॉयल्टी की अलग से होने वाली निकासी के अतिरिक्त है।

### मिडिल क्लास ने संभाला बाजार

पहले इतनी बड़ी विदेशी निकासी से बाजार बुरी तरह टूट जाते। लेकिन अब भारत का मिडिल क्लास शेयर बाजारों में भारी निवेश कर रहा है। लोग सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान के जरिए हर महीने नियमित निवेश कर रहे हैं, चाहे बाजार ऊपर हो या नीचे। फंड मैनेजरों ने निवेशकों को यह भरोसा दिलाया है कि बाजार को समय देने की कोशिश करने के बजाय हर महीने तय रकम निवेश करना बेहतर रणनीति है। इसी का असर है कि निवेश लगातार बढ़ रहा है। 2025 की शुरुआत में जहां मासिक निवेश 20,000 करोड़ रुपये था, वहीं मार्च 2026 तक यह बढ़कर 32,087 करोड़ रुपये पहुंच गया।

# 9 साल का टूटा रिकॉर्ड, भारत में विदेशी कंपनियों की ताबड़तोड़ एंट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बाजार में विदेशी कंपनियों की एंट्री पिछले नौ सालों के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। सिंगापुर, अमेरिका और ब्रिटेन इस मामले में सबसे आगे हैं। कुछ नए देश भी पहली बार इसमें शामिल हुए हैं। ईटी के विश्लेषण से इसका पता चलता है। उसने कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के डेटा का विश्लेषण किया है। डेटा के मुताबिक, भारत में काम करने वाली विदेशी कंपनियों की संख्या में हालिया उछाल मुख्य रूप से सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया और जर्मनी स्थित व्यवसायों से आया है। जापान के साथ मिलकर इन पांच देशों का वित्त वर्ष 2025-26 में भारत में कुल विदेशी कंपनी रजिस्ट्रेशन में आधे से ज्यादा हिस्सा रहा। इससे यह संख्या नौ साल के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। 13 नए रजिस्ट्रेशन के साथ सिंगापुर सबसे बड़ा कॉन्ट्रिब्यूटर रहा। वित्त वर्ष 2024-25 में यह संख्या सात थी। इसके बाद अमेरिका 10 रजिस्ट्रेशन के साथ दूसरे पायदान पर रहा। ब्रिटेन ने नौ रजिस्ट्रेशन के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। जर्मनी ने आठ रजिस्ट्रेशन के साथ ग्रोथ का नेतृत्व किया। वित्त वर्ष 2024-25 के एक रजिस्ट्रेशन से बढ़कर यह संख्या आठ हो गई। वहीं, दक्षिण कोरिया की संख्या चार से बढ़कर आठ हो गई। जापान की संख्या आठ से घटकर सात रह गई। पिछले वित्त वर्ष में भारत में विदेशी कंपनियों का रजिस्ट्रेशन बढ़कर नौ साल के सबसे ऊंचे स्तर 101 पर पहुंच गया। यह वित्त वर्ष 2024-25 के 57 रजिस्ट्रेशन से अधिक था। वित्त वर्ष 2016-17 में यह संख्या 103 थी। भारतीय कंपनी अधिनियम , 2013 के अनुसार, एक विदेशी कंपनी वह इकाई है जिसका निगमन विदेश में हुआ हो और जो भारत




में अपना व्यवसाय खुद या किसी एजेंट के जरिये ऑपरेट करती है। दक्षिण अफ्रीका, घाना और उज्बेकिस्तान ने वित्त वर्ष 2025-26 में पहली बार भारत में अपनी कंपनियों का रजिस्ट्रेशन कराया। सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी और जापान भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के टॉप 10 स्रोतों में भी शामिल हैं। सामूहिक रूप से इन पांच देशों ने वित्त वर्ष 2025-26 (दिसंबर तक) में कुल एफडीआई इक्विटी प्रवाह में 62.4 प्रतिशत का योगदान दिया।

### चीन का यह रहा नंबर

डेटा से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2025-26 में चीन आठवें स्थान पर रहा, जहां से तीन रजिस्ट्रेशन हुए। जबकि पिछले तीन वर्षों में यह संख्या शून्य थी।

औसतन, वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2025-26 के बीच भारत में चीनी कंपनियों का रजिस्ट्रेशन घटकर सालाना दो रह गया। यह वित्त वर्ष 2018-20 की अवधि के दौरान सालाना नौ था।

हिस्सा कुल विदेशी रजिस्ट्रेशन में लगभग 90 प्रतिशत रहा। जबकि उद्योग का हिस्सा (जिसमें मैन्युफैक्चरिंग, माइनिंग और उत्खनन, बिजली, गैस और जल आपूर्ति शामिल हैं) 10 प्रतिशत रहा। सेवा क्षेत्र में व्यावसायिक सेवाएं, सामुदायिक, व्यक्तिगत और सामाजिक सेवाएं, रियल एस्टेट और किराया, व्यापार, परिवहन, भंडारण और संचार के साथ वित्त और बीमा शामिल हैं।

# भारत में अब अमेरिका से आ रहा अंधाधुंध पैसा, एफडीआई में मॉरीशस छूटा पीछे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मामले में अमेरिका दूसरा सबसे बड़ा सोर्स बनकर उभरा है। पिछले वित्त वर्ष (2025-26) के दौरान अमेरिका ने मॉरीशस को पीछे छोड़ दिया। कंपनियों द्वारा टैक्स-फ्रेंडली देशों (टैक्स हेवन) के रास्ते फंड रूट करने के बजाय सीधे भारत में निवेश करने के फैसले के चलते 2025-26 में अमेरिका से इक्विटी निवेश दोगुने से अधिक बढ़कर 11 अरब डॉलर के पार पहुंच गया। भारत में एफडीआई के मामले में सिंगापुर अभी भी पहले स्थान पर है। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक वित्तीय सेवा क्षेत्र में बड़े निवेश के चलते जापान से आने वाले निवेश में भी भारी उछाल देखा गया। हाल ही में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि अमेरिकी कंपनियों ने हाल के महीनों में करीब 60 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

### निवेश के पैटर्न में आया बदलाव




मॉरीशस के साथ टैक्स संधि में संशोधन के बाद से भारत में निवेश के लिए सिंगापुर सबसे पसंदीदा रूट बनकर उभरा है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान कुल इक्विटी प्रवाह में सिंगापुर की हिस्सेदारी करीब एक-तिहाई रही। निवेशक टैक्स हेवन देशों को पूरी तरह नजरअंदाज नहीं कर रहे हैं। केमैन आइलैंड्स से भारत में होने वाला निवेश 2024-25 के 371 मिलियन डॉलर से बढ़कर पिछले साल 2.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि, अधिकारियों का मानना है कि ऐसा कुछ चुनिंदा बड़े निवेशों के कारण हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया, हम आत्मनिर्भरता बढ़ाने से जुड़ी चुनौतियों पर लगातार काम कर रहे हैं, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां हमारी सप्लाई चेन (आपूर्ति श्रृंखला) गंभीर रूप से कुछ खास भौगोलिक क्षेत्रों (देशों) पर निर्भर हैं।

# नाइट्रोजन उर्वरकों की आपूर्ति ठप होने के बाद इंसान के पेशाब की मांग, खाद संकट में किसानों ने तलाशे अनोखे विकल्प

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान-अमेरिका तनाव के चलते वैश्विक स्तर पर पारंपरिक नाइट्रोजन उर्वरकों (खाद) की आपूर्ति ठप होने के बाद दुनिया भर के किसान फसलों को बचाने के लिए नए और अनोखे विकल्प तलाश रहे हैं। ब्लूमबर्ग के मुताबिक रासायनिक खादों जैसे यूरिया की आसमान छूती कीमतों के बीच अब इंसानी पेशाब , मुर्गे की बीट और केंचुआ खाद जैसे प्राकृतिक और जैविक विकल्प अचानक भारी मांग में आ गए हैं। दुनिया भर में इस्तेमाल होने वाले कुल यूरिया (एक प्रमुख नाइट्रोजन उर्वरक) का लगभग एक-तिहाई हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से आता है। होर्मुज जलडमरूमध्य पर नाकेबंदी के चलते यूरिया की कीमतें कई सालों के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। वहीं इस नाकेबंदी के कारण सप्लाई भी प्रभावित हुई है। ऐसे में किसानों ने दूसरे विकल्प तलाशने शुरू कर दिए हैं।

### कितनी पहुंची कीमत

मिस्र का यूरिया युद्ध शुरू होने के बाद से 90 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 940 डॉलर प्रति टन पर पहुंच गया है। विश्व बैंक का अनुमान है कि इस साल उर्वरक की कीमतों में करीब एक-तिहाई (30 प्रतिशत) की बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे खाद्य संकट गहराने का डर है। वहीं संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि इसके कारण 4.5 करोड़ अतिरिक्त लोग



गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना कर सकते हैं। कृत्रिम उर्वरकों ने एक सदी से वैश्विक खाद्य उत्पादन को संभाला हुआ है। ऐसा कोई सबूत नहीं है कि आप इन्हें पूरी तरह हटा दें और पैदावार भी उतनी ही बनी रहे। इस संकट का कोई जादुई इलाज नहीं है।

### जेम्स मिल्स, ब्रिटिश किसान

इस संकट ने उन जैविक उत्पादों (बायो फर्टिलाइजर्स) को एक बड़ा मौका दे दिया है, जिन्हें किसान अब तक रासायनिक खादों से कमजोर मानते थे। इससे कई स्टार्टअप को भी ग्रोथ के मौके मिल सकते हैं। फ्रांस के स्टार्टअप टूपी ऑर्गेनिक्स ने स्कूलों और त्योहारों से इंसानी पेशाब इकट्ठा कर उसे एक ऐसे बैक्टीरिया फीड में बदलना शुरू किया है जो पौधों को बढ़ने में मदद करता है। फरवरी के बाद से कंपनी की बिक्री में 25 प्रतिशत का उछाल आया है। कंपनी के प्रतिनिधि फ्रांस्वा जेरार्ड ने कहा कि युद्ध हमारे बिजनेस के लिए वरदान साबित हुआ है। कच्चे माल के रूप में पेशाब हर जगह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।

### मुर्गे की बीट और केंचुए

मलेशिया की डेयरी कंपनी फार्म फ्रेश बीएचडी गाय-भैंसों के मलमूत्र को केंचुओं को खिलाती है, जिससे तैयार खाद घास को उपजाऊ बनाती है। अब वे इसमें मुर्गे की बीट भी मिला रहे हैं। ब्रिटेन के किसान जेम्स मिल्स बताते हैं कि अब मुर्गे की बीट बेचने वालों के पास खरीदारों की लंबी लाइन लगी है।

### सस्ते जैविक विकल्प

अमेरिकी कंपनी पिवट बायो ने अपने जैविक खादों के दाम 15 प्रतिशत तक घटा दिए हैं। इससे अमेरिकी किसानों को पारंपरिक खादों के मुकाबले 65 प्रतिशत तक की बचत हो रही है। पिवट बायो को बिल गेट्स का भी समर्थन प्राप्त है।

### सरकारें भी दे रहीं बढ़ावा

उर्वरकों की भारी किल्लत को देखते हुए यूरोपीय संघ ने इस सप्ताह एक नई फर्टिलाइजर स्ट्रेटेजी पेश की है। इसके तहत रासायनिक खादों के बजाय बायो-बेस्ड यानी जैव-आधारित उर्वरकों और बायोगैस से निकलने वाले कचरे के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## दिग्गज का दावा- दो महीने से ज्यादा नहीं रहेगा पश्चिम एशिया संघर्ष का असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने शनिवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर दो महीने से ज्यादा नहीं रहेगा। उद्योगों के बड़े कैपिटल एक्सपेंडिचर के दम पर भारत की ग्रोथ स्टोरी जारी रहेगी। जिंदल इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) नागपुर के 10वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि बनकर पहुंचे थे। जिंदल ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उद्योग लंबी अवधि की योजनाओं पर फोकस करते हैं। उन्होंने वित्त वर्ष 2026-27 में कैपिटल एक्सपेंडिचर को लेकर अपनी उम्मीदों और निवेश पर पश्चिम एशिया संघर्ष के असर के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब दिए। जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन ने संघर्ष को लेकर कही ये बातें सज्जन जिंदल ने कहा कि : पश्चिम एशिया का संघर्ष भारत की इंडस्ट्रियल ग्रोथ के लिए एक छोटा सा झटका है। हालांकि, हर कोई समझता है कि यह अस्थायी है। यह एक हफ्ते या एक महीने में, या अधिक-से-अधिक दो महीने में खत्म हो सकता है। जिंदल ने कहा कि उद्योग बहुत लंबी अवधि के लिए योजनाएं बनाते हैं, जो 20, 25 या 50 साल तक की हो सकती हैं। उन्होंने कहा, 'इसलिए, भारत की ग्रोथ का सफर जारी रहेगी। उद्योगों की ओर से भारी पूंजीगत खर्च किया जा रहा है। अब पूंजीगत खर्च की रफ्तार बढ़ रही है क्योंकि ज्यादातर कंपनियों के बहीखाते बहुत मजबूत हैं।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेशी मुद्रा बचाने के आह्वान में उद्योगों की भूमिका पर पूछे गए सवाल पर जिंदल ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' पहल ही विदेशी मुद्रा बचाने में मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उन प्रमुख पहलों में से एक हैं जिन्हें जेएसडब्ल्यू ग्रुप तेल आयात कम करने और ई-परिवहन की ओर बदलाव को प्रोत्साहित करने के प्रधानमंत्री के नजरिये के अनुरूप आगे बढ़ा रहा है।

## जिनगी



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

**कतइ** जखम देके
सताबे जिनगी,
जा रे कहीं दुसर
बटे'जाबे जिनगी।
मोर गरीबी कर
तमासा बनाय ,
सउब देखैना रे
ताना मारैं ,
आउर कतइ दुख में
जियाबे जिनगी।
कतइ जखम देके
सताबे जिनगी,
जा रे कहीं दुसर
बटे'जाबे जिनगी।

टपर - टिपीर चुवेला
आब तो मोर घर,
भुखे नइ चलेला
तनिको ले जोर।
मांय बाप के छोटे में
उठाले जिनगी,
जा रे कहीं दुसर
बटे जाबे जिनगी।
कतइ जखम देके
सताबे जिनगी,
जा रे कहीं दुसर
बटे जाबे जिनगी।

कागज कलम कोपी
धइर चललों डहर,
दुनिया देखी हांसैना
समझैं कमजोर।
पिंजरा कर कैद से
उड़लों जिनगी,
अपन बल - बुते
पोहंइच गेलों बुलंदी।
कतइ जखम देके
सताबे जिनगी,
जा रे कहीं दुसर
बटे'जाबे जिनगी।

# श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में अन्नपूर्णा महापरसाद कर आयोजन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** पुंदाग कर श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में अन्नपूर्णा सेवा महापरसाद कर आयोजन एतवार के करल गेलक। कार्जकरम में हजारों सरधालुमन भाग लेइ के भगवान श्री राधा-कृष्ण कर आसिरबाद प्राप्त करलयं। ई अवसर में मंदिर में श्री राधा रानी कर दिबु आउर अलौकिक सिंगार आकरसक आभूसन आउर मनोहारी फूल से करल गेलक। मंदिर कर पुजारी अरविंद कुमार पांडेय द्वारा बिधिवत पूजा-अर्चना आउर मंत्रोच्चार कर संगे महापरसाद कर भोग लगाल गेलक। इकर बाद महापरसाद में मसालेदार भेजिटेबल खिचड़ी, बोतल बंद जलजीरा सरबत आउर आलू चिप्स कर पैकेट सरधालुमन के बांटल गेलक। मंदिर परिसर में आवल लगभग 1500 से बेसी सरधालुमन सरधापूर्बक महापरसाद गरहन करलयं।

भजन संध्या कार्जकरम में ट्रस्ट कर भजन गायकमन सुमधुर आउर मनमोहक भजन कर प्रस्तुति देइ के आवल सरधालुमन के भावबिभोर कइर देलयं। भजन में सरधालु खूब झूमलयं। इकर बाद सामूहिक रूप से महाआरती कर आयोजन करल गेलक। ट्रस्ट कर प्रवक्ता सह मीडिया परभारी संजय सर्राफ बतालयं कि मंदिर में बिहाने से हे सरधालुमन कर तांता लागल रहे। सोमार के गंगा दशहरा कर अवसर में मंदिर आउर अपना घर आश्रम में बिसेस कार्जकरम कर आयोजन करल गेलक।

कार्जकरम के सफल बनायेक में डूंगरमल अग्रवाल,राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल,शिव भगवान अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ,सुरेश अग्रवाल, विशाल जालान,विष्णु सोनी, पवन पोद्दार, सुरेश भगत, ज्ञान प्रकाश शर्मा, अमिता जालान संगे अनेक सरधालुमन कर जोगदान रहे।











# एएफटीपीएस में 48वां उड़ान परीछन पाठ्यक्रम कर स्नातक समारोह

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु कर वायु सेना टेस्ट पायलट इस्कूल (एएफटीपीएस) में 48वां उड़ान परीछन पाठ्यक्रम कर समापन सनिचर के भेलक। इकर में 11 गो टेस्ट पायलट आउर 6 गो फ्लाइट टेस्ट इंजीनियर सफलतापूर्बक स्नातक बनलयं। ई अधिकारीमन 48 हप्ताह कर मजगुत आउर बहु-बिसयक परसिछ्न कार्जकरम के पूरा करलयं। ई बैच में 17 गो अधिकारी सामिल रहयं। इकर में भारतीय वायु सेना कर 14 अधिकारी, भारतीय सेना कर एगो अधिकारी आउर भारतीय नौसेना कर दू गो अधिकारी सामिल रहयं। परसिछ्न पूरा करेक कर बाद ई अधिकारी भारतीय वायु सेना कर मुध इकाई ह्यएयरक्राफ्ट एंड सिस्टम्स टेस्टिंग एस्टैब्लिशमेंटह्न कर एविएसन विंग में आपन सेवा देंबयं, जहां ऊमन अत्याधुनिक बिमान आउर परनालिमन कर परीछन आउर मूल्यांकन में महतपूर्न भूमिका निभाबयं।

वायु सेना प्रमुख आउर 17वां फ्लाइट टेस्ट कोर्स कर परतिष्ठित पूर्ब छात्र, एपी सिंह पीवीएसएम, एवीएसएम मुध गोतिया कर रूप में समारोह कर सोभा बढ़ालयं। ऊ सफल अधिकारीमन के परमान-पतर परदान करलयं। उत्कृस्ट परदरसन करेक वाला अधिकारीमन के बिभिन्न परतिष्ठित ट्रॉफी से सम्मानित करलयं। ई बछर सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीन छात्र टेस्ट पायलट ले परतिष्ठित सुरंजन दास ट्रॉफी स्क्वाड्रन लीडर के.के. सिंह, वीएम के परदान करल गेलक, जबकि उड़ान मूल्यांकन में सर्वश्रेष्ठ छात्र टेस्ट पायलट ले वायु सेना प्रमुख ट्रॉफी स्क्वाड्रन लीडर आदित्य जमदग्नि के देल गेलक। सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीन छात्र फ्लाइट टेस्ट इंजीनियर ले महाराजा हनुमंत सिंह तलवार पुरस्कार विंग कमांडर अभिनव कुमार के परदान करल गेलक।फ्लाइट मूल्यांकन में उत्कृस्ट परदरसन ले विंग कमांडर प्रणव शर्मा के डनलप ट्रॉफी आउर जमीनी मुद्दा में सर्वश्रेष्ठ परदरसन ले स्क्वाड्रन लीडर पारस शर्मा के कपिल भार्गव ट्रॉफी से सम्मानित करल गेलक।





## मताल



रामदेव बड़ाईक, रांची

दिन-महीना बितत हे,
बितत हे साल,
दिनोदिन भेत जात ही, हाम तो
कंगाल।
काम-धाम कोनो नखे ,
कइह के हेवाल,
बइस - बइस रहत ही, पचात ही
खाल।

निकम्मा रइह जात ही,
नखी खुसहाल,
जर-जमीन बेचत ही, पुरखाक
बचाल।

मोध - मास करत ही,
करत ही बवाल,
मुंहाठुठी हों करत ही, करत ही
सवाल।

बे लय - सुरे गावत ही,
नाचत ही बे ताल,
रामदेव संग रहत ही,सब कहथैं
'मताल'!

# डालसा कर सुकुरहुट्टू बाजार टांड़ में विधिक जागरुकता कार्जकरम

**जागरूक कइर के सउब के जोजना कर लाभ देवायेक उद्देस**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सुकुरहुट्टू बाजार टांड़ में विधिक जागरुकता कार्जकरम कर आयोजन एतवार के करल गेलक। ई अवसर में पीएलवी भारती शाहदेव, शरदा देवी, बबिता कुमारी, सरिता कुमारी, मालती देवी, देवंती कुमारी, फुलेश्वरी देवी, सीमा देवी, पुष्पलता देवी, भानु देवी आउर दीपेन्द्र कुमार संगे आउर अदमीमन पहुंचल रहयं। पीएलवी झालसा द्वारा संचालित जोजना मानवता, आत्मनिरभरता, तृप्ति, निरोगी भव, चेतना, साथी आउर अन्य जोजना उपरे सउब के जानकारी देलयं। ऊ कहलयं कि ई जोजनामन कर अंतर्गत सउब के निःसुल्क कानूनी सहायता, परामर्स, स्वास्थ्य आउर सामाजिक सहायता उपलब्ध कराल जाएला।

इकर अलावा पीएलवी आवल अदमीमन के बाल बिहा, बाल श्रम, रास्ट्रीय लोक अदालत, नसा उन्मूलन, डायन-बिसाही उपरे विधिक जागरुकता कइर के सउब के जागरूक करलयं। पीएलवी भारती शाहदेव आउर दीपेंद्र कुमार नालसा कर 10 गो स्कीम कर बारे में जानकारी देलयं। निःसुल्क विधिक सेवा प्राप्त करेक कर तरीका कर बारे में भी जानकारी देलयं। पीएलवी गरीब तबका कर अदमीमन के बिरधा पेंसन आउर मजदूर निबंधन कार्ड आउर उकर से होवेक वाला लाभ कर बारे में जानकारी देलयं। ऊ 12 सितंबर के आयोजित होवेक वाला रास्ट्रीय लोक अदालत कर भी जानकारी देलयं। आखरी में डालसा कर कार्जरत पीएलवी कर द्वारा पम्पलेट आउर लिफलेट बांटल गेलक।






## अंधरिया में जुगनू



– डॉ.लक्ष्मीकांत नारायण
बड़ाईक, तपकरा।

सुनसान रतिया में
जगमग कईर उठे
का दिसे रे मोर सांवरो
राती अंधरिया में जुगनू।। ध्रु।।

सिंगार रजनी कर,
झुईम उठे डगर डगर,
दमईक उठे रे मोर सांवरो
राती अंधरिया में जुगनू।। 1।।

रूनु झुनु स्वयं भरे
झिलमिल रंग परे
ठुनईक उठे रे मोर सांवरो
राती अंधरिया में जुगनू।। 2।।

नवरंगे मस्तानी
अनुपम सजनी
छमईक उठे रे मोर सांवरो
राती अंधरिया में जुगनू।। 3।।

लेत संग *नारायण*
लेवत मधु चुंबन
कुहईक उठे रे मोर सांवरो
राती अंधरिया में जुगनू।। 4।।

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com